फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 345, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 22 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अंदर - विद्रूपता के विरुद्ध 'आहतनाद '

अन्दर : रोनाल्डो के शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली ने आलोचकों पर साधा निशाना

# पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी सेंध

## नकली एनएसजी गार्ड बनकर हथियार समेत पीएम की सभा में पहुंचा आरोपी

**घोर लापरवाही**

**पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा**

**आरोपी ने बाकायदा एनएसजी का एक आई कार्ड भी दिखाया**



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से मुंबई पुलिस ने बचा लिया। एक व्यक्ति फर्जी एनएसजी गार्ड बनकर पीएम मोदी की बीकेसी रैली में पहुंच गया। उसके पास हथियार भी था। पुलिस को उसपर शक हुआ, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर जांच की गई। आरोपी के पास एनएसजी का आईडी कार्ड बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में एनएसजी से संपर्क किया तब पता लगा कि हिरासत में लिया गया आरोपी नकली सैनिक है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मामला गुरुवार का है। पीएम नरेंद्र मोदी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पहुंचने वाले थे। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी जारी की हुई थी। जिसके बाद सुरक्षाबल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने खुद को पहले सेना का गाड्र्स रेजिमेंट से नाइक होने का दावा करते हुए उच्च सुरक्षा वाले वीवीआईपी क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की जब पुलिस ने उसे शक की बुनियाद पर रोका तो उसने खुद को एनएसजी का अधिकारी बताया। इसके लिए उसने बाकायदा एनएसजी का एक आई कार्ड भी दिखाया, लेकिन उसकी हरकते संदिग्ध थी।

पुलिस ने एनएसजी को इसकी सूचना दी तो एनएसजी ने रामेश्वर के एनएसजी से किसी तरह का संपर्क होने से इनकार कर दिया। गिरफ़्तार आरोपी की जांच पड़ताल में पता चला कि रामेश्वर मिश्रा नवी मुम्बई में रहता है और उसने साइंस से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। गिरफ़्तार आरोपी की जांच पड़ताल में पता चला कि रामेश्वर मिश्रा नवी मुम्बई में रहता है और उसने साइंस से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। आरोपी रामेश्वर मिश्रा पर अब धारा 171,465,468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को शुक्रवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

अब इस मामले में मुम्बई पुलिस कैमरे पर तो ज्यादा जानकारी देने को तैयार नही है लेकिन ऑफ कैमरा एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जांच मुम्बई पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियां भी कर रही हैं इसलिए अभी ज्यादा कुछ कह नही सकते। पीएम मोदी की रैली में इस शख्स के घुसने के पीछे का मकसद क्या था, यह पूछताछ के जरिए एजेंसियां पता करने में जुटी हुई हैं। दरअसल पीएम मोदी की रैली से ठीक एक दिन पहले ही मुम्बई पुलिस ने बाकायदा सिक्योरिटी को लेकर एक एडवाइजरी जारी की थी। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही कि आरोपी ने एनएसजी का फर्जी आईडी कार्ड कहां से बनवाया? पीएम की वीवीआईपी सुरक्षा जोन में घुसने के पीछे उसकी क्या मंशा थी और वह कहां से आया था? इसके साथ ही आरोपी का बैकग्राउंड भी पता करने की कोशिश की जा रही है।

### पुलिस को थी हमले की आशंका

हालांकि मुंबई पुलिस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई दौरे के दौरान आतंकी हमले की आशंका पहले ही थी। इसके मद्देनजर मुम्बई पुलिस ने एडवाइजरी जारी की थी, जिसके तहत ड्रोन पैराग्लाइडर और लाइट माइक्रो एयरक्राफ्ट के जरिए हमले की आशंका प्रधानमंत्री मोदी के विजिट के दौरान एयरपोर्ट एमएमआरडीए ग्राउंड अंधेरी के गुंडावली और मोगरा पाड़ा इलाके में व्यक्त की गई थी। इसके साथ ही नो फ्लाइंग जोन नो पैराग्लाइडिंग जोन और नो ड्रोन जोन घोषित किया गया था। साथ ही भीड़ को कंट्रोल नियंत्रित करने के लिए उन इलाकों में प्रधानमंत्री के आसपास के हिस्से में सुरक्षा बढ़ाने के और सख्त चेकिंग के निर्देश दिए गए थे।

# मॉस्को से गोवा आ रही फ्लाइट में बम की सूचना



**हड़कंप**

**उज्बेकिस्तान डायवर्ट की गई 238 यात्री सवार, गोवा एयरपोर्ट पर बढ़ाई गई सुरक्षा**

**मुंबई।** रूस की राजधानी मॉस्को से गोवा आ रही एक चार्टर्ड फ्लाइट में बम की सूचना मिली है। विमान को इसके बाद उज्बेकिस्तान डायवर्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, विमान में 240 यात्री सवार हैं। बताया गया है कि यह फ्लाइट दक्षिण गोवा के दबोलिम एयरपोर्ट पर सुबह 4.15 बजे लैंड होने वाला था। बताया गया है कि विमान में यात्रियों के अलावा सात क्रू के सदस्य भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट अे2463 जिसका संचालन अजुर एयर की तरफ से किया जाता है, उसे भारतीय हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही डायवर्ट कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, दबोलिम एयरपोर्ट निदेशक को रात करीब 12.30 बजे एक ईमेल के जरिए इस फ्लाइट में बम रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ही इसे डायवर्ट कराया गया।

दूतावास पर्म से गोवा के लिए अजूर एयर की उड़ान अे2463 के आसपास की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। जानकारी के मुताबिक, कथित बम की सूचना के बाद उज्बेकिस्तान में विमान की आपात लैंडिंग की गई। विमान की जांच की जा रही है। फिलहाल, एयरलाइन कंपनी होटलों में यात्रियों के ठहरने की तैयारी कर रही है। वास्को के डिप्टी एसपी सलीम शेख के मुताबिक, बम की सूचना वाला ईमेल मिलने के बाद दबोलिम एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी कर दिया गया और गोवा पुलिस, क्विक रिस्पॉन्स टीम और एटीएस के साथ डॉग स्क्वॉड को एहतियात के तौर पर तैनात कर दिया गया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
0542-2381600, 2967700, 8318650589
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN

# मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर लगी रोक

**कार्रवाई**

**केंद्र सरकार ने ट्वीट्स को ब्लॉक करने का दिया आदेश कहा-बीबीसी की यह डॉक्यूमेंट्री छवि बिगाड़ने वाली**

**आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किए गए निर्देश**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम मोदी को लेकर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री द मोदी क्वेश्चन को शेयर करने वाले ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। डॉक्यूमेंट्री की जांच में पाया गया कि यह छवि बिगाड़ने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री के यूट्यूब के लिंक जिन ट्वीट के जरिए शेयर किए गए हैं, उनको भी ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से यह निर्देश जारी किए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। वहीं, मंत्रालय ने कहा कि बीबीसी ने इसे भारत में उपलब्ध नहीं कराया। कुछ यूट्यूब चैनल ने इसे अपलोड किया। ऐसा लगता है कि भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए इसे अपलोड किया गया है। बताया जा रहा है कि यूट्यूब ने भी वीडियो को फिर से अपने प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने पर ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। ट्विटर ने भी अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो के लिंक वाले ट्वीट्स की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आदेश दिया है कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के पहले एपिसोड के यूट्यूब पर शेयर किए गए सभी वीडियो को ब्लॉक किया जाए। ट्विटर को बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन के यूट्यूब वीडियो के लिंक वाले 50 से अधिक ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है। यह निर्देश आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किए गए।

यूट्यूब और ट्विटर दोनों ने इनका पालन किया है। बता दें कि यह डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन के पब्लिक ब्रॉडकास्टर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की ओर से बनाई गई है। भारत सरकार ने इसे प्रधानमंत्री मोदी और देश के खिलाफ प्रोपेगैंडा बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफ्रिंग में कहा था कि हम नहीं जानते कि डॉक्यूमेंट्री के पीछे क्या एजेंडा है, लेकिन यह निष्पक्ष नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्रचार है। बीबीसी ने 17 जनवरी को द मोदी क्वेश्चन डॉक्यूमेंट्री का पहला एपिसोड यूट्यूब पर रिलीज किया था। दूसरा एपिसोड 24 जनवरी को रिलीज होना था। इससे पहले ही केंद्र सरकार ने पहले एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया।

### बीबीसी के खिलाफ 300 से ज्यादा पूर्व जज और नौकरशाहों ने खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री की पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व नौकरशाहों और पूर्व सैनिकों के एक समूह ने आलोचना की। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री को एक देशभक्त के खिलाफ प्रेरित आरोप पत्र करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह भारत में पिछले ब्रिटिश साम्राज्यवाद का मूलरूप है जो खुद को हिंदू-मुस्लिम तनाव को पुनर्जीवित करने के लिए न्यायाधीश और जूरी दोनों के रूप में स्थापित करता है। यह ब्रिटिश राज की 'फूट डालो और राज करो' की नीति की उपज है। बीबीसी की दो भागों वाली डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' में दावा किया गया है कि इसमें 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े कुछ पहलुओं की जांच की गई है, तब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। सूत्रों के अनुसार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के लिंक साझा करने वाले कई यूट्यूब वीडियो और ट्विटर पोस्ट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए हैं। 13 पूर्व न्यायाधीशों, राजनयिकों सहित 133 पूर्व नौकरशाहों और 156 पूर्व सैनिकों के हस्ताक्षर वाला एक बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह डॉक्यूमेंट्री एक तटस्थ आलोचना या रचनात्मक स्वतंत्रता या सत्ता विरोधी दृष्टिकोण का उपयोग करने के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा, बीसीसी सीरीज न केवल भ्रमपूर्ण और स्पष्ट रूप से एकतरफा रिपोर्टिंग पर आधारित है, बल्कि यह एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के अस्तित्व की 75 साल पुरानी इमारत के आधार पर सवाल उठाती है।

# जी-20 समिट के लिए वॉकथॉन सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी

**आयोजन**

**सीएम योगी बोले-पीएम मोदी का नेतृत्व ही दुनिया को संकट से उबार सकता है**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार शहरों में फरवरी माह से आयोजित होने जा रहे जी-20 सम्मेलन को लेकर व्यापक जनजागरूकता का प्रसार करने के लिए शनिवार को 'रन फॉर जी-20 वॉकाथन' का आयोजन किया गया। इस दौरान राजधानी लखनऊ सहित आगरा, वाराणसी और गौतम बुद्धनगर में वॉकाथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह 9 बजे अपने पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से फ्लैग ऑफ करके एक साथ चारों शहरों में वॉकाथन का शुभारंभ किया। फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को जी-20 सम्मेलन के आतिथ्य का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के जरिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की छवि, यहां की संस्कृति, खानपान और डिजिटल यूपी को प्रदर्शित करने का अवसर हमें मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य और एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के संकल्प के साथ इस वर्ष भारत में जी-20 सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में जी-20 सम्मेलन के अलग-अलग दिवसों पर कुल 11 बैठकों का आयोजन होगा। जी-20 सम्मेलनों के उपलक्ष्य में आज से प्रदेश में व्यापक तौर पर कार्यक्रमों की शृंखला शुरू हो रही है। आज वॉकाथन और मिनी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित चार शहरों में जी-20 की कुल 11 मीटिंग्स होनी है, उनके प्रति आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस अवसर पर लखनऊ, वाराणसी, आगरा और गौतम बुद्धनगर के जिलों में इसमें भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों, जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश आजादी का अमृत महोत्सव उत्साह मना रहा है। इसके साथ ही अनेक उपलब्धियां हमें प्राप्त होती दिख रही हैं।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने किया सरेंडर

**अजीत सिंह हत्याकांड**

**25 हजार रुपये के बांड पर मिली जमानत, हत्यारों की मदद करने का आरोप**



**लखनऊ।** अजीत सिंह हत्याकांड में आरोपी रहे पूर्व सांसद व बाहुबली धनंजय सिंह ने शुक्रवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। हालांकि, उन्हें जमानत मिल गई है। धनंजय सिंह को 25-25 हजार के दो पर्सनल बांड पर जमानत दी गई है। इस दौरान उसके कई समर्थक और वकील मौजूद रहे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह की लखनऊ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। धनंजय पर हत्यारों की मदद करने का आरोप था।

अजीत सिंह हत्याकांड मामले में धनंजय सिंह को कोर्ट भगोड़ा भी घोषित कर चुकी है। राजधानी लखनऊ में विभूति खंड स्थित कठौता चौराहे पर छह जनवरी 2021 को शाम 8.30 बजे ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर अजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसमें उसका साथी मोहर सिंह और एक राहगीर आकाश यादव भी घायल हुआ था। मोहर सिंह की तहरीर पर आजमगढ़ के अखंड सिंह व कुंटू सिंह, शूटर गिरधारी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में जांच के दौरान 11 और आरोपी बनाए। इनमें पूर्व सांसद धनंजय सिंह, उनका करीबी विपुल सिंह और शूटर रवि यादव शामिल था जबकि इस हत्याकांड के मुख्य शूटर गिरधारी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

# एक व्यक्ति, एक कार का नियम लागू करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति, एक कार का नियम लागू करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में एक व्यक्ति के दूसरा वाहन खरीदने की सूरत में पर्यावरण कर वसूले जाने की भी मांग की गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे नीति से संबंधित हैं। पीठ ने कहा, वर्तमान मामले में भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका में जो मुद्दे उठाए गए हैं, वे नीति से संबंधित हैं। इसलिए, हम याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतों को रखने के लिए स्वतंत्र हैं। उच्चतम न्यायालय गैर-सरकारी संगठन सुनामी ऑन रोड्स की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें वायु प्रदूषण के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहल के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# राजनीतिक दलों को दिलाई आचार संहिता की याद

## चुनाव आयोग ने कहा-प्रचार के लिए न हो पूजास्थलों का इस्तेमाल

**सलाह**

**आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा**

**धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1988 की धारा 3, 5 और 6 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक की कैद और जुर्माने का प्रावधान**




**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव और विभिन्न उपचुनाव होने हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने अपने क्षेत्रीय तंत्र और राजनीतिक दलों को कानून और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की याद दिलाई है, जो चुनाव प्रचार के लिए पूजा स्थलों के किसी भी तरह के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं।

आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 19 जनवरी को पत्र लिखा। इसमें चुनाव आयोग ने उन्हें इस मुद्दे पर 2012 के निर्देशों की याद दिलाई, जिनमें कहा गया था कि आदर्श आचार संहिता के मौजूदा प्रावधान किसी भी तरह से चुनाव प्रचार के लिए एक मंच के रूप में पूजा स्थलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हैं। पत्र में कहा गया है, 'इसके अलावा, धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1988 की धारा 3, 5 और 6, किसी भी राजनीतिक विचारों या राजनीतिक गतिविधि के प्रचार या प्रचार या किसी भी राजनीतिक दल के लाभ के लिए धार्मिक संस्थानों या धार्मिक संस्थानों के धन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाती है।'

इसमें कहा गया है कि इनमें से किसी भी धारा के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक की कैद और जुमार्ने का प्रावधान है। पत्र की एक प्रति सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के नेताओं को भेजी गई है। आयोग चाहता है कि मौजूदा कानून के प्रावधानों को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव के दौरान इन प्रावधानों के किसी भी उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाए और धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग की रोकथाम) अधिनियम की उक्त धाराओं के तहत किसी भी अपराध की स्थिति में संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी/शिकायत दर्ज की जाए। ₹ आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से यह भी कहा कि वे चुनाव संहिता और कानून के प्रावधानों को राजनीतिक दलों की राज्य इकाइयों सहित उनके राज्यों में स्थित सभी राजनीतिक दलों को उनकी जानकारी के लिए प्रसारित करें। वहीं नागालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी शशांक शेखर ने आज शनिवार को कोहिमा में व्यय निगरानी उपाय के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 28 लाख रुपये के खर्च की सीमा का पालन करने की भी जानकारी दी। त्रिपुरा में 16 फरवरी, नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होंगे और मतगणना दो मार्च को होगी। नगालैंड और मेघालय के साथ ही लोकसभा की एक और विधानसभा की छह सीटों पर 27 फरवरी को उपचुनाव होगा।

# डब्ल्यूएफआई की जनरल काउंसिल की बैठक आज

**प्रस्तावित**

**अध्यक्ष के तौर पर नहीं शामिल होंगे बृजभूषण सिंह**

**गोंडा।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन शोषण के आरोपों के बीच भारतीय कुश्ती संघ की जनरल काउंसिल की बैठक रविवार को प्रस्तावित है। 54 सदस्यों वाली जनरल काउंसिल की यह बैठक गोंडा जिले के बस्ती-अयोध्या हाइवे पर रायल हेरिटेज होटल में होनी है। यह जानकारी फेडरेशन के संयुक्त सचिव विनोद तोमर ने दी।

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष के तौर पर बृजभूषण शरण सिंह बैठक में नहीं शामिल होंगे, लेकिन सभी सदस्यों के बीच अपनी बात रखने के लिए वह बैठक में मेहमान के तौर पर मौजूद रहेंगे। विनोद तोमर ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे होने वाली जनरल बॉडी की मीटिंग में कुश्ती की बेहतरी पर चर्चा होगी। साथ ही अगली चैम्पियनशिप की रूप रेखा बनेगी और भविष्य में कहां-कहां ट्रायल कैम्प आयोजित किए जाने हैं, इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। गोंडा जिले के नन्दिनी नगर में सीनियर नेशनल ओपेन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट का आज से शुभारंभ हो गया। यह आयोजन तीन दिन तक चलेगा।

# कुश्ती संघ के अतिरिक्त सचिव को किया सस्पेंड

**कार्रवाई**

**पहलवानों के धरने के बाद खेल मंत्रालय ने लिया ऐक्शन**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पहलवानों के धरने और उत्पीड़न के आरोपों के बाद खेल मंत्रालय ने शनिवार (21 जनवरी) को कुश्ती संघ के अतिरिक्त सचिव विनोद तोमर को सस्पेंड कर दिया है। खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा शिकायतें विनोद तोमर से ही थी। पहलवानों ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बातचीत के बाद अपना धरना समाप्त करने का फैसला किया था। इस बातचीत के बाद एक कमेटी की घोषणा की गई जो 4 हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। साथ ही जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक कुश्ती संघ का काम भी कमेटी देखेगी। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े मामले पर निगरानी समिति चार सप्ताह में रिपोर्ट देगी।

इस मामले पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अतिरिक्त सचिव विनोद तोमर ने शनिवार को महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए तोमर ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाए थे, लेकिन उन्होंने अपने दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया है। विनोद तोमर ने कहा कि उन्होंने (बृजभूषण शरण सिंह) इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन जब तक जांच होगी उन्होंने अपने आपको खुद फेडरेशन की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से अलग कर लिया है ताकि जांच में कोई बाधा ना आए।

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह निगरानी समिति की ओर से मामले की जांच किए जाने तक पद की जिम्मेदारियों से हट जाएंगे। डब्ल्यूएफआई ने खेल मंत्रालय से कहा था कि अध्यक्ष सहित किसी के भी व्यक्तिगत रूप के डब्ल्यूएफआई में मनमानी करने या कुप्रबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। महासंघ ने कहा प्रदर्शन करने वाले पहलवान डब्ल्यूएफआई के मौजूदा प्रबंधन को बदनाम करने के लिये व्यक्तिगत हित में या किसी अनुचित दबाव में विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में डब्ल्यूएफआई के मौजूदा प्रबंधन को हटाने के लिए कुछ व्यक्तिगत और छिपे हुए एजेंडे हैं।

### जांच कमेटी 8 से 10 दिन में सौंपेगी रिपोर्ट : योगेश्वर दत्त



भारत के पहलवानों द्वारा डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए आईओए ने जांच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी के सदस्य और रेसलर योगेश्वर दत्त ने शनिवार सुबह कहा कि मामले की जांच गंभीरता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे को बातचीत से सुलझाया जा सकता है, मगर यौन उत्पीड़न के मामले में कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि जो भी दोषी होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अगर आरोप झूठे निकलते हैं तो ये पता किया जाएगा कि ये क्यों लगाए हैं और इन्हें लगाने का क्या मकसद है? रेसलर योगेश्वर दत्त ने कहा कि जांच कमेटी दोनों पक्षों को सुनने के बाद 8 से 10 दिन में एक रिपोर्ट बना लेगी। उन्होंने कहा कि हम स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री और होम मिनिस्ट्री के अलावा पीएम मोदी को भी जांच रिपोर्ट भेजेंगे।

## संक्षेप

### अंधापन मुक्त भारत निर्माण में आयुर्वेद की पहल




वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख यामिनी भूषण त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि विभिन्न प्रकार के दृष्टिदोष जिसमें नोतियाबिद भी शामिल है, के इलाज का सुरक्षित और सहज मार्ग आईसोटीन आई ड्राप द्वारा मिल गया है। बताया कि 88% नेत्र विकार के रोगियों को लाभ हुआ है। आयुर्वेद में इस आई ड्राप के प्रयोग से अपेक्षा से अधिक नेत्र विकार में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं जो नेत्र विकार में आयुर्वेद का समाज के लिए एक बड़ा उपहार है। बताया कि विभिन्न समूहों का विशिष्ट अध्ययन करने पर पता चला कि समूह एक और दो के 91 प्रतिशत रोगियों का चश्मा उतर गया।

### शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों ने स्मारक स्थल देखा



सारनाथ। शंघाई सहयोग संगठन का 18 सदस्यीय दल शुक्रवार को सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में स्मारकों को देख कर भगवान बुद्ध के इतिहास को समझे। साथ ही यहाँ पर हैंडीक्राफ्ट के समानो को देखा। शंघाई सहयोग संगठन के जनेश केन, एम इब्राहिमो की देख रेख में उज्बेकिस्तान के राकेश नाथू लल्ला, कजीकस्तान के यरलिक सरूक्रोबिच अली सहित 18 सदस्यीय दल शुक्रवार को दोपहर 2.40 बजे सारनाथ पुरातात्विक खंडहर परिसर पहुँच कर धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट, प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेषों को देख कर भगवान बुद्ध के जीवन व उनके इतिहास की जानकारी पर्यटक पुलिस के निरीक्षक अच्छे लाल ने दी। इसके साथ ही धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों को देखा।

### लगेज स्कैनर से जांच फिर शुरू

वाराणसी। कैंट स्टेशन के मुख्य यात्री हाल में यात्रियों का सामान स्कैन करने की व्यवस्था गुरुवार को फिर से शुरू हो गई। पूछताछ केंद्र के पास लगे लगेज स्कैनर से रेल सुरक्षा बल के जवानों की निगरानी में बैग व अन्य सामानों की जांच की गई। कुछ समय पहले लगेज स्कैनर खराब हो गया था। अब इसे फिर लगाया गया है।

### 'यूपी दिवस' का मुख्य आयोजन बेनियाबाग में



वाराणसी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने आगामी दिनों आयोजित होने वाले 'यूपी दिवस' के लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागार में तैयारी बैठक की। उन्होंने बताया कि 24 से 26 जनवरी मुख्य कार्यक्रम बेनियाबाग में होगा। उन्होंने सभ महकमों के अफसरों को विभागवार कार्यक्रम की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने डीआईओएस को बच्चों के लिए क्विज कंपटीशन कराने को कहा। क्षेत्रीय सांस्कृतिक अधिकारी को सभी विभागों से तालमेल कर आयोजन सफल बनाने पर जोर दिया। मीटिंग में परियोजना निदेशक विनोद राम त्रिपाठी, संस्कृति अधिकारी डॉ. सुभाष यादव समेत अन्य अफसर मौजूद थे।

### अराजकतत्वों ने फूंकी बाइक

चौबेपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कैथी गांव में गुरुवार की रात शिशिर सिंह पुत्र केदार सिंह के घर के बाहर खड़ी बाइक को अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। बाइक को आग लगाने के बाद अराजक तत्व मौके से फरार हो गये। क्षेत्र में हुई घटना से लोगों में हड़कंप है। मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने चौबेपुर पुलिस को लिखित तहरीर दी है।



### पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिजार्मुराद। विवाहिता की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। ठठरा गांव निवासी सरस्वती देवी ने आरोप लगाया कि 2021 में भवानीपुर थाना गोपीगंज निवासी नीरज के साथ शादी हुई। शादी के कुछ दिन बाद ही पति नीरज, सास बुधना, ससुर शिवधनी उर्फ दुधई, ननद शिवानी, देवर आकाश व चचिया ससुर मुन्ना सभी लोगों द्वारा मुझे प्रताड़ित करके बोला जाता था कि अपने पिता से पचास हजार रुपया व एक बुलट गाड़ी मांगो जब में इन सब चीजों के लिए मना करती थी तो आए दिन हमें बुरी तरह मारा पीटा जाता था व गर्भ में पल रहे बच्चे को भी मारने का प्रयास किया गया। वही चचिया ससुर मुन्ना द्वारा भी गलत निगाह रखी जाती थी।

### अधिवक्ता कल्याण निधि का 354 करोड़ भुगतान करे सरकार : विकास सिंह

वाराणसी। अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा धनराशि को लेकर अब अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस संबंध में एक जनहित याचिका भी दाखिल की गई है। जिस पर मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की बेंच ने सुनवाई करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब देने को कहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता विकास सिंह ने इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कर कहा की प्रदेश सरकार अधिवक्ता हितों की अनदेखी कर रही है। वह अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य, पेंशन योजना में खर्च किए जाने वाली अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा धनराशि का भुगतान नहीं करके अधिवक्ताओं के साथ अन्याय कर रही है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में प्रदेश सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कहा की यदि प्रदेश सरकार ने जल्द से जल्द उक्त धनराशि को अवमुक्त नहीं किया तो अधिवक्ता सड़क पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और जब प्रदेश के लाखों अधिवक्ता अपने हक के लिए सड़क पर उतरेंगे तो प्रदेश सरकार को उनकी आवाज को दबा पाना मुश्किल हो जायेगा। अधिवक्ता कल्याण स्टैंप से इकट्ठा 354 करोड़ से अधिक धनराशि राज्य सरकार के पास है। उक्त फंड को ट्रस्टी कमेटी के पक्ष में अवमुक्त करने का सरकार से कई बार अनुरोध किया किंतु सरकार वकीलों के कल्याण के लिए एकत्र धनराशि अवमुक्त नहीं कर रही है।


जनसंदेश टाइम्स
## वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 4153682 का अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र खो गया है। विशाल कुमार पुत्र प्रभुनाथ कुमार, ग्राम+पोस्ट-बैरिया, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी बी0ए0 तृतीय वर्ष 1996 अनुक्रमांक 63901 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। सुशील कुमार शुक्ल पुत्र मथुरा शुक्ल, ग्रा0-सज्जनडिहरा, थाना-करगहर, जिला-रोहतास बिहार।

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शिवम उर्फ आकाश गुप्ता पुत्र हनुमान गुप्ता निवासी मोहल्ला गुडहाई मुंगराबादशाहपुर जौनपुर था अब सभी अभिलेख में मेरा नाम आकाश गुप्ता पुत्र हनुमान गुप्ता है दोनों नाम मेरे हैं अब मुझे आकाश गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

विदित हो कि आराजी नं. 26, रकबा- 1702 वर्गफीट स्थित मौजा-तुलसीपुर, प0-दे0 अ0, जिला-वाराणसी का मालिक जलील अहमद वल्द अब्दुल जब्बार, मौजा तुलसीपुर मण्डुआडीह, वाराणसी है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय विलेख दिनांकित 25.08.1989 नविश्ता किशोरीलाल पुत्र सीताराम व माता प्रसाद पुत्र रामजी मौसूमा श्रीमती रामप्यारी देवी पत्नी हरिवंश पाण्डेय जो उपनिबंधक वाराणसी के कार्यालय में बही नं. 1 जिल्द संख्या 7043 के पृष्ठ संख्या-129/134, क्रमांक 14541 पर दिनांक 11.02.1993 को निबंधित है, खो गया है। उपरोक्त संपत्ति तथा विक्रय विलेख उपरोक्त के संबंध में किसी को कोई आपत्ति करना हो तो अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के अंदर अपनी आपत्ति/दावा पेश कर सकता है अन्यथा उसके बाद कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा। **(राजेन्द्र प्रसाद सिंह गौतम) एडवोकेट एस 14/74 बी-5 अंधरापुल कैण्ट वाराणसी 221002**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालय सृष्टि बालिका शिक्षण संस्थान पहाड़पुर विसम्भर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कला संकाय स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय में एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर 21 दिन में सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक**

**आवश्यकता है**-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध श्री लछिराम पी0 जी0 कालेज सालिकपुर-सौरी, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में म0 इतिहास में एक तथा विज्ञान संकाय में भौतिक वि0-2, रसायन वि0-3, जन्तु वि0-2, वनस्पति वि0-2, गणित-2 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में गृह विज्ञान-3, रा0 शास्त्र-2 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।

**प्रबन्धक**


# छात्रसंघ के अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**लगाया आरोप**

**काशी विद्यापीठ कुलपति और अपर पुलिस आयुक्त को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रसंघ अध्यक्ष शशि प्रकाश चंदन ने शुक्रवार को खुद के जान का खतरा बताते हुए एक व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इस बाबत उन्होंने कुलपति और अपर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। शशि ने आरोप पत्र के माध्यम से बताया कि कई दिनों से मुझे जान से मारने की धमकी व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, इस दौरान विश्वविद्यालय की राजनिति में मुझे भाग लेने से मना भी किया जा रहा है। जिस कारण मुझे चुनाव में सहभागिता न करने व विश्वविद्यालय भी आने से रोका व धमकी दी जा रही है, आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में विश्वविद्यालय का छात्र रहा एक व्यक्ति जो वर्तमान में विश्वविद्यालय का छात्र नहीं है उसके बावजूद अपने बाहरी साथियों के साथ आकर मुझे विश्वविद्यालय कैंपस के अंदर आने से मना कर रहा है। न मानने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### सब्जी विक्रेता पर प्राणघातक हमला, दो पर केस

तरना। कुछ बदमाशों ने बीते मंगलवार को शिवपुर थाना क्षेत्र में सब्जी विक्रेता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, साथ ही उसके पास रखा रुपए भी छीन लिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने एससी एसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। परमहंस नगर इंदपुर निवासी सोनू कुमार के अनुसार मेरा भाई लक्ष्मण सोनकर शिवपुर चुंगी पर सड़क किनारे ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। 17 जनवरी की देर रात वह घर नहीं आया तो भाई खोजने के लिए अपने बाइक से सेंट्रल जेल रोड पहुंचा जहां दो व्यक्ति पर निगाह पड़ी जिनका नाम क्रमशः सैफ अली पुत्र मुमताज अली व रजजब पुत्र गुड्डू बताया गया। भाई ने बताया कि दोनों ईंट-पत्थर व लोहे की राड से मेरे भाई की हत्या करने की नियत से सिर पर मार रहे थे। मुझे देखकर दोनों आरोपी भाग गए और मेरे भाई के जेब से 8000 रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

## पर्यटकों की सुविधा के लिए मूर्त रूप देने में जुटे विभाग

सारनाथ। पर्यटन विकास के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए आज शुक्रवार अपराह्न विकास प्राधिकरण के अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सारनाथ क्षेत्र के पुरहुपुर, बढ़ैरपुर, गंज, में चिन्हित सरकारी भूमि को कटीले तारों से घिरने का निर्देश दिया। जानकारी अनुसार विडीये शर्मा पर्यटन अधिकारी व राजस्व विभाग, के साथ सारनाथ में बौद्ध सर्किल के तहत विकास कार्यों मूर्त रूप देने के लिए भूमि पैमाइश करने मौके पर पहुंचे मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि पर्यटन विकास के लिए सारनाथ के बौद्ध दर्शन पर आधारित ओपन थिएटर, पार्किंग, फूड प्लाजा का निर्माण होना है, जिसके लिए सरकारी भूमि की पैमाइश कराई जा रही है। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि सारनाथ के चौमुखी विकास के लिए भूमि की पैमाइश की जा रही है जिसमें मल्टी स्टोरी पार्किंग भव्य पार्क ओपन थिएटर फूड प्लाजा निर्माण होने को है।

## कैंसर पर आईएमए में हुई सीएमई




वाराणसी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लहुराबीर में शुक्रवार को कैंसर पर एक सीएमई का आयोजन किया गया। कैंसर एवं प्रशामक उपचार(पैलिएटिव केयर) पर आयोजित सीएमई में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित टाटा मेमोरियल मुम्बई के विशेषज्ञ डॉ. रघु थोटा का आईएमए वाराणसी के अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संबंधित विषय पर लोगों को जागरूक करते हुए डॉ. थोटा ने कैंसर रोगियों की शारीरिक और मानसिक पीड़ा कम करने हेतु विभिन्न प्रकार के उपचार तथा इलाज की मौजूद पद्धतियों के बारे में विस्तृतपूर्ण व्याख्यान दिया और बताया कि कैसे इन तरीकों से कैंसर रोगियों के जीवन को आरामदेह बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाराणसी डॉ संदीप चौधरी का सम्मान किया गया। डॉ अजित सहगल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

सभा में डॉ के पी अग्रवाल, डॉ कुसुम चंद्रा, डॉ विवेक कुमार, डॉ कैवीपी सिंह, डॉ संजय राय, डॉ अरविंद सिंह, डॉ मनीषा सिंह, डॉ कार्तिकेय सिंह, डॉ शिवशक्ति द्विवेदी, डॉ अतुल सिंह, डॉ अमित सिंह, डॉ राकेश पटेल आदि थे।


## बीडीसी के रिक्त चार पदों के लिए उपचुनाव 9 को

वाराणसी। जनपद में बीडीसी के खाली चल रहे पदों पर उपचुनाव नौ फरवरी को होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी करते हुए इस बाई इलेक्शन का कार्यक्रम घोषित कर दिया। इस क्रम में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एस. राजलिंगम ने जनपद में संबंधित वार्डों में क्षेत्र पंचायत सदस्य की चार सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम जारी किये। जिसके अंतर्गत चिरईगांव विकास खंड के छितौनी और सीवो, आराजी लाइन ब्लॉक के दरेखु एवं पिंडरा विकास खंड के बाबतपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इस बाई इल्केशन के तय प्रोग्राम के मुताबिक पर्चा दाखिला 24 जनवरी को पूर्वाह्न दस बजे से सायं चार बजे तक होगा। नामांकन-पत्रों की जांच 25 को, नाम वापसी 27 को पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक और उसके बाद चुनाव चिह्न विचरण किया जाएगा। पोलिंग नौ फरवरी को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। जबकि मतगणना दस फरवरी को सुबह आठ आरंभ होगी।

# अधिकारियों ने पार्सल यान की सघन जांच की

**निरीक्षण**

**बाईपास लाइन, पाइप लिकेज की समस्या दूर करने का दिया निर्देश**




पार्सन यान की जांच करते अधिकारी

वाराणसी। कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन)पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने निरीक्षण कर कमियों को जल्द दूर करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को कैंट स्टेशन से वाराणसी सिटी तक पैदल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने इस बीच बनने वाले डबलिंग मार्ग का निरीक्षण किया, इसके साथ ही अधिकारियों ने प्लेटफार्म नौ पर खड़ी बेगमपुरा एक्सप्रेस में सफाई व्यवस्था को जांचा जिसमें सब कुछ व्यवस्थित मिला, कैंट स्टेशन पर बन रहे तीसरे एफओबी को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर चल रहे विभिन्न कार्य को संरक्षित व सुरक्षित तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। प्लेटफार्म पर पानी लिकेज को ठीक करने का निर्देश दिया, वाराणसी से दीनदयाल उपाध्याय नगर तक बनने वाली तीसरी व चौथी लाइनों एवं वाराणसी जंक्शन पर बनने वाले गुड्स बाईपास लाइन की प्रगति देखी, स्टॉफ पार्किंग के कार्य का भी निरीक्षण किया, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य की प्रगति देखी, इसके साथ ही तीसरे द्वार को मार्च में पूरा करने का निर्देश दिया। लालजी चौधरी व गौरव दीक्षित ने बताया कि स्टेशन पर सभी कार्यो को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट



रीसर्च कमेटी एवं सस्टेंबिलिटी कमिटी आईसीएआई के सेमिनार में उपस्थित अतिथि

**बोले अनुज गोयल**

**रिसर्च कमेटी एवं सस्टेनिबिलिटी कमेटी का सेमिनार सम्पन्न**

हरहुआ। रीसर्च कमेटी के चेयरमैन अनुज गोयल ने कहा कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट अपने कार्यों से दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने रिसर्च कमेटी एवं सस्टेंबिलिटी कमिटी आईसीएआई नई दिल्ली के बैनर तले रिंग रोड स्थित एक निजी संस्थान परिसर मेंफाइनेंसियल रिपोर्टिंग में एक्सीलेंस के लिए शुक्रवार को आईसीएआई अवार्ड (2021-22) को संबोधित किया।

सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड बोर्ड के चेयरमैन डॉ. संजीव सिंघल ने बताया कि सस्टेंबिलिट रिपोर्टिंग एक नया क्षेत्र है और इसकी शुरूआत मात्र दो साल पहले हुई है, लेकिन इसने इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड को विश्व मानक के समकक्ष खड़ा किया है। कार्यक्रम में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कंपनियों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। एक्सीलेंस इन फाइनेंशियल रिपोर्टिंग के लिए 36 अवार्ड तथा सस्टेनिबिलिटी रिपोर्टिंग अवार्ड में कुल 14 अवार्ड दिए गए। अवार्ड जूरी के चेयरमैन मेंबर ऑफ पार्लियामेंट उड़ीसा सुजीत कुमार थे। प्रेसिडेंट सीए. देवाशीष मित्रा ने बताया कि ये साल 1958 से दिए जा रहे हैं। आंगतुकों का स्वागत वाराणसी शाखा के अध्यक्ष सोम दत्ता रघु ने किया। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, सौरभ शर्मा, नीरज सिंह, विनय कुमार, विजय प्रकाश, बृजेश जयसवाल, कमलेश अग्रवाल, सुदेशना बासु, मनोज अग्रवाल, विश्वजीत सिंह, शिशिर उपाध्याय, अतुल सेठ आदि थे।

# बीरापट्टी स्टेशन पर 740 मीटर की लूप लाइन

**सुविधा**

**इस स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर उतर सकेंगे यात्री**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की वाराणसी स्टेशन के आसपास के स्टेशनों को यात्री सुविधाओं के लिए और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उसमें बढ़ोतरी की जा रही है इसी क्रम में जौनपुर वाराणसी रेल मार्ग पर स्थित बिरापट्टी स्टेशन पर 740 मीटर की लूट लाइन बनाई जा रही है जिसके बनने के बाद यात्री ट्रेन से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतर सकेंगे।

बीरापट्टी स्टेशन पर अभी अप मेन लाइन और दो डाउन लाइन (मेन व लूप लाइनें) हैं। लखनऊ की जाने वाली जिन ट्रेनों का ठहराव यहां होता है तो मेन लाइन से प्लेटफार्म दूर होने से यात्रियों को जमीन पर उतरना पड़ता है। यही नहीं, अगर अप साइड (लखनऊ की ओर जाने वाली) की गाड़ी गुजर रही हो और किसी कारणवश उसे रोककर कोई प्रमुख ट्रेन आगे निकालना सम्भव नहीं हो पाता है।

जब गाड़ी बाबतपुर पहुंच जाती है तो दूसरी ट्रेन आगे निकाली जा सकती है। अब लूप लाइन बन जाने से इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इंट्रीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान के तहत चल रहे फुट ओवरब्रिज और हाईलेवल प्लेटफार्म का निर्माण भी 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी ने बताया कि लूप लाइन शुरू पर परिचालन शुरू कराने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त के पास आवेदन भेजा गया है। निर्माण पूरा होने तक वहां से स्वीकृति मिल जाएगी।

## आरबीआई लोकपाल ऑफिस कानपुर का जागरूकता कार्यक्रम



वाराणसी। आरबीआई लोकपाल कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर के तत्वावधान में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन होटल कैस्टिलो सिगरा में किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक आफ इंडिया व कोटक महिद्रा बैंक के सहयोग से किया गया। संचालन एसके दास, मयंक अवस्थी, अभिनव वर्मा, अंशुल यादव व प्रसून सिंह ने किया। प्रारंभ में आरबीआई लोकपाल प्रतिनिधि मयंक अवस्थी ने प्रतिभागियों व बैंक अधिकारियों का स्वागत किया। रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना व आरबीआई कम्प्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) ने पोर्टल के संबंध व अभिनव वर्मा (आरबीआई लोकपाल प्रतिनिधि ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। उद्बोधन में आरबीआई लोकपाल योजना 2021 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। श्री दास ने विभिन्न बैंकिंग सेवाओं जैसे पेंशन, ऋण और अग्रिम, डेबिट कार्ड, धोखाधड़ी के माध्यम से निकासी/ स्थानांतरण एटीएम, यूपीआई लेन-देन, एफडीआर संबंधित मुद्दे केसीसी ऋण आदि विषयों पर चर्चा की।

# अध्ययन व अनुसंधान को मिलेगा प्रोत्साहन

**एमओयू**

**बीएचयू और श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस करेंगे सहयोग**

**संयुक्त व्याख्यान, कार्यशालाएं शैक्षणिक तथा एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए सहमति**

**वेद, संस्कृत, व्याकरण व ज्योतिष शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए श्रीसत्य साई छात्रवृत्ति योजना**

वाराणसी। बीएचयू तथा श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सिलेंस-कर्नाटक, प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली के क्षेत्रों में अध्ययन व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग करेंगे। इस आशय के एक सहमति पत्र पर दोनों विश्वविद्यालयों ने हस्ताक्षर किये। सहमति पत्र के तहत बीएचयू में वेद, संस्कृत, व्याकरण तथा ज्योतिष शास्त्र समेत हिन्दू अध्ययन की विभिन्न शाखाओं जैसे प्राचीन हिन्दू कला, संस्कृति, दर्शन, शासन व प्रबंध व्यवस्था का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए श्री सत्य साई छात्रवृत्ति स्थापित की जाएगी। इसके तहत स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध कर रहे 100 विद्यार्थियों को मेरिट व आर्थिक स्थिति के आधार पर वार्षिक 25000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन निरंतर इस बात पर जोर देते रहे है कि बीएचयू के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के नए अवसर सृजित किये जाएं। श्रीसत्य साई विश्वविद्यालय के साथ सहमति पत्र इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सहमति पत्र पर बीएचयू के कुलसचिव प्रो. अरुण सिंह तथा श्रीसत्य साई युनिवर्सिटी के कुलाधिपति बीएन नरसिम्हा मूर्ति ने हस्ताक्षर किये। बीएचयू के भारत अध्ययन केंद्र के सहयोग से श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी में वैदिक अध्ययन केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रस्तावित केंद्र भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करेगा। बीएचयू तथा श्री सत्य साई विश्वविद्यालय भारत के इतिहास, संस्कृति तथा दर्शन पर शोध कार्यक्रमों में सहयोग के लिए भी सहमत हुए हैं। दोनों विश्वविद्यालय भारतीय इतिहास व संस्कृति, आध्यात्मिक दर्शन तथा वेदों व अन्य संबंधित विषयों पर संयुक्त रूप से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाएं तथा संगोष्ठियां भी आयोजित करेंगे। बीएचयू के विशेषज्ञ श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी में अद्वैत वेदांत, उपनिषदों तथा भगवद गीता पर व्याख्यान भी देंगे।

**भारत संस्कृति सम्मान भी प्रस्तावित**

सहमति पत्र में श्रीसत्य साई भारत संस्कृति सम्मान भी प्रस्तावित किया गया है, जो श्रीसत्य साई विश्वविद्यालय हर वर्ष वेदों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों व संस्थानों के योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रदान करेंगे। इसके तहत विद्यार्थी (2 लाख रुपये), शिक्षक (3 लाख रुपये) तथा विद्यालय (5 लाख रुपये) यानी तीन श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे, जिनमें नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### मालगाड़ी परिचालन में लखनऊ मण्डल की कीर्ति

वाराणसी। मालगाड़ी के परिचालन में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने एक नया इतिहास बनाया है, एक ही दिन में इस मंडल में वाराणसी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर को 51 गाड़ियां भेजी गयी,जो आज तक का अधिकतम है। इन मालगाड़ियों में मुख्य तौर पर कोयला लदान के लिए बॉक्सएन रेक प्रयोग होने वाले थे, जो कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली इत्यादि प्रदेशों के पावर और सीमेंट प्लांटो से खाली होकर आये थे। अधिक से अधिक मालगाड़ियों का परिचालन करते हुए लखनऊ मण्डल कोयला उत्पादन क्षेत्रों में कोल रेक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में एक अहम योगदान करता रहा है, जिस दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगा। कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दिक्षित ने बताया कि मालगाड़ियों के परिचलन में और सुधार करने की दिशा में वाराणसी स्टेशन पर गुड्स बाईपास लाइन और वाराणसी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है।इससे वाराणसी क्षेत्र में रेल परिचालन में सुगमता आएगी जिससे सवारी गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन में भी सुधार आएगा।


**उप परियोजना प्रबंधक**

**उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, सेतु निर्माण ईकाई बलिया**

**शिव-विला, जी0बी0-2, चन्द्रशेखर नगर बलिया-277001**

पत्रांक 1173/ई0 टेण्डर/2022-23 दिनांक 19.01.2023

**ई-टेण्डर सूचना**

सेतु निर्माण ईकाई, बलिया के अन्तर्गत जनपद बलिया में "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Katharia-Firozpur in Distt-Ballia.", "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Maghai River Bridge Near House of Lt. Vinod Rai, Village-Narahi in Distt-Ballia." एवं "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Tons River Bridge, Chittbaragaon- Pakki court in Distt-Ballia." कार्य हेतु सेतु निगम / लो0नि0वि0 में पंजीकृत अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 21.01.2023 (10:00 AM) से 30.01.2023 (05:00 PM) तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा पोर्टल http:/etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें।

**डी0आर0 सिंह**
उप परियोजना प्रबंधक

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला, आजमगढ़**

पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक-20.01.2023

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओरिल द्वारा एसएलडब्लूएम योजनाअंतर्गत एसबीएम 15वां वित्त एवं मनरेगा योजना की प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्न विवरण अनुसार प्रथम श्रेणी ईंट, एसओबीईंट, ईंट गिट्टी, सफेद बालू, स्थानीय बालू, चोपनबालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी 20 एमएम, 10 एमएम, 40 एमएम, जिगजैग, इंटरलाकिंग, लोहे का ईंगल, लोहे की जाली, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, बैट्री चालित ई-रिक्शा, डस्टबिन, प्लास्टिक बैग, पेंट आदि के लिए आपूर्ति हेतु मुहर बंद निविदा करें। दिनांक 21.01.2023 से 27.01.2023 को अपराह्न 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म अपनी निविदा निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला, आजमगढ़ पर जमा कर सकते हैं।

| क्र.सं. | परियोजना / कार्य का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | व्यक्तिगत खाद गड्ढा कम्पोस्टपिट | 62 |
| 2 | व्यक्तिगतनाडेप /कम्पोस्टपिट | 06 |
| 3 | सामुदायिक खाद गड्ढा कम्पोस्टपिट | 06 |
| 4 | व्यक्तिगतवर्मीकम्पोस्टपिट | 02 |
| 5 | सामुदायिकनाडेप | 02 |
| 6 | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 83 |
| 7 | सामुदायिक एवं संस्थागत प्लास्टिक बैंक | 84 |
| 8 | कचरा वाहन साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा | 02 |
| 9 | स्वच्छता किट | 03 |
| 10 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र | 01 |
| 11 | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसीनेटर | 05 |
| 12 | व्यक्तिगत शोकपिट | 300 |
| 13 | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु शोकपिट | 15 |
| 14 | सील्टकैचर | 20 |
| 15 | फिल्टर चेम्बर तालाबों, जलाशय पर | 05 |
| 16 | यू टाइप नाली निर्माण / मरम्मत घर/संस्था | 466 मी. |
| 17 | भूमिगत नाली निर्माण / मरम्मत | 591 मी. |
| 18 | हैंडपम्प प्लेटफार्म, रेटोफिटिंग/ मरम्मत/निर्माण | 15 |
| 19 | हैंडपम्प पर शोकपिट | 54 |
| 20 | सामुदायिक एवं संस्थागत लीजपिट | 02 |
| 21 | दीवार चित्रण लेख | --- |

निविदा प्रपत्र शुल्क 100.00 रुपया की धनराशि जमा करके कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल से निविदा आरम्भ तिथि से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। समस्त निविदाएं 27.01.2023 को समय 2 बजे ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि प्राप्त एवं खोलने की तिथि पर कार्यालय बंद होता है तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। किसी फर्म द्वारा एक या एक से अधिक अथवा सभी परियोजनाओं कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं डाली जा सकती हैं। विस्तृत जानकारी/ नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में निविदाप्रपत्र के साथ कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा हेतु धरोहर धनराशि रुपया 5000.00 निविदा समिति द्वारा निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।

**(बिन्दू यादव)**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ओरिल, वि.खं. अहरौला
जनपद-आजमगढ़

**(राम अवतार यादव)**
ग्रामप्रधान
ग्राम पंचायत ओरिल, वि.खं. अहरौला
जनपद-आजमगढ़



# वाराणसी



# करंट से संविदाकर्मी की मौत, जेई निलंबित

**लापरवाही उजागर**

### सारनाथ के अनमोल नगर कॉलोनी में हुआ हादसा, एसई कार्यालय पर प्रदर्शन

### आंदोलन के दौरान एसई ने की क्षेत्रीय एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति

### मृतक आश्रित को दिया गया पांच लाख रुपये मुआवजा, दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित

**सारनाथ।** शक्तिपीठ विद्युत उपकेंद्र से निकलने वाले मवइया फीडर से जुड़े अनमोल नगर कॉलोनी स्थित पानी टंकी के पास पोल पर चढ़कर वितरण ट्रांसफॉर्मर का डिओ व जंफर जोड़ते समय बिजली का झटका लगाने से शनिवार को संविदाकर्मी शिव प्रकाश पाल धड़ाम से जमीन पर आ गिरा। यह देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने उसे तत्काल पांडेयपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित विद्युतकर्मियों, संविदा कर्मचारियों ने पहले अस्पताल और बाद में सिगरा स्थित नगरीय विद्युत वितरण मंडल द्वितीय कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों के आक्रोश को देखते हुए अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार वर्मा ने इलाकाई अवर अभियंता कुंदन को जहां निलंबित कर दिया। वहीं, एसडीओ मनोज गुप्ता के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए संस्तुति कर दी है।

बताया जाता है कि शक्तिपीठ उपकेंद्र के मवइया फीडर से जुड़े अनमोल नगर कॉलोनी स्थित पानी टंकी के पास लगे 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का जंफर व डिओ उड़ गया था। इसे बनाने के लिए जोड़ने के लिए कौवापुर, चौबेपुर निवासी शिव प्रकाश पाल (25) के साथ रामू पाल, अमित कुमार, सचिन यादव व विक्की पटेल मौके पर सुबह करीब साढ़े बजे पहुंचे। इसके बाद रामू पाल ने फोन करके उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ नरेंद्र सिंह से मवइया फीडर को बंद करने के लिए शटडाउन लिया। तत्पश्चात सीढ़ी लगाकर शिव प्रकाश पाल ट्रांसफॉर्मर का जम्फर-डीओ बांधने के लिए चढ़ा। तार के करीब पहुंचे ही उसे करंट का तेज झटका लगा और वह धड़ाम से जमीन पर आ गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। तब तक सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गये और हंगामा करने लगे। कुछ लोगों के साथ परिजन



मृतक शिवप्रकाश की फाइल फोटो



सिगरा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते विद्युतकर्मी

शक्तिपीठ उपकेंद्र पर भी गये, लेकिन वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। यह हादसा कोई पहला नहीं है। सुरक्षा उपकरणों के अभाव में इससे पहले भी कई संविदा और विभागीय कर्मचारी अपनी जान गंवा चुके है।

पोस्टमार्टम के बाद विद्युत मजदूर पंचायत के नेताओं और विद्युतकर्मियों के साथ परिजन शव को लेकर सिगरा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी के बीच प्रदर्शन करने लगे।

इन लोगों की मांग थी कि घटना के लिए जिम्मेदार सिर्फ जेई को ही निलंबित किया गया है, जबकि एसडीओ के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयी। एसडीओ के खिलाफ भी कार्यवाही की जाए और पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा दिया जाए। कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने एसडीओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की और मृतक के माता के बैंक खाते में पांच लाख रुपये हस्तांतरित करवाया। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गये। वाराणसी जोन के मुख्य अभियंता अनूप कुमार वर्मा ने बताया कि घटना दुखद है। मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जिम्मेदार अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। घटना की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गयी है। कमेटी में अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा एवं अधिशासी अभियंता (टेस्ट एवं मीटर) चंद्रशेखर को रखा गया है। जांच कमेटी के रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सिगरा में भी करंट से संविदाकर्मी झुलसा

**वाराणसी।** नगर निगम उपकेंद्र के जयप्रकाश नगर फीडर से जुड़े चंद्रिका नगर कॉलोनी-सिगरा शनिवार को ट्रांसफॉर्मर मरम्मत के दौरान निविदा कर्मी ज्ञानेंद्र कुमार (30) करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उसके फ्लैशिंग के चलते उसका दाहिना हाथ काफी झुलस गया है। इलाज के लिए उसे ककरमत्ता स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के दौरान तमाशबीन सिर्फ वीडियो बनाने में लगे रहे, मदद के लिए कोई आगे नहीं आया।

घटना से संविदाकर्मियों में काफी आक्रोश है। संविदाकर्मियों का कहना है कि पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद विभाग की ओर से हादसों को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। अधिकारी मौन साधे रहते हैं। इससे आक्रोश पनप रहा है।

# मौन होकर श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**मौनी अमावस्या**

### 27 साल बाद शनैश्चरी अमावस्या का रहा संयोग

**वाराणसी।** मौनी अमावस्या पर शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मौन धारण कर घाटों पर अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-पुण्य भी किया। गंगा में डुबकी लगाने का सिलसिला प्रातःकाल से शुरू होकर अपराह्न तक चलता रहा। शनिवार को मौनी अमावस्या के साथ ही शनैश्चरी अमावस्या भी रहा। इसके चलते मौनी अमावस्या का महत्व और भी बढ़ गया था। ऐसा संयोग लगभग 27 वर्षों के बाद पड़ा था। अब यह संयोग 2027 में पड़ेगा। यही वजह रही कि सर्वाधिक भीड़ दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर दिखायी पड़ी।

इसके अलावा अस्सी घाट, तुलसीघाट, पंचगंगा घाट, गायघाट, त्रिलोचनघाट, प्रहलादघाट, भैंसासुरघाट, राजघाट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ रही। मौनी अमावस्या पर दशाश्वमेधघाट पर स्नान करने का महत्व काफी अधिक बताया गया है। जो लोग प्रयागराज में स्नान नहीं कर पाते हैं वह काशी के प्रसिद्ध दशाश्वमेधघाट पर गंगा में डुबकी लगा कर पुण्य के भागी बनते हैं। बताते हैं कि जो लोग इस दिन प्रयागराज में स्नान करते हैं वह भी काशी लौटते वक्त दशाश्वमेधघाट पर स्नान करते हैं। गंगा घाटों पर ठंड के बावजूद सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसमें शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी आये श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गंगा स्नान करने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं ज्यादा दिखीं। सुबह में हर श्रद्धालु मौन होकर गंगा में डुबकी लगाते हुए दिखा। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के अलावा भगवान शिव, भगवान विष्णु व पीपल वृक्ष की पूजा व अर्चना की। इसके अलावा पीपल वृक्ष की पूजा करके श्रद्धालुओं ने जल से सींचन करके 108 बार परिक्रमा भी की। पीपल के वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु व महेश का वास रहता है। इसी के चलते लोगों ने पीपल वृक्ष का जल से सींचन कर परिक्रमा की। इसके साथ ही ब्राह्मणों को विविध वस्तुओं जैसे चावल, चीनी, मिश्री, दूध व खोवे से बनी मिठाइयां, सफेद वस्त्र, चांदी व अन्य उपयोगी वस्तुओं का दान-दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।

**बाबा धाम व मां अन्नपूर्णा मंदिर में जमे रहे भक्त :** मौनी अमावस्या पर काशी विश्वनाथ धाम, मां अन्नपूर्णा मंदिर व अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही।

दशाश्वमेधघाट पर गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने समीप ही स्थित काशी विश्वनाथ धाम की ओर रूख किया। ज्ञानवापी से लेकर बांसफाटक तक लोगों की लंबी कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करके उनका जलाभिषेक किया।



गंगा में स्नान करते भक्तगण



चौबेपुर के गौराघाट व बलुआघाट पर लोगों की भीड़

### पश्चिमवाहिनी गंगा में लाखों ने किया स्नान

**चौबेपुर।** मौनी अमावस्या पर शनिवार को पश्चिम वाहिनी गंगा में लाखों ने डुबकी लगायी। चौबेपुर क्षेत्र के गौराघाट से बलुआघाट सरसौल तक लगभग 05 किलोमीटर तक मेले की रंगत दूर से ही महसूस हो रही थी। मेले में आने वाले श्रद्धालु गंगा की पश्चिम की ओर प्रवाहित हो रही धारा में स्नान कर दान पुण्य किया। मेले के चलते क्षेत्र के मुरीदपुर, परनापुर, शिवदशा, सरसौल आदि गांवों में रौनक बिखरी रही। वैसे मेले में बिजली व पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इस नाते काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं सामाजिक संगठनों के अलावा विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं डा वीरबहादुर सिंह पवन चौबे जितेंद्र सिंह जितू ने भूले भटके लोगों को उनके परिजनों को सूचना देने के साथ ही चाय और नाश्ते का व स्वास्थ परीक्षण का व्यवस्था किया था। उधर दूसरी और पुलिस प्रशासन की ओर से मेले में बड़े वाहनों का प्रवेश न हो इसके लिए स्थानीय बाजार से 1 किमी दूर ही बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया जा रहा था। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह अपने पूरे हमराहियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से चक्रमण करते दिखे।

# क्षेत्र की मूल सुविधाओं पर सीएम से सौरभ की वार्ता

**बैठक**

### विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में दिया प्रस्ताव

**वाराणसी।** विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ आवास पर हुई बैठक में अपने क्षेत्र वाराणसी कैन्ट की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और इसके लिए उन्हें समाधान भी बताया।

बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में स्थित कुछ गांव नगर निगम के सीमा विस्तार में नगरीय क्षेत्र में आ गए हैं। भगवानपुर, आदित्यनगर, भिखारीपुर, उत्तरी ककरमत्ता, लहरतारा व मंडुआडीह। किन्तु अभी तक इन क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं के संयोजन की उचित व्यवस्था नहीं हुई है। इन सभी क्षेत्रों में जल निकासी, पेयजल पाइपलाइन, सड़क एवं मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कराने का निवेदन किया।उन्हें बताया कि रामनगर पालिका परिषद का अस्तित्व समाप्त होकर यह क्षेत्र भी नगर निगम, वाराणसी में जुड़ गया है। 15 वर्षों तक रामनगर पालिका परिषद में कांग्रेस का राज्य था। इन 15 वर्षों के दौरान रामनगर के विकास की सभी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। रामनगर, पूजनीय लाल बहादुर शास्त्री का पैतृक क्षेत्र है। यहां की बुनियादी सुविधाएं दम तोड़ चुकी हैं। अधिकतर सीवर लाइनें ध्वस्त हैं। सड़कें टूटी-फूटी हैं। दूषित पेयजल की आपूर्ति होती है और रात में पूरा रामनगर अंधेरे में डूब जाता है। विधायक ने रामनगर के समग्र विकास हेतु एक महायोजना बनाने का निवेदन किया। उन्होंने रामनगर में एक पक्का घाट बनवाने का भी आग्रह किया। बताया कि अस्सी घाट से संत रविदास घाट तक व संत रविदास घाट से जज गेस्ट हाउस होते हुए परमहंस आश्रम, सामनेघाट तक कच्चा घाट है। कई मोहल्लों में दूषित पेयजल की आपूर्ति पर भी ध्यान देने की बात कही। क्षेत्र के सभी मोहल्ले व गांव नगर निगम की परिधि में आ गए हैं। मात्र दो ही ऐसे गांव हैं, जो नगर निगम की परिधि से बाहर हैं। जिनका क्षेत्रफल बहुत बड़ा है और उनमें भी कई आवासीय कॉलोनियां बन गई हैं। वहां भी मूलभूत सुविधाओं की बहुत आवश्यकता है। रामनगर-सामनेघाट पुल बन जाने से लंका क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या,अस्सी घाट पर पार्किंग स्थल पर भी बात की।



सीएम योगी संग बैठक में विचार रखते विधायक सौरभ व अन्य

## पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण सम्पन्न



**वाराणसी।** भारतीय पुनर्वास परिषद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फार द डिसेबल्ड (विकलांग समाकलन संस्थान) करौंदी में 21 जनवरी को विशेष आवश्यकता वाले छोटे बच्चों में सम्वेदी गामक विकास हेतु रणनीतियां विषय पर आधारित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान के वरिष्ठ श्रवण विशेषज्ञ सुनील कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। संस्थान की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती अंजना शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा वर्मा व शिवकुमार वर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन संस्थान के वरिष्ठ विशेष शिक्षक दिलीप कुमार व धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के प्रधानाध्यापक रामकेश ने दिया।

## भारत ही बनेगा विश्व का मार्गदर्शकः डॉ. अशोक सिंह



**वाराणसी।** भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन के अन्तर्गत जिला प्रशासन व नगर निगम संयुक्त रूप से शनिवार को रन फार जी-20 का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ सुबह 9 बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुआ। जो महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर जाकर महात्मा गांधी प्रतिमा के पास समाप्त हुआ। रैली में जीवनदीप महाविद्यालय बड़ालालपुर के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनकी संख्या लगभग 300 थी। रैली में छात्रों ने देशभक्ति गीत के धुन बजाये। रैली के आयोजन पर जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जी-20 की मेजबानी के बाद पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। यह हमारे लिए सुनहरा अवसर है। जब हम फिर से सोने की चिड़िया के रूप में पुर्नस्थापित हो सकते हैं। इस मौके पर संबद्वता निदेशक शैलेश त्रिवेदी, प्राचार्य इन्द्रेश चन्द्र सिंह, डा. अमित सिंह, डा. सिद्धार्थ सिंह, डा. नंदा द्विवेदी, डा.संजय सिंह, डा. रविश, अरुण समेत काफी लोग रहे।






# 3-4 बार ही नहीं, 8वीं बार भी फरियादी लगा रहे गुहार

## संपूर्ण समाधान दिवस पर निस्तारण न होने की शिकायत लेकर फिर पहुंचे कई पुराने फरियादी

**यह है हाल**

### डीएम ने दायित्व निर्वहन में लापरवाही और भ्रामक रिपोर्ट वगैरह के मामलों में चार लेखपालों को आरोप-पत्र देने के दिये निर्देश

**वाराणसी।** शासन ने भले ही जनता की समस्याओं का निराकरण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस की व्यवस्था दी हो लेकिन जनपद में होने वाले इस आयोजिन के दौरान हर बार कोई न कोई ऐसे मामले आ ही जाते हैं जिसमें फरियादी को बार-बार अपनी शिकायत लेकर गुहार लगानी पड़ रही है। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भी ऐसा ही हुआ। इस मौके पर कार्य में लापरवाही आदि के प्रकरण में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने न सिर्फ चार लेखपालों के विरुद्ध आरोप-पत्र जारी करने के निर्देश दिये बल्कि चार्ज शीट भी देने को भी कहा। वहीं, कई अफसरों को उन्होंने फटकार भी लगायी।



संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को डीएम एस. राजलिंगम ने पिंडरा तहसील परिसर में ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं

संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य आयोजन पिंडरा तहसील सभागार में था। इस दौरान प्रेमा देवी के वृद्धा पेंशन के लिए तीन-चार बार शिकायत के बावजूद पहल न होने के मामले में डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी और संबंधित बीडीओ को कार्य पद्धति में सुधार लाने की नसीहत दी। अपने बच्चों के साथ पहुंची खररिया खास की सोनी देवी राशन कार्ड और आवास के लिए तीसरी बार गुहार लगाई। देवराई निवासी शिवपूजन ने 8वीं बार शिकायत की कि दो साल पहले आवंटित तालाब का स्वीकृति-पत्र अबतक जारी नहीं हुआ। फूलपुर के किसान मेहीलाल ने सहकारी समिति में छह माह पूर्व बेचे गये धान भुगतान न होने की शिकायत की। इस अवसर पर पीएम आवास निर्माण में अड़ंगा लगाने व उसमें लेखपाल की भूमिका पर सवाल खड़े होने की शिकायत पर श्री राजलिंगम ने तत्काल लेखपाल शिवम श्रीवास्तव को तलब कर पूछताछ की। साथ ही उसके खिलाफ आरोप-पत्र जारी करने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन की टंकी निर्माण के लिए चिह्नित जमीन से अवैध अतिक्रमण न हटाने और कार्य में बाधा डालने के मामले में जिलाधिकारी ने लेखपाल जितेंद्र को आरोप-पत्र जारी करने व चार्जशीट देने के निर्देश दिये। इसी प्रकार नाली, चक मार्ग एवं नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे के प्रकरण में भ्रामक रिपोर्ट देने पर उन्होंने संबंधित लेखपाल को आरोप-पत्र जारी करने को कहा। पिंडरा प्रतितिनिधि के अनुसार ग्राम प्रधान पद का दुरुपयोग कर खाद के लिए बनाए गये गड्ढे में मकान बनवाने के मामले में डीएम ने संबंधित लेखपाल को आरोप-पत्र जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीसीपी गोमती विक्रांत वीर, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित, एसीपी अमित पांडेय तथा एनटी साक्षी राय की उपस्थिति भी रही।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का डॉ.अशोक राय ने किया स्वागत



**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा का डा. अशोक राय की ओर से स्वागत व सम्मान किया गया। उन्होने बताया कि हम सभी के लोकप्रिय, ओजस्वी वक्ता, कुशल संगठन शिल्पी एवं विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के वाराणसी आगमन ही संगठन के लोगों में हर्ष का विषय है कार्यकर्ता अतिउत्साहित हैं। बताया कि जेपी नड्डा की ओर से कार्यकर्ताओं में जिस प्रकार से सकारात्मक विचारों को स्थान दिया गया है, वह आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्रीय संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के डा. अशोक राय और इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ब्रेथ ईजी की फ्री ब्रेथ यात्रा से लोग हुए लाभान्वित

**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में शनिवार को अस्सी स्थित ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल द्वारा एक जन जागरूकता रैली-ब्रेथ ईजी यात्रा का आयोजन किया गया।

ब्रेथ ईजी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर ब्रेथ ईजी के निदेशक डॉ एस के पाठक (वरिष्ठ टी.बी एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ) व पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य (अध्यक्ष- संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग, उ.प्र) ने संयुक्त रूप से रवाना किया जिसमे शहर के युवा एवंसम्मानित नागरिको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली ब्रेथ ईजी अस्पताल, अस्सी से होकर वाराणसी के प्रमुख चौराहों पर गयी, जहाँ लोगो को एल.ई.डी की बड़ी स्क्रीन के माध्यम से ऑडियो विजुअल द्वारा जागरूक किया गया।

ब्रेथ ईजी द्वारा आयोजित ब्रेथ ईजी यात्रा में 512 लोगों के फेफड़ों का निःशुल्क परिक्षण किया गया, जिसमे 100 से भी अधिक लोगों में श्वास सम्बंधित परेशानी पायी गयी, जिसमे ब्रेथ ईजी टीम ने अस्थमा/ दमा जैसी बीमारी से लोगो को जागरूक होने का सन्देश भी दिया।




इसके साथ-साथ ब्रेथ ईजी टीम द्वारा अपने अस्थमा को कैसे पहचाने नामक पुस्तिका भी वितरित की, जिससे मरीज अपने लक्षण (बार बार खांसी आना, बार-बार छीक आना, सास फूलना आदि) द्वारा यह जान सकता हैं, कि उसकी बीमारी साधारण नही हैं, इसके लिए उसे एक छाती रोग विशेषज्ञ के चिकित्सा की आवश्यकता होती हैं।

ब्रेथ ईजी के निदेशक डॉ एस के पाठक ने बताया कि-ब्रेथ ईजी जन जागरूकता के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाता रहता हैं जिसमे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क क्लिनिक, निःशुल्क जन जागरूकता रैली, निःशुल्क मोबाइल कैंप प्रमुख हैं।

### दो फरवरी से करेंगे आंदोलन

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के स्थानीय इकाई की भेलूपुर पावर हाउस परिसर में शनिवार को हुई आपात बैठक में दो फरवरी से आंदोलन करने का निर्णय हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों के अभाव में आए दिन संविदाकर्मी विद्युत दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। जबकि विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति एवं पीड़ित परिवारों की इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बैठक में आरके वाही, जीउत लाल, अंकुर पांडेय, ओपी सिंह, केपी दुबे, राघवेंद्र गोस्वामी, इंद्रपाल, सौरभ श्रीवास्तव आदि थे।

### बिजली-पानी संकट से जूझते रहे सारनाथवासी

**वाराणसी।** सारनाथ क्षेत्र में संविदाकर्मी की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के चलते शक्तिपीठ उपकेंद्र के मवइया फीडर से जुड़े इलाके सारनाथ, आशापुर और आसपास क्षेत्र की बिजली शनिवार की सुबह से देर रात तक बाधित रही। इसके चलते पानी की आपूर्ति भी नहीं हुई। लिहाजा, हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। इलेक्ट्रिक उपकरण खामोश रहे।

# पुरुषों में भी स्तन कैंसर की आशंका-डॉ. विनीता



**वाराणसी।** 'स्तन कैंसर केवल स्त्रियों को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी हो सकता है। अध्ययनों के मुताबिक विश्व में विभिन्न कारणों से होने वाली स्त्रियों की मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्तन कैंसर ही है। बहरहाल यह लाइलाज हरगिज नहीं, बशर्ते वीभत्स रूप लेने से पहले इसकी पहचान हो जाय और समर्थ एवं कुशल चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा समय पर इसका उपचार शुरू कर दिया जाया। 25 वर्षों से कैंसर के इलाज में लगी शहर की सुप्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट डा. विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में इस बात को बताते हुए कहा कि वाराणसी और उसके आसपास के जिलों में ढाई दशक से चिकित्साकर्म करते हुए उन्होंने पाया है कि स्तन संबंधी अन्य विकार या कैंसर की पहचान अशिक्षा जनित या उपेक्षा जनित अज्ञान के कारण बहुत देर में हो पाती है। ऐसी स्थिति में मरीज में खतरे का स्तर बहुत बढ़ जाता है और उसका इलाज दुरूह हो जाता है।




# मेडिकल स्टोर से मिले दवाओं के नमूने फेल

**कंपनी को नोटिस**

**एक वर्ष में कुल 52 से अधिक औषधि नमूने नकली पाये गये जिसमें 40 प्रकरणों में वाद करने की प्रक्रिया चल रही है**




**वाराणसी।** नकली औषधि के खिलाफ लगातार चलायी जा रही जांच के तहत शनिवार को एक फर्म पर कार्रवाई करते हुए दवा बनाने वाली कम्पनी व वितरित करने वाली कम्पनी को भी नोटिस जारी किया गया है।

औषधि निरीक्षक ए के बंसल ने बताया कि बीते वर्ष 14 अप्रैल 2022 को जैतपुरा स्थित विकास फार्मा से छह नमूने लिये गये थे, उन सभी की जांच में नकली की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही अन्य प्रकरण में 28 जून 2022 को मुर्दहा बाजार स्थित राज मेडिकल स्टोर से चार नमूने लिय गये थे ये सभी नमूने नकली पाए गये। बताया कि विगत एक वर्ष में कुल 52 से अधिक औषधि नमूने नकली पाये गये, जिसमें 40 प्रकरणों में वाद करने की प्रक्रिया चल रही है। बताया कि औषधि सीफसी ऑफ जिसमें सेफिक्सीम की मात्रा 85 प्रतिशत व ओफालाक्सीन की मात्रा केवल 52 प्रतिशत पाया गया। इस पर निर्माता फर्म मेसर्स टी एन जी मेडिकेयर हिमांचल प्रदेश कुंजाहाल व मार्केटर फर्म मेसर्स मेडली फार्मास्टिकल लि. मुम्बई व इसी प्रकार एक और औषधि पाइपरासीलिन एंड टैजोबेक्टम इंजेक्शन बनाने वाली फर्म सोलवो लैबोटरीज हरयाणा की सक्रिय औषधि शून्य पाया गया, ये दवा नकली पायी गयी।

बताया कि मेसर्स क्योर हेल्थ फार्मास्टिकल लि. द्वारा कई वर्षो से धड़ल्ले से नकली दवाएं बनायी जा रही हैं। इसी फर्म की एक जीवन रक्षक दवा इंजेक्शन नकली पायी गयी थी। उन्होंने बताया कि नकली औषधि के खिलाफ लगातार जांच की जा रही है, इसके साथ ही जिले में अस्पतालों में बने सभी फार्मेसी में बिकने वाली दवाओं की जांच की जाती है, जिसमें गलत होने पर कार्रवाई की जा रही है। नकली औषधि बनाने वाली फर्मो को लगातार नोटिस जारी की जा रही है।

## सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए टेबल-बेंच की व्यवस्था

**वाराणसी।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से एक देश समान शिक्षा अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में संसाधन विकास कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में चौबेपुर संकुल के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर एवं धौरहरा संकुल के संविलियन विद्यालय मोलनापुर एवं प्राथमिक विद्यालय दुवान बस्ती की सभी कक्षाओं के लगभग 280 बच्चों के बैठने के लिए टेबल बेंच की व्यवस्था सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से की गयी है। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल चौबेपुर के प्रधानाध्यापक नागेन्द्र यादव ने कहा कि संस्था का यह प्रयास अनुकरणीय और सराहनीय है। समाज के सक्षम लोगों को अपने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों को समृद्ध और सुंदर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। स्वागत करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए हम सबको मिल कर प्रयास करना होगा जिससे हमारी अगली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो। मौके पर दीन दयाल सिंह, जीतेन्द्र सिंह, रमेश प्रसाद,प्रवीण सिंह, डॉ. शशि भूषण सिंह, सूरज पाण्डेय, रमेश प्रसाद, अतुल पाण्डेय, राम समुझ, गंगाधर पांडेय, जगदीश चौबे, जगदीश शरद, अनिल कुमार, ज्योति प्रकाश गुप्ता आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

# माघ मेले में गईं बसें यात्रियों को परेशानी



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रयागराज में आयोजित माघ मेला में लगायी गयी अतिरिक्त बसों के चलते शनिवार को कैंट रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों को बसों के लिए भटकना पड़ा।

माघ मेला में शनिवार को मौनी आमावस्या होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में संगम में स्नान के लिए घरों से निकले, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाराणसी परिक्षेत्र की बसों को जौनपुर, बदलापुर, भदोही, सहित वाराणसी के अन्य स्थानों पर शुक्रवार की रात से ही लगा दिया गया था। इसके चलते रोडवेज बस स्टेशन पर बसों की कमी होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जौनपुर के लिए भटके यात्री

सबसे ज्यादा परेशानी जौनपुर मार्ग पर हुई इस मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को बस के लिए घंटो इंतजार करना पड़ा, रोडवेज स्टेशन प्रबंधन की ओर यात्रियों की सुविधा के लिए दूसरे मार्ग की बसों को मांग वाली मार्गो पर लगाना पड़ा।

### बोले यात्री

जौनपुर के रुहट्टा में रहने वाले सलीम ने बताया कि उनकी वहां दुकान है माल लेन बनारस आये थे, जौनपुर के लिए जहां मिनट टू मिनट बसें उपलब्ध रहती थी ऐसे में शनिवार को दो घंटे बाद बस मिली, वहीं परिवार के साथ जौनपुर जा रहे राहुल पांडेय ने बताया कि बसों के चलते एक घंटे से बस स्टैंड पर खड़ा रहना पड़ा।

# पंजाब के सेवादार संत रविदास की जन्मस्थली सीर पहुंचे

**आगमन**

**संभाली कमान, लंगर की तैयारी में जुटे**

**वाराणसी।** संत गुरु रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर पहुंचने के बाद सेवादारों ने कमान संभाल लिया है। लंगर के किचन में प्रयोग होने वाले मसाला बनाने आटा की पिसाई करने में जुट गए हैं। पंजाब से 100 की संख्या में सेवादारों की दूसरी संगत शनिवार को पहुंचा है। अमृतवाणी की पाठ चल रही है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर में परिसर में इस साल सीसीटीवी कैमरों की संख्या 16 से बढ़ाकर 24 किया जाएगा। साथ पंडाल से लेकर सत्संग हाल तक दर्जनों की संख्या में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। जिसके लिए कंट्रोल रूम बनवाया जाएगा। अस्थायी पुलिस चौकी दो फरवरी से सीरगोवर्धनपुर में खुल जाएगा। इसके पूर्व पंजाब जालंधर से सेवादारों का पहला जत्था शुक्रवार की देर रात सीरगोवर्धनपुर रविदास मंदिर पहुंचा। पहले जत्था में 125 सेवादार हैं। संत रविदास जयंती में सुरक्षा कमान संभालने के लिए मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पांच हजार से अधिकारी सेवादारों की ड्यूटी शिफ्ट में लगाई जाती है। सेवादारों के साथ लंगर पकाने के लिए लकड़ी चिराई करने वाले पंजाब से एक दर्जन मजदूर भी आए हैं। सेवादारों का दूसरा जत्था 26 जनवरी को पहुंचेगा। जिसमें हजार की संख्या में सेवादार होंगे। सेवादार पहुंचने के बाद जयंती से जुड़ी तैयारियों में जुट गए हैं। मंदिर के भीतरी हिस्से का रंग रोगन का काम चल रहा है। अमृतवाणी का पाठ रोज सुबह से दोपहर तक चल रहा है। अमृतवाणी का पाठ करने के लिए पंजाब से आए हैं। अमृतवाणी का पाठ पांच फरवरी को जयंती के दिन समाप्त होगा। स्पेशल ट्रेन खुद के पैसे से चंदा लगाकर बुक करते हैं। स्पेशल ट्रेन से तीन फरवरी को संत निरंजन दास सीरगोबर्धनपुर पहुंचेंगे। जयंती को लेकर तेज हो गई हैं। पंडाल निर्माण का काम अंतिम रूप में चल रहा हैं।

## सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बंद हो व्यापारियों का उत्पीड़न

**वाराणसी।** महानगर उद्योग व्यापार समिति की शनिवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए। व्यापारियों ने पीएम मोदी व सीएम योगी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उत्पीड़न पर अविलम्ब विराम लगवाने की मांग की। संरक्षक श्रीनारायण खेमका ने कहा कि जी20 के नाम पर सड़क चौड़ीकरण से व्यापारियों व आम जनता में काफी रोष है। अगर जनता व व्यापारियों का उत्पीड़न सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बंद नहीं हुआ तो इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि अगर पीएम व सीएम को विकास ही करना है तो शहर से बाहर एक नई काशी बसाया जाए। काशी के स्वरुप से छेड़छाड़ न किया जाए वरना आने वाले 2024 के चुनाव में इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बैठक में अध्यक्ष प्रेम मिश्रा, अशोक, गोकुल शर्मा, अजय गुप्ता, रजनीश कन्नौजिया, सोमनाथ विश्वकर्मा, सुरेश तुलस्यान, अजय जायसवाल आदि थे।

# विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग!

**भ्रष्टाचार की आशंका**

**चिरईगांव ब्लॉक के उकथी में ग्राम निधि की धनराशि में गोलमाल की शिकायत पर पहुंची जांच टीम**

**पैसे का उपयोग तो कर लिया गया, लेकिन विद्यालय में नहीं लगा झूला, खड़ंजा कार्य पर उठे सवाल**

जनसंदेश न्यूज



उकथी में सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत की जांच के लिए शनिवार को उपायुक्त एनआरएलएम गांव में पहुंचे

**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के उकथी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर निकाली गयी धनराशि की जांच करने के लिए शनिवार को टीम पहुंची। उनमें डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर ग्राम्य विकास विभाग के लेखाधिकारी राजेश सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के सहायक अभियंता शैलेंद्र सिंह आदि रहे। इस मौके पर पूछताछ के दौरान सचिव ने उन्हें बताया कि संबंधित कार्य पूर्व ग्राम प्रधान और तत्कालीन सचिव के कार्यकाल में कराया गया था। उसने यह आरोप भी लगाया कि उस समय तैनात रहे सचिव ने विकास कार्य संबंधी अभिलेख आजतक उपलब्ध नहीं कराए हैं। सो, कार्यों समेत उन पर खर्च की गयी धनराशि विवरण मुहैया कराने संभव नहीं है।

उकथी में कार्य कराए बगैर ग्राम निधि के खाते से धनराशि निकाले जाने की शिकायत की जांच करने के लिए यह टीम पहुंची थी। जिसके तहत गांव के कंपोजिट विद्यालय में झूला लगाने के नाम पर पैसा निकाला गया लेकिन अबतक परिसर में झूला लगा ही नहीं। गांव में खड़ंजा निर्माण के के लिए धनराशि खर्च की गयी परंतु मौके पर व्यय पैसे के सापेक्ष खड़ंजा नहीं दिखा। जांच टीम ने ग्राम पंचायत सचिव आशुतोष से कार्यों से जुड़े अभिलेख मांगे। इस पर सचिव ने उन्हें बताया कि पूर्व में तैनात रहे सचिव से इस गांव का अभिलेख हमें अबतक नहीं दिया है। वहीं, उपायुक्त एनआरएलएम श्री सोनकर ने बताया कि उकथी में कराये गये कार्यों का संबंधित ब्योरा वर्तमान सचिव ने उपलब्ध नहीं कराया। स्कूल में झूला नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सरकारी धन का दुरुपयोग का है।

# 'रन फॉर जी20' रैली में दौड़ा बनारस

**आयोजन**

**मुख्य कार्यक्रम सिगरा स्थित रुद्राक्ष से आरंभ होकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में संपन्न**

**दौड़ में शिक्षण संस्थाओं समेत सभी वर्गों की रही भागीदारी, ग्रामीण इलाकों में हुए कार्यक्रम**

जनसंदेश न्यूज



जनपद में शनिवार को आयोजित 'रन फॉर जी 20' रैली में भारी संख्या में प्रत्येक वर्ग के लोगों ने भागीदारी की

**वाराणसी।** वैश्विक परिदृश्य पर बीते आठ वर्षों में भारत न सिर्फ तेजी से उभरा है बल्कि और दुनियाभर में देश की भूमिका भी बढ़ी है। खासकर बीते कुछ महीनों में भारत को कई महत्वपूर्ण मंचों का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और एससीओ के बाद अब भारत को जी-20 का नेतृत्व करने का ऐतिहासिक मौका मिला है जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को अध्यक्षता का अवसर मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उसी परिप्रेक्ष्य में शासन के निर्देश पर शनिवार को जनपद में 'रन फॉर जी20' रैली का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ किया गया। उसमें भारी संख्या में प्रत्येक वर्ग की हिस्सेदारी रही।

रैली का मुख्य आयोजन सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर से था। उसमें सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वीसी प्रो. आनंद त्यागी, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल समेत अन्य अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों की रही। रैली वहां से साजन तिराहा, मलदहिया चौराहा होकर काशी विद्यापीठ परिसर स्थित महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुई। आरंभ में रुद्राक्ष में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। साथ ही जी-20 में शामिल देशों के राष्ट्रीय ध्वज पेश किये गये। गुब्बारा उड़ाकर रैली का शुभारंभ हुआ। दूसरी ओर, तेलियाबाग स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विवि से कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के नेतृत्व में रैली निकली। विकास खंडों में संबंधित बीडीओ के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने मिनी मैराथन का आयोजन हुआ। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार राजातालाब से निकली रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। बड़ागांव प्रतिनिधि के मुताबिक बसनी स्थित कंपोजिट विद्यालय से निकली रैली का नेतृत्व बीडीओ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार खंड विकास अधिकारी दीपाकंर आर्य तथा बीईओ देवीप्रसाद दुबे की अगुवाई में निकली रैली बाबतपुर तक हुई।

## भ्रम पैदा करने वाली सूचनाओं से करें परहेज

**वाराणसी।** बीएचयू के पत्रकारिता विभाग में आयोजित मीडिया और सूचना साक्षरता एवं विकास विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन शनिवार को सम्पन्न हुआ। इसमें लगभग 45 शोध पत्रों की प्रस्तुति हुई। वक्ताओं ने मीडिया और सूचना साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अरुणोदय विवि अरुणाचल प्रदेश के कुलपति ने कहा कि हमें भ्रम उत्पन्न करने वाले सूचना से भी लोगों को बचने और बचाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सूचना के विस्फोट के इस दौर में समाज के हर व्यक्ति-हर वर्ग के लोगों को यह बताना आवश्यक है कि हम सही सूचना और सही जानकारी के लिए प्रयत्नशील हो। पेड न्यूज के बढ़ते हुए दबाब के कारण आज समाज में सूचना का एक ऐसा संकट उत्पन्न हो रहा है कि लोग भ्रमित हो जा रहे हैं। सरोजिनी नायडू पत्रकारिता संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि नई दिल्ली के निदेशक प्रो. केएस अरुल सेलवन ने कहा कि भारत जैसे देश के लोगों को सही मीडिया व सूचना साक्षरता के लिए जागरूक करना जरूरी है।

# निवेशकों की चांदी, पर आमजन के लिए 'सपना'

## चांदी के भाव में लगातार चढ़ाव के चलते बाजार में उथल-पुथल

जितेंद्र श्रीवास्तव

**महंगाई की मार**

**एकाध दिन उतार के बाद बराबर चढ़ाव रहने से कारोबारी सकते में**

**इस साल 80 से 90 हजार रुपये प्रति किलो भाव पहुंचने के आसार**

**निवेशकों को इस साल चांदी दे सकती है 30 प्रतिशत तक रिटर्न**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मार्केट में चांदी की कीमत आसमान चढ़ने का असर लोकल बाजार में भी दिख रहा है। एकाध दिन उतार के बाद बराबर भाव चढ़ने से कारोबारी सकते हैं। चांदी के भाव में लगातार चढ़ाव के चलते सराफा बाजार में उथल-पुथल की स्थिति है। हालांकि, निवेशकों की जहां चांदी कट रही है। वहीं, आमजन के यह सफेद धातु भी अब 'सपना' सरीखा नजर आने लगा है। चांदी की बढ़ती कीमतों के चलते सराफा व्यापारी भी ग्राहकों (फुटकर कारोबारियों) को उधारी देने से इंकार करने लगे हैं। कारोबारियों की माने तो वैसे ही सराफा मार्केट में कारोबार 60-70 प्रतिशत उधारी पर टिका होता है। ग्राहक वक्त जरुरत पर चांदी या गहने ले जाते हैं और रुपये किस्त-दर-किस्त चुकाते हैं। मगर अब व्यापारियों ने ग्राहकों से मजबूरी जताते हुए चांदी या गहनें उधार पर देने से मना करने लगे हैं।

सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों ने बताया कि हर दिन चांदी का भाव चढ़ने-उतरने के कारण उन्हें उधारी देने पर उतने ही पैसे मिलते हैं, जितने में ग्राहक उस दिन माल खरीदते हैं। एक माह की अदायगी के बाद उतने ही वजन की कीमत बढ़ी हुई होती है। लिहाजा, फायदा की जगह नुकसान ही अधिक उठना पड़ता है। इसको ऐसे समझा जा सकता है कि मान लीजिए 19 जनवरी को ग्राहक ने एक किलो चांदी खरीदी और पैसा 20 जनवरी को अदा किया। अब 19 जनवरी को चांदी की कीमत 67200 रुपये प्रति किलो थी, जबकि 20 जनवरी को भाव चढ़कर 68000 रुपये हो गया। ऐसे में उनको 800 रुपये प्रति किलो का घाटा हुआ। यहीं वजह है कि कारोबारी अब रोजाना का हिसाब रखने लगे हैं। उधार मांगने वालों से यह शर्त होती है कि जिस दिन रकम अदा करेंगे तो उस दिन का भाव देना होगा। इसमें भी यह देखा जाता है कि खरीदारी वाले दिन से कम भाव न हो। हालांकि यह भी देखना होता है कि पुराने ग्राहकों से लेन-देन के दौरान थोड़ी-बहुत नरमी बरतनी पड़ती है अन्यथा ग्राहक के बिदकने का डर रहता है। इसका असर छोटे और बड़े सभी व्यापारियों पर पड़ रहा है।

सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों ने बताया कि पिछले साल दुनिया के कई देशों में महंगाई 40 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इसे कंट्रोल करने के लिए केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की। केंद्रीय बैंक अभी भी ब्याज दरों में इजाफे को लेकर अपने रुख पर बरकरार रखा है। इससे साल 2023 में मंदी की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। जब भी अर्थव्यवस्थाओं में मंदी आती है तो सोने के साथ ही चांदी की कीमतें भी ऊपर जाने लगती हैं। यही कारण है कि इस साल एक्सपर्ट्स चांदी की कीमतों में भारी उछाल का अनुमान जता रहे हैं। सोने से ज्यादा तेजी चांदी में आने का अनुमान है। इस साल चांदी का भाव 80-90 हजार रुपये प्रति किलो तक जा सकता है। जबकि निवेशकों को चांदी में 30 प्रतिशत तक का रिटर्न देखने को मिल सकता है। यदि आप भी इस साल निवेश के हिसाब से सोना खरीदने की सोच रहे हैं? तो जरा रुकिए। सोने से ज्यादा रिटर्न आपको चांदी में देखने को मिलने वाला है। साल 2023 में सोने की तुलना में चांदी दोगुना मुनाफा दे सकती है।

### इन वजहों से आएगी चांदी में तेजी

- चांदी की इंडस्ट्रीयल डिमांड बढ़ रही है। यह बढ़ी हुई डिमांड कीमतों को ऊपर ले जाएगी।
- चांदी में मजबूत ईटीएफ इन्वेस्टमेंट डिमांड देखने को मिल रही है। यह डिमांड कीमतों को सपोर्ट करेगी।
- यूएस फेड का ब्याज दरों पर आक्रामक रुख बरकरार रहने से बांड यील्ड में गिरावट आती है तो यह चांदी की कीमतों को सपोर्ट करती है।
- टेलीकॉम कंपनियां 5जी टेक्नोलॉजी की तरफ शिफ्ट हो रही हैं। 5जी टेक्नोलॉजी में चांदी का इस्तेमाल होता है। इससे भी चांदी की डिमांड बढ़ी है।
- सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में चांदी का उपयोग होते हैं। यहां से चांदी की अच्छी डिमांड देखने को मिल रही है। यह कीमतों को ऊपर ले जाने का काम कर रही है।
- जब भी दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव देखने को मिलता है तो सोना-चांदी सेफ हैवन एसेट बनने लगते हैं। इससे कीमतों में तेजी आती है। इस समय रूस-यूक्रेन युद्ध जस का तस बना हुआ है। इसके अलवा चीन-ताइवान में भी विवाद बढ़ता जा रहा है।
- साल 2023 में दुनियाभर में मंदी की आशंका बढ़ रही हैं। अमेरिका में मंदी आना तय है। 2023 चीन के लिए भी काफी खराब साबित होने वाला है। आईएमएफ का अनुमान है कि इस साल एक तिहाई दुनिया मंदी की चपेट में होगी। मंदी की स्थिति में सोना-चांदी सेफ हैवन एसेट के रूप में मजबूत होता है और कीमतों में तेजी आती है।

### एक नजर चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर

| तारीख | कीमत (प्रति किलो) |
|---|---|
| 20 जनवरी 2023 | 68000 रुपये |
| 20 दिसम्बर 2022 | 64000 रुपये |
| 19 नवम्बर 2022 | 60700 रुपये |
| 20 अक्टूबर 2022 | 57500 रुपये |
| 20 सितम्बर 2022 | 57600 रुपये |
| 20 अगस्त 2022 | 58650 रुपये |
| 20 जुलाई 2022 | 57300 रुपये |
| 20 जून 2022 | 62400 रुपये |
| 20 मई 2022 | 63900 रुपये |
| 20 अप्रैल 2022 | 69600 रुपये |
| 21 मार्च 2022 | 67950 रुपये |
| 21 फरवरी 2022 | 65000 रुपये |
| 20 जनवरी 2022 | 65200 रुपये |
| 21 दिसम्बर 2021 | 62700 रुपये |
| 20 नवम्बर 2021 | 67650 रुपये |
| 21 अक्टूबर 2021 | 66100 रुपये |

## संक्षेप

### नेताजी जयंती पर सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण

**वाराणसी।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को संभागीय परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पर मानव श्रृंखला आयोजन किया जायेगा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया की सड़क सुरक्षा माह में 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के शुभ अवसर पर जनपद स्तर पर, तहसील स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर एवं जनपद के समस्त विद्यालयों एवं कार्यालयों में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। मानव श्रृंखला में समस्त सरकारी कार्यालयों के कर्मियों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त स्टेक होल्डर्स, विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिभागियों एवं बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। मानव श्रृंखला स्टेकहोल्डर, विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एन.जी.ओ स्वयंसेवी संस्थाओं, एन.सी.सी. एन.एस.एस. स्काउट गाइड, माध्यमिक व उच्च शिक्षा के छात्रों तथा आम जनमानस की सहभागिता से जनपद स्तर पर 3,500 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी द्वारा माध्यमिक शिक्षा के 10 विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनके छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला में प्रतिभाग किया जायेगा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक 25 प्रतिभागियों के समूह पर सड़क सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण कराये जाने के निमित्त कुल 500 शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है।

### लोलार्कादित्य महादेव का प्रथम अन्नकूट शृंगार आज

**वाराणसी।** काशी के लोलार्कादित्य महादेव का प्रथम अन्नकूट श्रृंगार महोत्सव माघ सुदी प्रतिपदा 22 जनवरी को होगा। मंदिर के महंत पं. शिवप्रसाद पांडेय लिंगिया महाराज ने बताया कि काशी के इस पावन मंदिर में अवसर विशेष पर विविध अनुष्ठान तो किए जाते हैं किंतु अन्नकूट श्रृंगार का यह पहला अवसर है। इससे पूर्व मंदिर में इस प्रकार के अनुष्ठान नहीं किए गए थे। 22 जनवरी को पूजन अर्चन का कार्य ब्रह्म मुहूर्त में आरंभ हो जाएगा। बाबा को पंचामृत स्नान कराने के उपरांत विभिन्न प्रकार के मौसमी पुष्पों एवं पत्रियों से उनका भव्य श्रृंगार किया जाएगा। उन्हें स्वर्ण एवं रजत आभूषण धारण कराए जाएंगे।

### पंचायत सहायक चुनाव में जयहिन्द अध्यक्ष, शालिनी महामंत्री

**काशी विद्यापीठ।** विकास खंड सभागार में समस्त पंचायत सहायकों की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष पद पर जयहिंद कुमार व महामंत्री पद पर शालिनी यादव को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पंचायत सहायकों को उनके हितों की रक्षा करने व निष्पक्षता से जिम्मेदारी निभाने का वचन दिया। इस दौरान मोहम्मद इमरान, मनोज राय, संजू मौर्या, सरिता सिंह,आरती देवी, रोहित विश्वकर्मा, आदित्य गौतम आदि मौजूद थे।

### रोडवेज कैंट में चार कर्मचारियों की विदाई

**वाराणसी।** रोडवेज के चार कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को कैंट डिपो में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कैंट डिपो के कार्यशाला में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सर्विस प्रबंधक प्रियम श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के रुप में एआरएम वित्त का कर्मचारियों की ओर से स्वागत किया गया। विदाई समारोह में सभी कर्मचारियों परिचालक अवधेश नारायण सिंह, परिचालक अलियार यादव, चालक फिरनू राम, बाबू विश्राम यादव को माला पहनाकर व रामचरित मानस की पोथी देकर सम्मान किया गया। रोडवेज यूनियन से जुड़े लोगों ने सभी को बधाई दी और उनके सेवानिवृत्त जीवन की सफलता के लिए शुभकामना देते हुए उनके साथ बिताये गये कार्यकाल की स्मृति को जींवत किया। सेवा प्रबंधक प्रियम श्रीवास्तव ने कहा कि सर्विस के तहत कर्मचारियों की व्यवहार कुशलता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस दौरान एस के श्रीवास्तव, कर्मचारी नेताओं में मुमताज अहमद, अजय सिंह, विभूति नारायण सिंह, अमरनाथ तिवारी, रमेश सिंहअजय सिंह, शिशिर खरे, प्रकाश आदि थे।

### 27 को कैंप लगाकर लक्ष्य करेंगे पूर्ण

**वाराणसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी बैंक सखियों के कार्यों की एक समीक्षा बैठक शनिवार को चौकाघाट क्षेत्र में किया गया। इस मौके पर संबंधित बैंक के अफसरों सीसीएल कराने में आ रही समस्याओं पर का समाधान बताया। उन्हें बताया गया कि आगामी 27 जनवरी शिविर लगाकर लगभग 100 सीससीएल कराने का लक्ष्य पूर्ण कराने का प्रयास होगा। बैठक के दौरान सात बैंक सखियों को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, मनोज कुमार झा, अजीत कुमार आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### स्वरोजगार के लिए बांटे लोन



**पिंडरा।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित ऋण वितरण शिविर में एसडीएम अंशिका दीक्षित ने चिह्नित 11 पात्रों को 28 लाख रुपये का लोन बांटा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऋण लेने से अधिक महत्व उसके उपयोग और समय से अदायगी का है। जिन लाभार्थियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से लोन उपलब्ध कराया गया उन्हें एसडीएम ने जनरल स्टोर, जनसेवा केंद्र, टेंट हाउस और पॉवरलूम लगाने के लिए ऋण का चेक सौंपा। साथ ही समय से लोन की किश्त देने वाले नौ लाभार्थियों का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग विजय सिंह, अवधेश कुमार, तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार साक्षी राय तथा राधेश्याम यादव वगैरह की मौजूदगी रही।

### चिह्नित दिव्यांगजनों के लिए दो दिनी कैंप कल से

**वाराणसी।** जनपद में पहले से चिह्नित 278 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगाने एवं सहायक उपकरण आदि उपलब्ध कराने के लिए दो दिनी शिविर पांडेयपुर क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के डीडीआरसी में 23 व 24 जनवरी को शिविर लगाया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग की कृत्रिम अंग निर्माण एवं सहायक उपकरण वितरण योजना में कृत्रिम हाथ-पैर, कैलीपर, ज्वाइंट्स आदि लगवाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कैंप पूर्वाह्न दस से शाम पांच बजे तक लगेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण निःशुल्क मुहैया कराए जाएंगे।

### काशी की जनता कराएगी ढुंढिराज गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ गली के ढुंढिराज गणेश मंदिर को हटाने के मामले पर काशी की जनता में आक्रोश है। वहीं केंद्रीय ब्राह्मण महासभा ने इस मामले में अन्नपूर्णा मंदिर के महंत समेत काशी के गणमान्य लोगों को पत्र लिखकर कहा है कि अगर आप लोग मंदिर का जीर्णोद्धार कराने में सक्षम नहीं हैं तो काशी की जनता मंदिर का जीर्णोद्धार कराने की जिम्मेदारी उठाएगी। केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि ढुंढिराज गणेश को उनके मूल स्थान से किसी भी कीमत पर विस्थापित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं मंदिर के पुजारी परिवार के प्रवीण उपाध्याय ने कहा कि रास्ते को चौड़ा करने के लिए ही ढुंढिराज गणेश मंदिर को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### खेलकूद केंद्रों ने कराई खेल स्पर्धा



**वाराणसी।** सूर्या फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष कबड्डी प्रतियोगिता कराया जाता है। इस बार भी युवाओं में खेल के प्रति आकर्षित करने के लिए सूर्या फाउंडेशन अपने खेलकूद केंद्रों के माध्यम से खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस खेल प्रतियोगिता सप्ताह व्यापी चलता है जिसके तहत कादीपुर गांव तथा उसके आसपास के 7 गांव को लेकर खेल प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 16 जनवरी से 22 जनवरी तक कादीपुर गांव में चल रहा है। इसके तहत क्रिकेट वॉलीबॉल कबड्डी सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता 500 मीटर तथा एक किलोमीटर का दौड़ प्रतियोगिता रस्साकशी के आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत शनिवार को कबड्डी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख गजानंद चौहान ने बताया कि आदर्श गांव कादीपुर मैं सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के तहत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व कबड्डी हुई। कबड्डी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश बिंद सत्य ने किया। मां विंध्यवासिनी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व सीडीओ नारायणी प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहे। गांव के आसपास के 25 टीमों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें दूसरे राउंड में कादीपुर, कंदवा परमानंदपुर व बंदे पुर मिसिरपुर आदि गांव में दूसरे राउंड में खेला जाएगा। जिसका समापन 22 जनवरी दिन रविवार को मुख्य अतिथि पूनम मौर्या समापन करेंगी।

# ट्रक-पिकप की टक्कर में 16 महिलाएं घायल


घायलों को एम्बुलेंस में चढ़ाते लोग


क्षतिग्रस्त ट्रक

**हादसा**

### गंगा स्नान करने पिकप से जा रही थीं उजियार घाट

**बलिया।** मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने उजियार गंगा घाट पर जा रही पिकअप लक्ष्मणपुर चट्टी के आगे ट्रक से टकरा गई। इससे पिकअप में सवार 16 महिलाएं घायल हो गई, जबकि तीन महिलाओं को मामूली चोटे आई है। आस-पास के लोगों ने घायलों को सीएचसी नरही पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिलाओं को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने के लिए शनिवार को एनएच-31 पर वाहनों का बड़ी संख्या में आवागमन था। आधी रात को शुरू हुई हल्की बारिश सुबह तक जारी रहा, जिसके कारण सड़क पर फिसलन हो गया था। शनिवार की सुबह फेफना थाना क्षेत्र के मरगूपुर गांव की महिलाएं पिकअप पर सवार होकर उजियार गंगा घाट स्नान करने जा रही थी। जैसे ही पिकअप लक्ष्मणपुर चट्टी के आगे पहुंची कि सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे चला गया। घटना के बाद चीख-पुकार होने पर ग्रामीण तथा पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों में अहिल्या (45), नीलम (48), मालती (55), माला सिंह (50), कमली देवी (50), सीता (60), रेनू सिंह (55), रीमा सिंह (43), सुशीला सिंह (45), ज्ञान्ती देवी (45), अंशिका (10), मीरा सिंह (50) एवं लक्ष्मी (48) शामिल है। सभी घायल महिलाओं को सीएचसी नरहीं पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर कमली, रीमा, रेनू, अंशिका, माला, नीलम, सीता, लक्ष्मी व मालती को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं, घटना की जानकारी होने पर परिजन सीएचसी नरही पर पहुंच गये। इधर, एक अन्य घटनाक्रम में चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के धर्मापुर में बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान करने जा रही गाजीपुर जिले की उर्मिला (45) बोलेरो की टक्कर से घायल हो गई। इनको भी सीएचसी नरहीं पहुंचाया गया।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**मौनी अमावस्या**

### गंगा मइया का विधि-विधान से किया पूजन-अर्चन


मौनी अमावस्या पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु

**बलिया।** मौनी अमावस्या का पर्व शनिवार को पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान गंगा स्नान के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगा घाटों पर भक्तजन स्नान, दान-पुण्य व पूजन करने में जुटे रहे। नगर के महावीर घाट, शिवरामपुर घाट, संगम तट सहित अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई और कुशलता की कामना की।

ठंड के बीच हजारों की तादाद में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे थे। मौनी अमावस्या पर लोगों ने स्नान करने के साथ ही विधि-विधान से गंगा मइया का पूजन-अर्चन भी किया और जरूरतमंदों को दान दिया। इस दौरान शहर के प्रमुख जगहों पर पुलिस की तैनाती रही। पावनी मां गंगा के घाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं ने स्नान-दान करने के साथ ही गंगा की आरती भी उतारी। मौनी अमावस्या स्नान की वजह से नगर में काफी भीड़ रही।

गंगा स्नान के बाद नगर के बालेश्वर मंदिर व भृगु मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पूजा के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। शास्त्र के अनुसार इस दिन गंगा स्नान व दान करना पुण्यदायी होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान के बाद भगवान विष्णु और शिव की आराधना का भी विधान है। परंपरानुसार लोगों ने मंदिरों मे दर्शन पूजन किया और प्रभु से आरोग्य की कामना की।

### धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है मौनी अमावस्या

**बलिया।** धार्मिक दृष्टि से मौनी अमावस्या को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन मौन रहकर किसी पवित्र नदी और जलकुंड में स्नान व दान करने का विशेष महत्व माना गया है। ऐसी मान्यता है कि अगर इस अमावस्या पर मौन रहें तो इससे अच्छे स्वास्थ्य और ज्ञान की प्राप्ति होती है। ग्रह दोष दूर करने के लिए भी पर्व खास होता है। मौनी अमावस्या पर शनिवार को हजारों लोगों ने गंगा, तमसा और सरयू के घाटों पर डुबकी लगाई।

# बैनामे को लेकर बढ़ा किसानों का रुझान

**बलिया।** ग्रीन फील्ड परियोजना का काम समय पर शुरू करने को लेकर कार्यदायी संस्था भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) ने प्रयास तेज कर दिये है। जमीन की रजिस्ट्री कराने को लेकर दो तहसीलों बलिया सदर और बैरिया के किसानों का रूझान भी बढ़ा हैं। जमीन का बैनामा के लिये तहसील प्रशासन की ओर से किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसका भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ लगातार बैठक आदि का नतीजा है कि अब इस परियोजना के लिये जमीन बैनामा के काम ने तेजी पकड़ ली है। बैरिया एसडीएम आत्रेय मिश्र के अनुसार किसानों को घर से तहसील तथा वापस घर पहुंचाने के लिये वाहन का इंतजाम भी किया गया है। कार्य तेजी से हो सके, इसके लिये अन्य तहसीलों से दो कानूनगो व चार लेखपालों को बुलाया गया है। अब तक करीब साढ़े तीन सौ किसान बैनामा कर चुके है तथा लगभग तीन सौ के खाते में पैसा भी भेजा जा चुका है। अन्य के एकाउंट में पैसा भेजने की प्रक्रिया चल रही हैं। बैरिया में जमीन का दर निर्धारण आदि को लेकर किसनों की आपत्ति आदि के चलते बैनामा की रफ्तार सुस्त पड़ी गयी थी। बाधा को दूर करने के लिये अधिकारी लगातार प्रयासरत थे। किसानों की डीएम से भी वार्ता कराकर उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश की गयी।

### किसानों से की सहयोग की अपील

**बलिया।** इस संबंध में परियोजना प्रबंधक एसपी पाठक ने बताया कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिये टेंडर का काम पूरा हो चुका है। कुल जमीन का 90 फीसदी बैनामा होते ही काम शुरू हो जाएगा। किसानों से अपील है कि विकास के इस कार्य में सहयोग दें, ताकि जनपद की तरक्की हो सके। बलिया से देश के सभी महानगरों तक कम समय में पहुंचा जा सकता है।

## कल से होगी जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता

**बलिया।** युवक संघ नरही के तत्वावधान तथा नरही ग्रामवासियों के सौजन्य से जय बाबू राय बाबा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 31 जनवरी तक किया जाना है। नरही खेल मैदान पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के इस सत्र का उद्घाटन 23 जनवरी को वरिष्ठ समाजसेवी अजीत राय द्वारा किया जायेगा। शनिवार को नरही स्थित कृष्णा शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कालेज पर प्रतियोगिता के निमित्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के सदस्य एवं राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी सौरभ समीर राय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिहार इलेवन, हरपुर, भोजपुर (सभी बिहार), पखनपुरा, रेवतीपुर, रक्सहा, बारा (सभी गाजीपुर) एवं मेजबान नरही समेत कुल आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला 23 जनवरी एवं फाइनल मुकाबला 31 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतिदिन केवल एक मुकाबला अपराह्न दो बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रेसवार्ता में कृष्णा शिक्षा निकेतन के प्रबंधक रविकांत उपाध्याय, सत्यम राय एवं आदित्य सिंह उपस्थित रहे।

# बिना लाइसेंस चल रहे मैरिज हाल

**मनमानी**

### इसके बाबत किसी विभाग के पास नहीं है लेखा-जोखा

### यहां न तो सुरक्षा की व्यवस्था है और न पार्किंग की सुविधा

जनसंदेश न्यूज

## घटना होने पर कैसे होगी कार्रवाई

**बैरिया।** हर्ष फायरिंग से हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डीजीपी ने पूरे प्रदेश में यह निर्देश जारी किया है कि होटल, मैरिज हाल एवं अतिथि गृहों की बैठक बुलाकर हर्ष फायरिंग पर रोक की जानकारी दी जाए। इसके बाद यदि कहीं हर्ष फायरिंग होती हैं तो उस मैरिज हाल का लाइसेंस निरस्त कराया जाए। क्षेत्र में दर्जनां से अधिक मैरिज हाल व अतिथि गृह संचालित हैं, लेकिन लाइसेंस किसी का जारी ही नहीं हुआ। ऐसे में घटना होने पर कार्रवाई कैसे हो पाएंगी?

**बैरिया।** शादी विवाह के लिए बुक होने वाले वाले मैरिज हाल पर नियम-कानून का कोई बंधन नहीं है। इनकी आमदनी भी लाखों में है। एक दशक से बैरिया क्षेत्र में तकरीबन छोटे-बड़े दर्जनों मैरिज हाल खुल गए है। यह बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रहे हैं। नक्शा विहीन मैरिज हाल में न तो सुरक्षा की व्यवस्था है और न ही पार्किंग की सुविधा है। अग्निशमन के मानक की अनदेखी मुसीबत में डाल सकती है।

नियम भी गजब का है। एक तरफ जहां गुमटी व खोमचे वालों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ करोड़ों का कारोबार करने वाले मैरिज हाल का लाइसेंस न होना प्रशासनिक व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। मैरिज हाल में कम से कम एक से दो हजार की भीड़ एक मांगलिक कार्यक्रम में एकत्रित होती है। आखिर इसके लिए जिम्मेदारी किस विभाग की है। यह भी तय नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में यूं तो मैरिज हाल संचालन एक दशक पहले शुरू हुआ था। पहले इनकी संख्या दो-चार थी, लेकिन अब तो मैरिज हाल गली-कूचों में खुल गए है। आबादी के अंदर मानक विहीन चल रहे मैरिज हाल आम जनता के जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर रहे है। मजे की बात तो यह हैं कि प्रशासन एवं नगर पंचायत सहित किसी विभाग के पास मैरिज हाल की संख्या के बाबत कोई लेखा-जोखा नहीं है। शादी-समारोह में एक से दो हजार की आने वाली भीड़ की सुरक्षा के प्रति लापरवाही जनजीवन के साथ खिलवाड़ है।

> यह सच हैं कि यहां किसी मैरिज हाल का लाइसेंस नहीं बना है। मैरिज हाल संचालन के लिए निर्धारित नक्शा होना जरूरी है। महानगरों में लाइसेंस की व्यवस्था है। अब इसे यहां भी प्रभावी किया जाएगा। क्षेत्र के मैरिज हाल की सूची तैयार की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई होगी।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

**संक्षेप**

### आग में जलकर लाखों का सामान राख



**बलिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वजीरापुर गांव में बिजली के शार्ट-सर्किट से दो घरों में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पाया। घटना गुरुवार की है। बताया जाता है कि वजीरापुर गांव निवासी लाल बहादुर एवं सोनू यादव का परिवार खेत में काम करने गया था। अपराह्न लगभग दो बजे उनके घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित लाल बहादुर का 40 हजार रुपये नगद तथा आभूषण और सोनू यादव के घर का कीमती सामान जलकर राख हो गया है। खाने के लिए रखा गया राशन तक जल गया है। पीड़ितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

### चित्रकला प्रतियोगिता कल

**बलिया।** केन्द्रीय विद्यालय जीराबस्ती में 23 जनवरी को पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 12 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें 17 विद्यालयों के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसका भीम प्रधानमंत्री द्वारा रचित पुस्तक एग्जाम वारियर्स में परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए बताये गये 25 मंत्र है। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य प्रेम कुमार ने देते हुए बताया कि 100 प्रतिभागियों को पुरस्कार, पुस्तक के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

### मृत छात्रनेता के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि जनपद के क्रांतिकारी छात्रनेता मनीष दूबे मनन की मृत्यु करंट लगने के कारण 14 जनवरी को हो गई। बावजूद इसके अभी तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या जिले का अधिकारी उनके दरवाजे पर नहीं पहुंचा है। पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा दिये जाने वाला योगदान भी नहीं मिला है। इसकी मै घोर निंदा करता हूं। चेताया कि यदि 24 घंटे के अंदर मुआवजा नहीं दिया गया तो पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति आंदोलन करने को बाध्य होगी। इसकी सारी जिम्मेदारी विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन की होगी।

### आवश्यक बैठक आज

**बैरिया।** जनपद के विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के नव नियुक्त समस्त जिला एवं ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक बैरिया स्थित शिवानन्द सदन पर 22 जनवरी को अपरान्ह दो बजे आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए विश्व व्यापी ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष सीबी मिश्र ने समस्त पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अपने इष्ट बन्धुओं सहित निश्चित पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

### युद्ध स्तर पर हो रहा अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कस्बे में पंचायत द्वारा दी गई भूमि पर बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। प्रशासन के निर्देश पर इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करना भी है। इसके बन जाने पर इसमें कूड़ा इकट्ठा किया जाएगा। फिर इसके निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसी क्रम में गांव को स्वच्छ रखने के लिए खाद गड्ढे, सोख्ता गड्ढे, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, स्थाई डस्टबिन का निर्माण, तालाबों में गंदे हो काले पानी के बहाव के रोकने की व्यवस्था भी किया जाना है। प्रधान अभिमन्यु चौहान ने बताया कि समय सीमा के अंदर अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

### दुकान से घर नहीं पहुंचा युवक, परिजन चिंतित

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर, दिघार निवासी 18 वर्षीय युवक बीते शुक्रवार की शाम थाना के पास स्थित अपनी दुकान को बंद कर अपने घर को चला, लेकिन शनिवार तक घर नहीं पहुंचने से परिवार के लोग परेशान हैं। युवक के पिता ने थाना में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। जानकारी के अनुसार रामपुर, दिघार निवासी मैनुद्दीन का बड़ा पुत्र शमसाद थाना बस स्टैंड मार्ग पर थाना के पास स्थित मस्जिद से लगे दुकान में के जीएन आनलाइन सेन्टर एवं जनसेवा केन्द्र चलाते हैं। शमसाद लगभग एक सप्ताह से कोलकाता गये हुए हैं। इस बीच शमसाद का छोटा भाई इरसाद उक्त जनसेवा केन्द्र पर बैठता था। इरसाद के पिता मैनुद्दीन ने बताया कि प्रतिदिन की भांति शाम को इरसाद दुकान बन्द करने के पश्चात घर पहुंच जाता था। बताया शुक्रवार की शाम दुकान बन्द करने बाद इरसाद अब तक घर नहीं पहुंचा तो रिश्तेदारी सहित अन्य सम्भावित स्थानों पर पूछताछ की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया।

### चंदौली की टीम ने वाराणसी को हराया



**नगरा।** राज्य स्तरीय सप्ताहिक नगरा डायमण्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर चन्दौली की टीम ने वाराणसी को हराकर भारी रनों के अन्तर से जीत हासिल किया। टास जीतकर चन्दौली की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओभर में 167 रन बनाया। वाराणसी की टीम 128 रन पर ही सिमट गई। मुख्य अतिथि छात्र शक्ति इन्फ्रा कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक रमेश सिंह ने शनिवार को फीता काटने के बाद बल्लेबाजी करके मैच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रह्लाद सिंह, निर्भय प्रकाश, देवनारायण देवा भाई, राजू सोनी, जयप्रकाश जायसवाल, रामदरश क्रान्ति, केपी यादव, राजबहादुर सिंह अंशु, रामायण ठाकुर, अखिलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। आयोजक मण्डल के अरुण पाण्डेय चुलबुल, अब्दुल्ला शाह, बशीर शाह, आसिफ हासमी, दिलिप सिंह, मु. समीप, कृष्णा यादव, राजेश यादव आदि ने मुख्य अतिथि सहित आगन्तुकों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। उद्घोषक डा. संजय सिंह व अमरेश त्रिपाठी, लाइव ब्राडकास्टिंग अयान व सानू, स्कोरर अरबाज व धनपाल, एम्पायर सोनल चन्द्रा शाहजहांपुर व मिथिलेश बलिया रहे। विजयी टीम को काशीनाथ जायसवाल ने पुरस्कृत किया।

# सैनिक सम्मान के साथ जवान की अंत्येष्टि


साथी के पार्थिक को कंधा देते सेना के जवान

**बैरिया।** भारतीय सेना के जवान चंद्रशेखर सिंह की अन्त्येष्टि शनिवार को सैनिक सम्मान के साथ महुली गंगा तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके 16 वर्षीय पुत्र आशुतोष सिंह ने दी।

बताया जाता है कि चंद्रशेखर सिंह (36) भारतीय सेना के मेडिकल कोर में लखनऊ में तैनात थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर सहयोगियों ने सेना अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर सेना की गाड़ी से शनिवार की सुबह उनके पैतृक गांव धतूरी टोला पहुंचा। सैनिक सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर सेना के जवानों एवं परिजनों ने महुली गंगा तट पहुंचाया, जहां धार्मिक रीति-रिवाज के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। इस मौके पर भारतीय सेना के जवानों ने मातमी धुन बजाया। अपने शस्त्रों को उल्टा कर उन्हें अंतिम सलामी दी। इस मौके पर दोकटी के थानाध्यक्ष मदन पटेल भी अपने सहयोगियों के साथ मौजूद रहे। धतूरी टोला निवासी स्व. जगन्नाथ सिंह के पुत्र चंद्रशेखर तीन भाईयों में सबसे छोटे थे। दो बड़े भाई वेद प्रकाश सिंह व ब्रह्म प्रकाश सिंह शिक्षक हैं। चंद्रशेखर सिंह की पत्नी के अलावा एक 12 वर्षीय पुत्री व 16 वर्षीय पुत्र है। इससे पूर्व शव के पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। वही, ग्रामीणों ने 'भारत माता की जय और चंद्रशेखर सिंह अमर रहे' के नारे लगाए। इधर, भूतपूर्व सैनिक संगठन की तरफ से मेजर शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने भी चंद्रशेखर सिंह को अंतिम सलामी दी।

### एसपी ने बदला तीन निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र

**बलिया।** एसपी राजकरन नय्यर ने जनहित एवं प्रशासनिक हित में कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के उद्देश्य से तीन निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इस बदलाव में सुखपुरा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह की कुर्सी छीन गई है। एसपी ने अमित कुमार सिंह को थाना बांसडीह पर निरीक्षक अपराध के पद पर भेजा है। निरीक्षक अपराध बांसडीह के पद पर तैनात कमलेश कुमार को आईजीआरएस प्रभारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक पारसनाथ सिंह को प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा के पद पर भेजा गया है। सुखपुरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के तबादले को अभी दो दिन पहले बलिया जिले के सुखपुरा चौराहे पर हुए चक्काजाम से संबंधित घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।

## बच्चों ने शिक्षकों को बनाया बंधक

**बैरिया।** गुरु परम्परा को मानने वाले समाज में शिष्यों को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, लेकिन बलिया जिले के शिक्षा क्षेत्र बैरिया में कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। परिषदीय स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों को बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर पहुंचे दुर्जनपुर की प्रधान रूपा सिंह के प्रतिनिधि गुड्डू सिंह के आश्वासन पर बच्चों ने प्रधानाध्यापक को बंधन से मुक्त किया। पूरा मामला दुर्जनपुर कंपोजिट विद्यालय का है। शुक्रवार को स्कूल के समय बच्चों ने सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कक्षा आठवीं के छात्र धीरज कह रहा है कि कोविड काल में मिलने वाले एमडीएम का कन्वर्जन कास्ट अभी तक किसी छात्र को नहीं मिला है, जबकि दूसरे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एमडीएम का कंवर्जन कास्ट मिल गया है। हम लोग कई बार प्रधानाध्यापक से कहें, किंतु उन्होंने पैसा नहीं दिया। खंड शिक्षा अधिकारी को भी बताया था, किंतु उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। वही, दुर्जनपुर कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि चौथे चरण का पैसा अभी मेरे खाते में नहीं दिया गया है। जल्द ही पैसा बच्चों में वितरित कर दूंगा।

# पोल व पेड़ के चलते नहीं खुल पाया टेंडर

जनसंदेश न्यूज

**समस्या**

### विगत 17 जनवरी को टेंडर खुलने की निर्धारित थी तिथि

**बलिया।** माल्देपुर से कदमतर तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर टेंडर खुलने का समय 17 जनवरी को था। लेकिन किसी कारणवश टेंडर नहीं खुल पाया। विभागीय सूत्रों से यह जानकारी मिली कि माल्देपुर से कदमतर तक बनने वाली चौड़ीकरण सड़क का निर्माण तभी संभव है, जब विद्युत पोल और पेड़ रास्ते से हटेगा। उसको शिफ्टिंग के लिये अलग से स्टीमेट बनेगा। फिर उसके बाद टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।

गौरतलब हो कि माल्देपुर से हैबतपुर तक सड़कों का चौड़ीकरण को लेकर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बहुत पहले से प्रयासरत है। इसके निर्माण को लेकर धन भी स्वीकृत हो चुके है। लेकिन एक मामला सामने यह आ रहा है कि आखिर बिजली का पोल और पेड़ हटाने में कितना खर्च आएगा। क्या वह खर्च स्वीकृत धनराशि में शामिल है या नहीं। ऐसे में सूत्र ने बताया कि पेड़ और बिजली का पोल हटाने का जो खर्च होगा, वह इस स्वीकृत धनराशि में शामिल नहीं है। इसके चलते अलग से उसका स्टीमेट बनेगा। वैसे, पहले यह चाहिए था कि सड़क से बिजली का पोल व पेड़ शिफ्टिंग करने के बाद सड़कों की चौड़ाई लेकर ही टेंडर की प्रक्रिया को आगे बढाना चाहिए था।

जानकारी यह है कि विभाग बहुत जल्दी इस पर गंभीरता से काम करेगा और जल्द ही शिफ्टिंग के बाद सड़क के चौड़ीकरण पर काम लगाएगा। विभागीय सूत्रों ये यह जानकारी मिली है कि सात-सात मीटर सड़कें, चार फीट का डिवाइडर व तीन-तीन फीट की नालियां दोनों तरफ होगी। अब देखना यह होगा कि पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड टेंडर प्रक्रिया को कब पूरा कराएगा।

## श्रद्धालुओं ने लिया गंगा सफाई का संकल्प

**बलिया।** जिले के श्रीरामपुर घाट पर गंगा भक्तों के समूह ने गंगा घाट को साफ किया और सालो साल गंगा सफाई का संकल्प लिया। इस बीच साबुन लगाकर गंगा में स्नान करने वालो को समझाया गया कि गंगा में गंदगी फैलाना न केवल कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर गंगा का अनादर भी है। मौनी अमावस्या पर शनिवार को महावीर घाट पर भी जन जागरण के क्रम में गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने कहा कि गंगा की सिसकी एवं उसकी माली हालत के प्रति जिम्मेवार लोगों की कर्तव्यनिष्ठा सवालों के घेरे में है। कहा कि गंगा के नाम पर किया जा रहा खर्च अनियमितता की चपेट में है। ब्रम्ह्द्रव गंगा का व्यवसायीकरण करना राष्ट्रीय नदी के प्रति शासन की उदासीनता का प्रमाण है। इस अवसर पर ऋषि कुमार, देशबंधु, अमित यादव, संतोष ठाकुर, नीरज वर्मा, विवेक सिंह, विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ में गूंजता था 'राम-भरत' का नाम

**राजनैतिक गलियारों से**

### चर्चा में रहा भाजपा एवं बसपा विधायक का विवाद


रामइकबाल सिंह


भरत सिंह

**बलिया।** एक वक्त था जब भाजपा के दो विधायकों की जोड़ी की राजनैतिक गलियारों में जबरदस्त तरीके से चर्चा में होती थी। उस समय जहां भरत सिंह भाजपा और बसपा के गठबंधन की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री थे, वहीं रामइकबाल सिंह भाजपा से विधायक थे। यह उस समय की बात हैं जब वर्ष 2002 में पहली बार चिलकहर विधानसभा सीट से राम इकबाल सिंह भाजपा से विधायक बने। वही, द्वाबा विधानसभा सीट से भरत सिंह भी विधायक बने थे।

नवनिर्वाचित दोनों विधायक जब सदन में पहुंचे तो बागी बलिया का नाम लखनऊ में गूंजने लगा। उसके बाद उत्तर प्रदेश में बसपा और भाजपा की मिलीजुली सरकार बनी। भाजपा विधायक रामइकबाल तो उस सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल नहीं हो सके, लेकिन भरत सिंह खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री बनाये गये। इसके बाद लखनऊसे राम और भरत की जोड़ी बलिया के लिए चली। भरत सिंह का मंत्री बनने के बाद पहली बार बलिया में आगमन हुआ। इनका जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। भरत और राम के स्वागत में सड़कों पर फूलों की वर्षा होती रही। मिठाईयां बंटती रही। फिर क्या हुआ कि भाजपा विधायक रामइकबाल सीएम मायावती के अति करीबी रसड़ा के तत्कालीन बसपा विधायक घूरा राम के खिलाफ हो गए? यह मामला पहाड़पुर से जुड़ा था। उस समय भाजपा विधायक रामइकबाल पहाड़पुर गांव के निवासी ओमप्रकाश राम को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतर आये। इसको लेकर तत्कालीन बसपा विधायक घूरा राम एवं भाजपा विधायक रामइकबाल आमने-सामने आ गये। उस समय चर्चा का विषय यह बना रहा कि सीएम मायावती के करीबी विधायक घूरा राम तथा भाजपा विधायक रामइकबाल का विवाद कैसे शांत हो? एक अवसर ऐसा आया जब अगस्त-2003 में रसड़ा ब्लाक के अंबेडकर ग्राम गुरगुजपुर में सीएम मायावती का दौरा व जनसभा था। सभा को संबोधित करने के बाद जब सीएम मायावती नीचे उतरने लगीं तो बसपा विधायक घूरा राम को देख भाजपा विधायक रामइकबाल पर हमला करना शुरू कर दिया। प्रशासन से कहा कि कोई भी विधायक अगर गुंडागर्दी करता है तो उसे जेल की सलाखों में डाल दो। इतना सुनते ही विधायक रामइकबाल वहां से चल पड़े। उस समय विधायक रामइकबाल के साथ बुके लेकर उमाशंकर सिंह भी खड़े थे। विधायक श्री सिंह सीएम मायावती को बुके तक नहीं दे पाये। इसके बाद विधायक रामइकबाल का बसपा विधायक घूरा राम के खिलाफ चल रहा आंदोलन तेज हो गया। एक अवसर ऐसा भी आया जब सरकार में नगर विकास मंत्री रहे लालजी टंडन ने विधायक रामइकबाल को समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके मामला शांत नहीं हुआ। कुछ माह बाद भाजपा-बसपा गठबंधन की सरकार गिर गई। इसके बाद उप्र में मुलायम सिंह यादव की सरकार बनी।

### बिछड़ गई राम-भरत की जोड़ी

**बलिया।** 2002 में भाजपा से अलग-अलग विस क्षेत्रों से विधायक चुने जाने के बाद रामइकबाल सिंह एवं भरत सिंह की जोड़ी आखिर बिछड़ ही गई। वर्तमान समय में जहां पूर्व मंत्री भरत सिंह भाजपा की सक्रिय राजनीति में है, वहीं पूर्व विधायक रामइकबाल भाजपा को छोड़कर सपा की राजनीति में सक्रिय है। विस चुनाव-2022 में पूर्व विधायक रामइकबाल सपा से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उनको टिकट नहीं दिया।

### द्वाबा को पहली बार मिली थी लाल बत्ती

**बलिया।** उप्र में वर्ष 2002 में बसपा-भाजपा गठबंधन की सरकार बनी और बसपा मुखिया मायावती मुख्यमंत्री बनी। मंत्रिमंडल विस्तार में आठ विधान सभा वाले जनपद बलिया में द्वाबा विधानसभा के भाजपा विधायक भरत सिंह को खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद आज तक इस विधान सभा से किसी भी सरकार में कोई मंत्री नहीं बना। 2007 में बसपा सरकार थी और बैरिया विधान सभा से सुभाष यादव बसपा विधायक थे। उनको भी सरकार में मंत्री बनने का अवसर नहीं मिला। 2012 में अखिलेश यादव की सरकार बनी। उस समय जयप्रकाश अंचल सपा से विधायक थे। उनको भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिला। 2017 में उप्र में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन बैरिया के भाजपा विधायक सुरेन्द्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया।

# डीआरएम ने किया परियोजनाओं के प्रगति का निरीक्षण


बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते डीआरएम


डीआरएम को तस्वीर भेंट करते लोग

**जनसंदेश न्यूज**

**जायजा**

### रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया से अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश


**बेल्थरारोड।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने शनिवार को मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 (आरवीएनएल) रेल विकास लिमिटेड वीके शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण पंकज सिंह, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर /निर्माण आशुतोष पाण्डेय, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण नितेश पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एपी सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर द्वितीय यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आरएन सिंह, वरिष्ठ विद्युत इंजीनियर (आपरेशन) अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औड़िहार-भटनी रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने इस खण्ड पर चल रहे दोहरीकरण, विद्युतीकरण समेत बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन पर कराये जा रहे निर्माण परियोजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। बेल्थरारोड स्टेशन पर डीआरयूसीसी के सदस्य देवेन्द्र कुमार गुप्त और व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार जायसवाल मंटू सहित दर्जनों व्यापारियों तथा आम जनमानस ने डीआरएम पांडेय को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही शालीमार, बापूधाम पुणे एक्सप्रेस के बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए पत्रक सौंपा। साथ ही दादर एक्सप्रेस, गोदान एक्सप्रेस और कृषक एक्सप्रेस में स्लीपर का टिकट गोरखपुर और वाराणसी के बीच जारी करने की मांग पर डीआरएम पांडेय द्वारा सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा से इसके बाबत जनहित में त्वरित करवाई करने का आदेश दिया। साथ ही बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन पर कराये जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया में किये गए अवैध अतिक्रमण के बाबत मातहतो को कड़ी डांट पिलाते हुए बाउंड्री कराने के साथ ही अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया। बेल्थरारोड रेलवे चौराहा की मरम्मत कराने का आदेश दिया। मीडिया के सवालों के जवाब में ग्रीन बेल्थरा की प्रगति तलब कर त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिया। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद, मधु लाला, धर्मेंद्र सोनी, सुनील कुमार जायसवाल, अशोक मधुर, अंचल वर्मा, दिनेश सर्राफ, अशोक वर्मा, शोएब अहमद सिब्बू भाई, सुभाष चन्द जायसवाल, अजीत कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, जेपी श्रीवास्तव, मुख्तार अहमद आदि मौजूद रहे।

# विकास की तरफ अग्रसर हो रहा सीयर ब्लॉक


पहले का सीयर ब्लॉक कार्यालय

**पहल**

### ब्लॉक प्रमुख के विकास कार्यों की चहुंओर हो रही चर्चा



**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** सीयर ब्लॉक के प्रमुख आलोक सिंह के प्रयास से ब्लाक मुख्यालय विकास की तरफ अग्रसर है। यहां पहले और अब में काफी बदलाव हुआ है। एक वर्ष पहले डवाकरा हाल एवं ब्लॉक प्रमुख कार्यालय जर्जर था।

वर्तमान समय में डवाकरा हाल एवं ब्लॉक प्रमुख कार्यालय आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। लगभग 30 लाख की लागत से डवाकरा हाल एवं प्रमुख कार्यालय बनकर तैयार हुआ है। सुविधाओं की बात करें तो कांफ्रेंसिंग हाल, शौचालय, कीचन के साथ ही 250 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। सीयर ब्लाक इन दिनों विकास को लेकर चर्चाओं में है। यहां के ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह जो आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के अति करीबी है।

श्री सिंह ने बताया कि उभांव थाना परिसर, लालमुनि इंका हल्दीरामपुर एवं बीआरसी पर माडल शौचालय महिला-पुरुष का अलग-अलग बनाया जा रहा है। इसके अलावा गांवों में भी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे है। आलोक सिंह मानक के अनुरूप विकास को लेकर काफी गंभीर रहते है। वह स्वयं मजदूरों के साथ खड़ा रहकर कार्य कराते है। सड़क, नाली, खड़ंजा बनाने में विशेष जोर रहता है। एक वर्ष में लगातार कई काम हुए है। इसकी चर्चा बलिया से लगायत लखनऊ तक होती रहती है। यही नहीं, जिले के अन्य ब्लॉक प्रमुख भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते है।

# मिलावट पर अंकुश लगाने को चलेगा जागरूकता अभियान

**तत्परता**

### मोबाइल लैब में खाद्य पदार्थों की करायी जा सकती है जांच

**बलिया।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर 21 से 25 जनवरी तक जिले की सभी तहसीलों में मिलावटी खाद्य वस्तुओं पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत फूड सेफ्टी आन व्हील नाम से मोबाइल लैब में आप खाद्य पदार्थों की जांच करा सकते हैं। मौके पर ही आपको बता दिया जाएगा कि खाद्य पदार्थ मिलावटी है या नहीं।

शहर में शनिवार को एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन) की मोबाइल लैब वाहन मौजूद रहेगा। इस मोबाइल लैब में मौके पर ही मिलावटी पदार्थों का परीक्षण कर जांच रिपोर्ट दे दी जाएगी। सहायक आयुक्त द्वितीय डा. वेद प्रकाश मिश्रा (खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन) ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में शनिवार की सुबह यह लैब पहुंचेगी।

लैब स्टेशन परिसर के अलावा शहर के प्रमुख बाजारों में मिलावटी पदार्थों की निःशुल्क जांच करेगी। उन्होंने कहा कि आम लोग और उपभोक्ता भी संदिग्ध पदार्थों की जांच फ्री करा सकते हैं। उन्होंने मावा विक्रेताओं से कहा कि अपने उत्पाद लैब में चेक कराएं। मिलावट होने पर विभाग अभी कार्रवाई नहीं करेगा।

उन्होंने बताया कि मिठाई, दूध, फल, पेय पदार्थ आदि लैब में चेक कराए जा सकते हैं। अभियान में व्यापार मंडल से सहयोग मांगा गया है। बताया कि यह व्यवस्था प्रदेश में पहली बार शुरू हुई है। इससे पहले कोई भी उत्पाद चेक कराने के लिए एक हजार रुपये शुल्क देना पड़ता था।

# छात्रनेता के चित्र पर अर्पित किया पुष्प



**बलिया।** टीडी कालेज के परिसर में छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री मनीष दूबे मनन का श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुआ। इस दौरान छात्रनेताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नारद राय, नीरज सिंह गुड्डू, नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू, धर्मेन्द्र सिंह, वंशीधर यादव, मृत्युंजय राय, राघव सिंह, अखिलेश राय, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने मनन दूबे द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनन दूबे क्रांतिकारी विचारधारा के छात्रनेता थे। वह समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलते थे।

# सेनानी की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**आयोजन**

### वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

**जनसंदेश न्यूज**


श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते विधायक मो. रिजवी

**सिकन्दरपुर।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्वामीनाथ सिंह की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को श्री स्वामीनाथ सिंह सुरेन्द्र महाविद्यालय धर्मपुर, महथापार के प्रांगण में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामीनाथ सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने स्व. स्वामीनाथ सिंह जी को आजादी का महान योद्धा बताते हुए उनकी कृतियों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सेनानी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि आनंद स्वरूप महाराज ने स्व. सिंह को बलिया का मालवीय बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों की स्थापना में अग्रिम भूमिका निभाने के लिए याद किया। कहा कि आज उनके बताए हुए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भोला सिंह ने बताया कि आज स्व. सिंह के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह, रामप्रसाद वर्मा, विद्यासागर उपाध्याय, संकल्प सिंह, सुरेंद्र पांडेय, आदित्य प्रताप सिंह, अनंत मिश्रा, विवेक सिंह, शिव जी यादव आदि मौजूद रहे।

स्वागत भाषण दिनेश सिंह द्वारा किया गया। वही, आये हुए अतिथियों का भोला सिंह द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाशंकर दुबे तथा संचालन बृजेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

## संक्षेप

### घर पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण कर रही पुलिस

**बलिया।** पुलिस विभाग कार्यालय पर किसी भी मामले की आने वाली शिकायत को पीड़ित के दरवाजे पर पहुंचकर मामले का निस्तारण करवाने के प्रयास में जुट गयी है। यही कारण है कि इस माह एक जनवरी से अब तक करीब तीन सौ शिकायतों में 298 का निस्तारण हो चुका है। एसपी राजकरन नैयर खुद इस कार्य की समीक्षा कर रह है। पिछले वर्ष जनसुनवाई की खराब रिपोर्ट पर शासन से मिली फटकार के बाद एसपी के नये प्रयास से स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। सितम्बर 2022 में निस्तारण का आकड़ा 28 प्रतिशत था, जो जनवरी माह में अब तक 97. 06 प्रतिशत हो गया है। जनपद के कोने-कोने से एसपी कार्यालय पर पहुंचने वाली शिकायत को जन सुनवाई सेल तत्काल संबंधित थाना को भेज देता है। एसपी के निर्देश पर उसे जांच कर दस दिनों के अंदर निस्तारण कराने की जिम्मेदारी थाना प्रभारी की है। पुलिस कार्यालय से दस दिन बाद शिकायतकर्ता के मोबाइल पर सीधे फोन कर फीडबैक लिया जा रहा है। इस संबंध में एसपी का कहना है कि हमारा प्रयास है कि जो भी शिकायत आ रही है, उसका समय से निस्तारण हो। दस दिन पर शिकायत के निस्तारण संबंधित फीडबैक भी लिया जाता है। लापरवाह अधिकारियों की जबाबदेही तय है। अच्छे काम करने वाले को माह के अंत में प्रोत्साहित किया जाएगा।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की निकली कलश यात्रा



**बैरिया।** श्री खाकी बाबा मठिया प्रांगण में शनिवार से सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। विनय ब्रम्हचारी जी महाराज के सानिध्य में गोन्हिया छपरा खाकी बाबा मंदिर से मांझी घाट तक के लिए निकली कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। अपराह्न दो बजे से श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत चित्रकूट से पधारे संगीतमय कथावाचक वेंकटेस जी महाराज एवं उनके साथी मंडली द्वारा की गई। यह निरन्तर सात दिनों तक चलेगा। आयोजक कमेटी श्री खाकी बाबा सरस्वती पूजन समिति के समस्त सदस्य इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहे है।

### आवश्यक बैठक आज

**बैरिया।** जनपद के विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के नव नियुक्त समस्त जिला एवं ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक बैरिया स्थित शिवानन्द सदन पर 22 जनवरी को अपरान्ह दो बजे आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए विश्व व्यापी ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष सीबी मिश्र ने समस्त पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अपने इष्ट बन्धुओं सहित निश्चित पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

### भाकपा कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**गाजीपुर।** भाकपा (माले) अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने गांव समाज बंजर, भीटा, चकरोड, नहर भू-माफिया ताकतों से खाली कराकर भूमिहीन आवासविहीन गरीबों में आवासीय पट्टा करो, 2017 हाईकोर्ट का बेदखली आदेश हुरमुजपुर मझौली में लागू क्यों नहीं, एसडीएम, डीएम गाजीपुर जबाव दो, हाईकोर्ट की अनदेखी करना बंद करो गांव समाज बंजर जमीनों को भूमिहीन आवासविहीन गरीबों में पट्टा करो आदि सवालों को लेकर जखनियां तहसील क्षेत्र के हुरमुजपुर मझौली गांव में अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि योगी सरकार और जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर जखनियां तहसील क्षेत्र के हुरमुजपुर मझौली, जगदीशपुर, गुरुदता, छतमा, मकदुमपुर, माखनपुर में भूमिहीन आवासविहीन गरीबों की रिहायशी झोपड़ी को जबरिया गैरकानूनी तरीके से बगैर लिखित आदेश के उजाड़ दिया गया। धरना-प्रदर्शन को रामबृक्ष मौर्य, लालबहादुर, पवन कुशवाहा, बंशराज, त्रिलोकी कुशवाहा, शिवकुमार कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, श्रीकांत राम, संजय भारती, गोबिंद भारद्वाज, रणधीर सिंह, शिवबचन मौर्य, राकेश चौहान, जनार्दन यादव चिंता देवी, ने संबोधित किया। अध्यक्षता रामबृक्ष मौर्य मौर्य संचालन -लालबहादुर बागी ने किया।

## संक्षेप

### नगर पालिका द्वारा रन फार जी-20 का हुआ आयोजन



**मऊ।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.00 के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वच्छ विरासत अभियान में शनिवार को नगर पालिका द्वारा अधिशासी अधिशासी दिनेश कुमार की अगुवाई में स्वच्छ विरासत स्थल शीतला माता धाम से मिजार्हादीपुरा चैक तक 'रन फार जी-20 वाकथान' का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल लोगों ने प्रदेश में आयोजित होने वाले जी-20 सम्मेलन का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही नगर के ऐतिहासिक स्थलों, धरोहरों को स्वच्छ विरासत में स्थापित करने के लिये एक जन जागरण 'रन फार जी-20' वाकथान (रैली) निकाल कर आम नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वच्छ विरासत स्थल के रुप में चिन्हित शीतला माता धाम से हरी झण्डी दिखा कर रैली को मन्तब्य की ओर रवाना किया। रैली जैसे जैसे अपने मन्तब्य की ओर बढ़ रही थी लोगों का हुजूम शामिल होता जा रहा था। लोग स्वच्छता के प्रति भावुक, सतर्क एवं काफी गम्भीर नजर आ रहे थे। इस रैली में हजारों की तादाद में नगरवासियों ने प्रतिभाग कर नगर के जन जन तक यह संदेश पहुंचाया कि अब हम अपने नगर को स्वच्छ रखने में कोई कोर कसर नहीं छोडेंगे। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने पालिका द्वारा आयोजित की गयी ह्यह्यरन फार जी-20 वाकथानह्यह्य में शामिल होकर पालिका संग दो कदम चलने हेतु सभी नगरवासियों का कोटिशः आभार व्यक्त किया है। नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य् निरीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि भोजपुरी कलाकार जेके चैहान को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया है। जो अपने कार्यक्रमों से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करेंगे। इस रैली में कर अधीक्षक सन्तोष कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह, डीपीएम पियूष सिंह, अवर अभियंता (निर्माण) मनोज कुमार सोनकर, अवर अभियंता (जल) पंकज कुमार वर्मा, राजस्व निरीक्षक अमृता राय आदि के इलावा पालिका के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व हजारों की संख्या में नगरवासी शामिल हुये।

# मौनी अमावस्या पर हजारों ने लगायी सरयू नदी में डुबकी





### मौनी अमावस्या पर लगे मेले में लोगो ने जमकर की खरीदारी

मौनी अमावस्या पर लगने वाले मेले में लोगो जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन घर गृहस्थी के सामानों की खरीदारी में मशगूल रही वही बच्चे खिलौनों व लॉजिज व्यंजनों का स्वाद लेते दिखे तो पुरुष भी अपने जरूरत के सामानों खेती के लिए हत्था, फावड़ा, कुदाल आदि की खरीदारी करते रहे। महिलाओं ने मौन स्नान के बाद मॉ सरयू को पूरी हलवा की कढ़ाई चढ़ा कर मन्नत मांगी।

**दोहरीघाट, मऊ।** मौनी अमावस्या पर कस्बे के रामघाट व मातेश्वरी घाट पर जहां हजारों स्नानार्थीयों ने सरयू नदी में डुबकी लगायी वही दान पुण्य कर अपनी मनोकामना पूरी होने के लिये सरयू माता का पूजन अर्चन किया तथा गऊ दान करते हुए मन्दिरों में भी दर्शन पूजन अर्चन किया।

कस्बे के रामघाट पर रात से ही स्नानार्थीयों का आना शुरू हो गया था तथा भोर से ही स्नान का पर्व शुरू हो गया था जबकि रामघाट पर इस बार सबसे लम्बा रेत पडने से घाट पर भीड़ का पता ही नहीं चल रहा था। रामघाट से लेकर पुल तक तथा मातेश्वरी धाम तक स्नान करने वालों की भीड़ जमा रही। महिलाओं ने जहां स्नान करने के बाद गरीबों को दान पुण्य किया वहीं पूरे घाट पर भिखमंगों का जमावड़ा लगा रहा जो अन्नदान काफी मात्रा में पाकर बहुत ही प्रसन्न दिख रहे थे। घाटों पर गहरे पानी में न जाकर स्नान करने की मनाही होती रही वहीं घाट पर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखे गये पुरा नगर स्नानार्थीयों से पटा रहा। वही महिलाओं ने जमकर खरीदारी भी की तथा जलेबी पकौड़ी की भी खूब बिक्री रही। लोगों की आस्था ने ठण्ड को भी मात दे दी मौनी अमावस्या पर हजारो स्नानार्थियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सुरक्षा को लेकर सतर्क रहा चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। नदी से लेकर चैराहों तक लोगो की सुरक्षा व संदिग्ध लोग पर पैनी निगाह रखी जा रही थी। थानाध्यक्ष पूरे क्षेत्र में चक्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। वही भोर से ही नपं दोहरीघाट के लिपिक सुशांत त्रिपाठी अंकुर राहुल सोनकर आदि लोग मौजूद रहे। ईओ मनोज कुमार भी घाट पर मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम सचिव को लगाई फटकार



**मऊ।** शनिवार को जिला अधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड परदहां के ग्राम बगली पिजड़ा स्थित वृहद गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस बृहद गौ आश्रय स्थल में वर्तमान में 264 गोवंश संरक्षित है।

निरीक्षण के दौरान परिसर में व्याप्त गंदगी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने ग्राम सचिव को इसमें तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर तैनात सफाई कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए ग्राम सचिव को अगले 1 सप्ताह तक नियमित रूप से साफ-सफाई कर फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। साफ सफाई की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल के नोडल अधिकारी तहसीलदार सदर को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस गो आश्रय स्थल के सभी पशुओं का टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में सभी पशु स्वस्थ हैं। डीएम ने वहां पर उपलब्ध भूसे एवं पशुओं के पानी पीने की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने परिसर के खाली जगह में बैरिकेटिंग कर हरे चारे की व्यवस्था भी करने के निर्देश ग्राम सचिव को दिए। इस दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से भी डीएम ने उनकी समस्याएं सुनी और उसके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एमएम प्रसाद, तहसीलदार सदर उमेश सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी परदहां सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार व एसपी अविनाश पांडे ने जिला कारागार की सघन तलाशी की कार्यवाही की गई। इस दौरान सीओ सिटी सहित पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल ने जिला कारागार परिसर स्थित समस्त बैरकों एवं अस्पताल की सघन तलाशी ली। पुरुष एवं महिला बैरको में रहने वाले समस्त बंदियों सहित उनके सामानों की भी सघन जांच की गई। जिला कारागार परिसर में ही स्थित अस्पताल में भर्ती बंदियों की भी तलाशी पुलिस बल द्वारा की गई। पूरी तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक एवं गैर कानूनी समान जिला कारागार में नहीं पाया गया। डीएम ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी कैमरों की अनवरत सक्रियता बनाए रखने के साथ ही कारागार परिसर में किसी भी तरह कि कोई भी आपत्तिजनक एवं गैर कानूनी सामान न पहुंचने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बंदियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाएं भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण एवं सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, सीओ सिटी धनंजय मिश्रा सहित पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मी भी थे।

### मेदिनीपुर की टीम ने अगले चक्र में किया क्वालीफाई

**सुहवल।** गरूआमकसूदपुर स्थित डिग्री कालेज के खेल मैदान में शिवशक्ति स्पोर्टिंग क्लब पिपरा के तत्वावधान में जिलास्तरीय टी 20/20 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित है। शुक्रवार की शाम खेले गये इस पहले व उद्घाटन मुकाबलें में मेदिनीपुर ने देवा बैरनपुर को 15 रनों से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इसके पहले इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि व युवा समाजसेवी भगीरथपुर के प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही फीता काटकर किया। पहले टास जीतकर देवा बैरनपुर ने फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी मेदिनीपुर की टीम ने बीस ओवरों में 9 विकेट पर 120 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवा वैरनपुर की टीम मात्र बारह ओवरो में ही 105 रनों के स्कोर पर आल आउट हो गई। मेदिनीपुर की ओर से शनि सिंह ने सर्वाधिक बीस रन बनाए जबकि रोशन सिंह ने बारह रन देकर तीन विकेट झटके।

# मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**



**मऊ।** मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया, पे एण्ड यूज शौचालय, स्टेशन पैनल, प्लेटफार्म, यात्री आरक्षण केंद, फूड स्टाल, एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, वेंडरों के लाइसेंस एवं यात्री सुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने इंदारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा इंदारा-दोहरीघाट रेल परियोजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो कार्य योजना देखी एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण किया उन्होंने मीडिया कर्मी को बताया कि औड़िहार-सादात रेलखण्ड का दोहरीकरण का कार्य मार्च माह के अंत तक पूर्ण हों जायेगा। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल से भटनी के लिए रवाना हुए। मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 रेल विकास लिमिटेड वीके शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण पंकज सिंह, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण आशुतोष व उपमुख्य विद्युत इंजीनियर /निर्माण नितेश, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एपी सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव, वरिष्ठ विधुत इंजीनियर (आपरेशन) अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औड़िहार-भटनी रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रहे हैं।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**आस्था**

## ददरीघाट पर नाव से रेत उस पार जाकर किया गंगा स्नान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मौनी अमावस्या पर शनिवार को शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख-समृद्धि कामना की और ब्राह्मणों व गरीबों में दान-पुण्य किया। भोर से लेकर दोपहर तक स्नान-पूजन का सिलसिला चलता रहा।

ठंड के बावजूद घाटों पर स्नाननार्थियों की चहल-पहल बनी रही। गंगा का जल स्तर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इसके चलते किनारे रेत उभर आयी है। शहर के ददरीघाट पर कई श्रद्धालु नाव से कुछ दूर गंगा पार कर रेत के उसपार चले गये और वहां पहुंचकर गंगा में स्नान किया। उनका कहना था कि घाट के समीप नाला बहता है, इसलिए वहां स्नान करने में दिक्कत महसूस हो रही है। इसलिए नाव की सवारी कर रेत पार कर गंगा के मध्य धार में स्नान करने पहुंचे। मौनी अमावस्या पर स्नान का काफी महत्व है।

ठंड होने के बावजूद शहर के गंगा घाटों पर तड़के श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। रोज सुनसान रहने वाले घाटों पर भीड़भाड़ बनी रही।

शहर के पोस्ताघाट, चीतनाथ घाट, कलेक्टर घाट, ददरीघाट, रामेश्वरघाट, महादेवा घाट, अंजही घाट, नवापुरा घाट, पोस्ता घाट, पत्थर घाट, गोला घाट, छोटा महादेवा घाट सहित अन्य घाटों पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भोर से ही शुरू हो गया था। सबसे ज्यादा भीड़ ददरीघाट, कलक्टरघाट, चीतनाथ घाट पर रही। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश श्रद्धालु इन्हीं गंगा घाटों पर पहुंचते हैं।

लोगों ने गंगा स्नान कर घाटों पर स्थित मंदिरों में पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना किया। स्नान करने वालों में महिलाओं की संख्या काफी अधिक रही। गंगा में गोता लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत मंदिरों में दर्शन कर ब्राह्मणों व गरीबों में दान-पुण्य कर पुण्य लाभ की कामना किया।

वहीं जमानियां, सैदपुर, करंडा, देवकली, मुहम्मदाबाद, गौसपुर, सुल्तानपुर सहित जिले के अन्य स्थानों पर गंगा घाटों पर भी मौनी अवावस्या को लेकर स्नान-ध्यान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।



गौसपुर घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

### गंगा घाटों पर पुलिस बल की रही तैनाती

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या को लेकर गंगा में डुबकी लगाई। मौनी अमावस्या को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर देखी गई। मौनी अमावस्या विशेष त्यौहार है। जिसके अंतर्गत श्रद्धालुगण गंगा में डुबकी लगाकर "ओम नमो भगवते वासुदेवाय" का जाप करते हुए गंगा में स्नान करते हैं। इसके पश्चात गरीबों और जरूरतमंदों में दान पुण्य कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। क्षेत्र के सेमरा घाट, गौसपुर घाट, बच्लछपुर घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या के त्यौहार को देखते हुए क्षेत्र के सभी घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### मौनी अमावस्या पर रही भीड़

**जमानियां।** मौनी अमावस्या के पर्व पर नगर के कस्बा बाजार स्थित जमदग्नि परशुराम घाट, कपुर्रा घाट, चक्काबांध घाट, हरपुर घाट, बड़ेसर घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मौन रहकर गंगा में स्नान किया। ग्रामीण क्षेत्र के गंगा घाटों पर भी स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के तिल, गुड़ चावल, उडद आदि का दान किया और मंदिर में दर्शन पूजन कर पूण्य-लाभ अर्जित किया।

# ओपियम फैक्ट्री से ददरीघाट वाला मार्ग खुलना तय

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा पिछले दिनों किए गए 95 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में से एक प्रमुख काम ओपियम फैक्ट्री से ददरीघाट वाले बन्द रास्ते को खुलवाकर होने वाले ढक्कनयुक्त नाली व सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कार्यस्थल पर हो रहे कार्यों का औचक निरीक्षण करने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने अचानक मौके पर पहुँचकर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किए। विनोद अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान हो रहे कार्यों की बारीकी से अवलोकन करते हुए बताया कि मौके पर कार्य संतोषजनक पाया गया है।

ज्ञात हो कि लगभग 25 वर्षों से यह रास्ता आमजन के लिए बन्द कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान अवर अभियन्ता विवेक बिन्द, जयसूर्य भट्ट, बन्टी सिंह, सिंहासन कुशवाहा, हर्षित सिंह, गौरव श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# तंत्र-मंत्र के चलते बालिका की गला दबाकर हत्या

**दुखद**

## पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुसुम गांव में तीन वर्षीय बालिका की तंत्र मंत्र के चक्कर में गला घोंटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपित मुन्नी देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मुन्नी देवी मानसिक रूप से बीमार थी और अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए तांत्रिक के कहने पर बालिका की गला दबाकर हत्या कर दी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुसुम गांव निवासी महेंद्र चौहान की पुत्री सुमन चौहान अपने तीन बच्चों के साथ मायके में रह रही थी।

शुक्रवार की दोपहर में सुमन 3 वर्षीय पुत्री आराध्या को चाचा की लड़की मुन्नी देवी तेल मालिश करने के लिए अपने घर लेकर चली गई। सुमन ने अपने तहरीर में लिखा है कि जब मेरी पुत्री आराध्या का 4 बजे तक पता नहीं चला है तो मैं उसको खोजने लगी। मुन्नी देवी से पूछने पर वह उसके बारे में बताने से इंकार कर दी। मुन्नी देवी के घर के पीछे जब जाकर देखा तो मेरी पुत्री आराध्या की मौत हो चुकी है। उसके गले में फंदे का निशान लगा था।

सुमन ने मुन्नी देवी के खिलाफ गला घोट कर जान मारने की थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सुमन की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि मुन्नी देवी किसी तांत्रिक के कहने पर सुमन की लड़की आराध्या का गला दबाकर हत्या कर दी है। यह मानसिक रूप से बहुत पहले से बीमार चल रही है।

### पिटाई से आक्रोशित बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

**पुलिस ने गिरफ्तार नाबालिग आरोपित को भेजा जेल**

**गाजीपुर।** सरिता हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। हत्या में शामिल उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त आलाकत्ल की बरामदगी भी कर ली है। पुलिस आरोपित बाल अपराधी को जेल भेज दिया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर सिकन्दर (फुल्लनपुर) में गुरुवार को दिनदहाड़े सरिता सिंह पत्नी सुरेन्द्र सिंह की नृषंश हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में घटना में शामिल आरोपित नाबालिग पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। ज्ञात हुआ कि बाल आपचारी को उसकी माता ने मार पीट दिया था। जिसके कारण बाल आपचारी अपनी पिटाई से आहत होकर अपने माता को सोते समय सर पर सिल पटककर मौत के घाट उतार दिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल को बरामद किया गया। बाल आपचारी को हिरासत पुलिस में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है।

# जखनियां स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं के लिए सौंपा पत्रक

**जखनियां।** स्थानीय स्टेशन पर निरीक्षण के लिए आए वाराणसी रेल मंडल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय को जखनियां स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं एवं एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव व जखनियां स्टेशन को ₹इ₹ ग्रेड स्टेशनों में शामिल करने तथा स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं हेतु भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने ज्ञापन सौंपा। श्री वर्मा ने रेल प्रबंधक को अवगत कराया कि विगत कई वर्षों से मऊ आनंद विहार एक्सप्रेस सहित प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के जखनियां ठहराव हेतु विभिन्न संगठनों, क्षेत्र की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा संबंधित रेल अधिकारियों, महाप्रबंधक को पत्रांक ज्ञापन प्रेषित कर मांग की जा चुकी है। जखनियां में कई शैक्षणिक संस्थाएं, सुप्रसिद्ध 500 वर्ष पुराना भुड़कुड़ा, हथियाराम मठ, वीर एवं महावीर चक्र विजेता शहीदों की जन्मस्थली है। जखनिया कमाऊ स्टेशन है एवं यहां से महानगरों सहित विभिन्न स्थानों पर जाने आने वालों के यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा है, रेल ही एकमात्र यहां का संसाधन है। जिसकी वजह से ट्रेन का ठहराव जखनियां में सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोगों को लखनऊ, कानपुर, दिल्ली जाने में सुविधा मिल सके। जिस पर रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने उचित आश्वासन देते हुए जखनियां के लोगों को भरोसा दिलाया कि सर्कुलर एरिया बनाया जायेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, संजीव त्रिपाठी, प्रशांत सिंह, ओम प्रकाश दुबे, अरुण सिंह, भरत यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, राज दीपक सिंह, संतोष कश्यप, कैलाश यादव, संघर्ष समिति अध्यक्ष देव नारायण सिंह, मेंही जायसवाल, अशोक गुप्ता, पवन वर्मा सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



जखनियां स्टेशन पर रेल मंडल प्रबंधक को पत्रक सौंपते भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा।

# फुटपाथ के अतिक्रमणकारी, प्रशासन पर भारी

**दबंगई**

## प्रशासन द्वारा अभियान चलाने के बावजूद भी अतिक्रमण

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद नगर में फुटपाथ पर सज रही दुकानें अब राहगीरों के लिए खतरे की घंटी बज रहा है। अतिक्रमणकारियों की मनमानी से राहगारों के साथ-साथ नगरवासियों का भी सड़क पर चलना जोखिम भरा सफर हो गया है।

प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से इनके हौसले दिन व दिन बुलंद होते जा रहे हैं, वहीं प्रशासन की सुस्ती को देख ऐसा प्रतीत होता है कि अतिक्रमणकारी प्रशासन पर भी भारी पड़ रहे हैं। आलम यह है कि प्रशासन द्वारा जब कभी भी अभियान चलाकर फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटवाया जाता है तो उसके अगले ही दिन अतिक्रमणकारी फिर फुटपाथ की शोभा बढ़ाने में लग जाते हैं। इस समस्या से राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी आजीज आ चुकी है। नगर को स्थिति कुछ इस तरह है कि जहां चाट, खोमचे, पकोडे, फल, सब्जी, कपड़े आदि के ठेले लगाने वाले अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं, वहाँ स्थाई दुकानदार भी अपने दुकान का एक तिहाई हिस्सा फुटपाथ की पटरियों पर ही सजाएं रखते हैं। सड़क के दोनों तरफ बना पटरियों पर सजी दुकानों की वजह से राहगीरों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ रहा है जिससे आए दिन हमेशा दुर्घटनाएं भी हो रही है। वहीं इनकी मनमानी के कारण आए दिन नगर जाम के झाम से भी जूझ रहा है। जिससे राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों की बसें घंटों भीड़ में ही फंसे रह जाते हैं। जिससे उनका बहुमूल्य समय भी खराब होता है। नगर के सिंचाई विभाग,सांसद चौराहा, स्टेशन रोड, लंका तिराहा, महिला जिला अस्पताल, मिश्रबाजार, लालदरवाजा, महुआबाग और रौजा आदि स्थानों पर फुटपाथ पर सजी दुकानों को देखा जा सकता है। इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम न उठाए जाने से इनके हौसले दिन व दिन बुलंद होते जा रहे है और वे बेखौफ फुटपाथ पर दुकान लगाकर राहगिरों की जान लेने पर ही तुले हुए हैं।



लंका स्थित एनएच-29 की पटरी पर अतिक्रमण।

# चोरों ने सौ साल पुरानी अष्टधातु की मूति चुराया

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के धामूपुर धरवां स्थित मंदिर से चोरों ने लोगों की उपस्थिति में फिल्मी स्टाइल में लगभग 100 वर्ष पुरानी अष्टधातु की लाखों रुपये की मूर्ति को लेकर रफूचक्कर हो गये।चोरों ने अष्टधातु मूर्ति के स्थान पर मिट्टी की मूर्ति रख दिया। ग्राम प्रधानपति सुरेन्द्र पासी ने थाना में मूर्ति चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे शाल ओढ़े दो व्यक्ति बाइक से आये और हैण्डपम्प पर हाथ पैर धोकर पूजा पाठ करने के लिये मंदिर के अंदर गये।

वहाँ पर पूरा एक पैकेट अगरबत्ती जलाकर पूजा करने का उपक्रम करते रहें। मंदिर के बाहर आरती का बर्तन साफ कर रहें पुजारी तथा वहाँ पर बैठ दो तीन अन्य लोगों ने सोचा की पूजा कर रहे है। थोड़ी देर में मंदिर के भीतर से वह दोनों बाहर आये और बाइक चालू करके चले गये। बर्तन साफ करके जब पुजारी मंदिर के अन्दर गये तो देखा कि मूर्ति की जगह मिट्टी की मूर्ति रखी है। यह देखकर शोर मचाने लगे और कहने लगे कि वही दोनों ब्यक्ति पूजा करने के बहाने मूर्ति को शाल के अंदर छिपाकर ले गये। जानकारी होते ही गाँव के काफी लोग एकत्र होकर उस दोनों व्यक्तियों की चारों तरब खोजबीन की। लेकिन कोई पता नहीं चला। सूचना पर पहुँची 112 पुलिस ने जानकारी लेकर लौट गयी। बाद में ग्रामप्रधानपति सुरेन्द्र पासी ने थाना में लिखित तहरीर दी। गांव वालों के अनुसार मंदिर में रखी अष्टधातु की मूर्ति लगभग 100 साल पुरानी है। उसकी कीमत लाखों रुपये में है। थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने बताया की मूर्ति चोरी की जानकारी है। छानबीन की जा रही है।



धामूपुर धरवां स्थित मंदिर में चोरी के बाद बिखरे सामान।

# खिचड़ी पहुंचाने गए युवक की गई जान

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के पाली गांव के एक युवक की बलिया जनपद के शीलहटा गांव के बाहर पुलिया के पास अंधा मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट से गई। इस दौरान गंभीर चोट लगने से युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। कासिमाबाद कोतवाली अंतर्गत पाली गांव निवासी फतिंगन पासवान का पुत्र भुवन पासवान (27) बलिया जनपद के पकवा इनार अपने रिश्तेदारी में खिचड़ी पहुंचाने गया हुआ था। घर वापसी के दौरान एक युवक के साथ बाइक से आ रहा था जैसे ही सिलहटा नहर पुलिया के पास पहुंचा। अंधामोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे गंभीर चोट लगने के कारण भुवन पासवान ने मौके पर दम तोड़ दी। साथ ने बाइक चला रहे युवक ने भी दम तोड़ दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन पुत्री है। मृतक भुवन पासवान पेशे से ड्राइवर का कार्य करता था। वहीं दूसरा मृतक शव की पहचान मृतक आजमगढ़ का निवासी नौसाद होना बताया जा रहा है।

# डीएम के आदेश की उड़ी धज्जियां

**मनमानी**

## 21 जनवरी तक विद्यालय बंद करने का है आदेश, फिर भी ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंच रहे बच्चे

## प्राइमरी की मान्यता, हायर सेंकेडरी स्कूल का संचालन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिले में जिलाधिकारी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। डीएम ने शीतलहर को देखते हुए 21 जनवरी तक स्कूल की छुट्टियों का आदेश दिया था, लेकिन इसके उलट मरदह क्षेत्र के एसपीएस इंग्लिश स्कूल महेंगवा में छात्रों को बुलाया जा रहा है। कड़कती ठंड के बीच ठिठुरते हुए स्कूल जा रहें है। जनसंदेश टाइम्स टीम ने जब गोरखपुर-वाराणसी नेशनल हाइवे पर स्थित एसपीएएस स्कूल की छुट्टी होने पर छात्रों से पूछा तो उन्होंने कहा कि स्कूल खुला हुआ है। इसकी जानकारी वहां मौजूद स्कूल संचालक अनिल चौहान से लिया तो उनका कहना था कि प्री बोर्ड परीक्षा चल रही है। जबकि उनके कालेज में छोटे बच्चें भी आए हुए थे, जिनकी कोई परीक्षा नहीं चल रही है। संचालक मनमाने ढ़ग से स्कूल का संचालन कर रहें है। जानकारों के मुताबिक सीबीएसई की इंटर की मान्यता भी नहीं है। मगर अवैध तरीके से स्कूल का संचालन हो रहा है। जिले में अन्य इंग्लिश मीडियम स्कूलों के यहां कोई छोटे बच्चों की कोई परीक्षा नहीं चल रही है। जिलाधिकारी के आदेशों के बावजूद छात्रों को छुट्टी नहीं दी गई। छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कड़ाके की ठंड से छात्रों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। लेकिन स्कूल प्रबंधन को छात्रों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव को जब यह जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि डीएम के आदेश की अवहेलना करने वाले कालेज को नोटिस जारी किया जाएगा। डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि कालेज क्यों खुला हुआ था। इसकी संबंधित अधिकारियों से जांच कराई जाएगी।



महेंगवा स्थित एसपीएस इंग्लिश स्कूल छुट्टी के बाद घर जाते बच्चे।



सेवराई तहसील में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी।

### डीएम-एसपी की निगरानी में बाहर फरियादियों को मिली राहत

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सेवराई में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 96 शिकायत और मौके पर 12 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 371 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 39 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 48 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 07 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 41 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 76 शिकायत प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद हर्षिता तिवारी,क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मुहम्मदाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गो आश्रय केंद्र में मिली खामियां, रुका वेतन

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील दिवस के उपरान्त कार्यालय नगर पंचायत दिलदारनगर एवं गो-आश्रय स्थल दिलदारनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई एवं बेतरतीव ढंग से बिखरे समाग्री,कार्यालय में मौके पर किसी कर्मचारी के उपस्थित न होने, सड़कों की साफ-सफाई न होने तथा बजबजाती नालियो को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कई महीनो से नालियों की सफाई नही हुई है। सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिलदारनगर, टैक्स कलेक्टर दिलदारनगर तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, उपजिलाधिकारी सेवराई, एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षेप

### किसानों की मेहनत को निवाला बना रहे पशु



**सुहवल।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ढढनी सहित अन्य विभिन्न गावों में किसान छुट्टा आवारा पशुओं केआतंक से परेशान है। दर्जनों के झुंड में ये पशु खेतों बोई गई गेहूं व अन्य खडी फसलों को दिन रात नुकसान पहुंचा रहे है।बावजूद पशुपालन सहित अन्य विभाग हाथ पर हाथ रख बैठे हुए है।इन पशुओं के द्वारा फसलों को बडे पैमाने पर नुकसान होने से किसानों को नहीं सूझ रहा कि वह क्या करें। क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि सरकार के निर्देश के बाद भी निराश्रित / छुट्टा आवारा पशुओं को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। इन पशुओं को रखने सहित चारा पर करोड़ों पर रूपया खर्च किए जाते है। इसके बाद भी यह पशु किसानों के लिए परेशानी के कारण बने हुए है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को शीतलहर व ठंड़ में भी निराश्रित आवारा पशुओं से बचाव के लिए खेतों की रखवाली करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि उच्चाधिकारियों को इसको लेकर कई बार इन छुट्टा पशुओं को आश्रय केंद्रों पर ले जाने के लिए अपील किया, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अबतक सुध भी नही लिया। जिसके चलते ये किसानों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। किसानों ने मांग किया कि इन पशुओं को गौ आश्रय केन्द्र ले जाया जाए ताकि किसानों के फसलों को बचाया जा सके।

### शरद यादव को सर्वदलीय सभा में दी गई श्रद्धांजलि



**गाजीपुर।** समाजवादी नेता एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई के महान योद्धा शरद यादव की स्मृति में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सरजू पांडे पार्क में किया गया। श्रृद्धांजलि सभा के पूर्व सभी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में शरद यादव का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। उनका संघर्ष और उनकी सोच हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने ही भारत के राजनीतिक इतिहास में सामाजिक न्याय की बुनियाद रखीं।वह कट्टर समाजवादी थे। इस श्रृद्धांजलि सभा में सपा अध्यक्ष रामधारी यादव, विजय शंकर राय, जनार्दन राम,जनक कुशवाहा, रमाशंकर राजभर, खुर्शीद अहमद,चन्द्रिका सिंह, गोपाल यादव, सदानंद यादव, दिनेश यादव, तहसीन अहमद, जवाहिर यादव,शिवबच्चन यादव, राजकुमार पाण्डेय,ओमप्रकाश यादव, भानु यादव, राजेंद्र यादव आदि उपस्थित थे। श्रृद्धांजलि सभा का संचालन संयोजक नरसिंह यादव ने किया।

### देर रात हुई बूंदाबांदी, गिरेगा पारा और बढ़ेगी ठंड

**गाजीपुर।** पूवार्नुमान के मुताबिक शनिवार सुबह धूप तो निकली, लेकिन बीते शुक्रवार की रात को बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इससे दिन के तापमान पांच-छह डिग्री कम रहेगा। रात का तापमान भी और नीचे गिरेगा। फिर से ठिठुरन शुरू हो जाएगी। इसके पूरे हफ्ते बने रहने का अनुमान है। बारिश व कंपकंपी की वजह से सड़कों पर सन्नाटा रहा। लोग घरों में ही दुबकने को विवश हुए। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई। कई जगह अलाव की व्यवस्था न होने से लोग ठिठुरते दिखे। मजदूर वर्ग के लोगों के लिए परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। लोग बारिश से बचने के लिए छाता थामे तो फुटपाथ दुकानदार को प्लास्टिक का सहारा लेना पड़ा। शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी हुई बारिश से इलाके में अचानक मौसम में आए बदलाव व हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के कारण ठंड का प्रकोप इलाके में काफी बढ़ गया है। सुबह से ही धुंध छाए रहे। बाजार में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। जबकि शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी के कारण सड़कों पर काफी कम लोग नजर आए। बताते चलें कि अचानक आए मौसम के इस बदलाव के कारण क्षेत्र के अधिकांश घरों में सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ गई है। वहीं ट्रेन या बसों से सफर करने वाले सवारी सहित सभी मजदूरों को ठंड से काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

### पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

**सैदपुर।** खानपुर थानाक्षेत्र के पठखौली गांव में आम के पेड़ पर एक अधेड़ की फांसी के फंदे पर लाश लटकी हुई मिली। जिसके बाद गांव में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने उसके शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त न हो सकी जिसके बाद शव को मर्चरी भेज दिया। गांव के आम के पेड़ पर करीब 45 वर्षीय एक अधेड़ की लाश गमछे के फंदे पर लटकी थी। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। उसने काला जैकेट व स्लेटी लोवर पहना था।

### मनबढ़ युवकों ने युवक को पीटा

**सैदपुर।** खानपुर थानाक्षेत्र के अनौनी स्थित निठुरी मोड़ पर मनबढ़ों के गैंग ने एक युवक को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने थाने में 3 नामजद के खिलाफ तहरीर दी है। भुजहुवाँ निवासी 23 वर्षीय छत्रसाल राजभर पुत्र बिंदु दुकान से घर जा रहा था। तभी गांव में 1446 गैंग के नाम से मशहूर 3 मनबढ़ आये और छत्रसाल को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया सरस्वती पूजा के लिए बिना पैसा दिए मनबढ़ बैनर में अपनी फोटो लगवाना चाहते थे। छत्रसाल ने मना कर दिया। जिसके बाद उन्होंने बीती रात उस पर हमला कर दिया। इस मामले में 3 के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हो गया है। बता दें कि ये मनबढ़ खुद को 1446 गैंग के नाम से हर जगह बताते हैं। इसमें आसपास के ही मनबढ़ शामिल हैं।

### रेलवे स्टेशन पर ठंड लगने से अधेड़ की मौत

**नगसर।** स्थानीय क्षेत्र के नगसर रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की के बगल में सोए अधेड़ की ठण्ड लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बेटाबर निवासी मृतक उमाशंकर राम (65) घर से पिछले कई दिनों पहले निकला था। जो शुक्रवार की रात को कही से लौटते वक्त नगसर हाल्ट स्टेशन पर सो गया। जिसकी ठण्ड लगने से मौत हो गई। इसकी जानकारी लोगों को शनिवार की सुबह हुई, तब जीआरपी को सूचना दिया गया था। नगसर थानाध्यक्ष आनन्द कुमार भारती ने बताया कि शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

### मार्निंग रेड में नौ पर एफआईआर

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड द्बितीय के अंतर्गत शहर क्षेत्र के तुलसीपुर, गौतम बुद्ध कालोनी, गौसाबाद मुहल्ले में सुबह तड़के पांच बजे सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। जिसमें बिजलेंस थाना प्रभारी धनंजय यादव,बिजीलेंस जेई पंकज चौहान समेत समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे। वही रेड के दौरान मुहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार बिजिलेंस टीम के साथ संयुक्त छापेमारी तुलसीपुर,गौतम बुद्ध कालोनी, गौसाबाद मुहल्ले में भोर में तकरीब पांच बजे किया। कुल नौ लोगों को चोरी से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा उन सभी लोगों के खिलाफ बिजिलेंस थाने रौजा में एफआईआर दर्ज करा दी गई है एवं विभाग के तरफ से राजस्व क्षति की वसूली नियमानुसार की जायेगी।

### नायब तहसीलदार के खिलाफ डीएम ने शासन को भेजा रिपोर्ट

**सेवराई।** स्थानीय तहसील मुख्यालय के सार्वजनिक स्थान पर मंदिर में पूजा करने वाले आस्थावानों को बेवकूफ व अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर को दुकानदारी बताने वाले नायब तहसीलदार के विरुद्ध जिलाधिकारी द्वारा पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई । इसके अतिरिक्त उक्त नायब तहसीलदार के अन्य कृत्यों के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है । वही गहमर थाना में भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा तहरीर देने के बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं किये जाने के सवाल पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पुलिस अधीक्षक से बात करके निर्णय लेने की बात बताया गया। सेवराई तहसील मुख्यालय पर शनिवार को मुख्य संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी पहुंची थी। समाधान दिवस कार्यक्रम के बाद सिंचाई विभाग डाक बंगले में नायब तहसीलदार द्वारा दिए गए विवादित बयान का मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि उन्होंने जो टिप्पणी की है वह कर्मचारी नियमावली 66 के विपरीत है । इस के संदर्भ में मेरे द्वारा शासन को एक रिपोर्ट भेजी गई है वहीं इनके अन्य कृत्यों के बारे में भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है। गहमर थाना में भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा नायब तहसीलदार के विरुद्ध दी गई। तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने के सवाल पर जिलाधिकारी ने कहा कि अगर किसी ने उनके विरुद्ध तहरीर दी है तो पुलिस अधीक्षक से बात कर-के आगे निर्णय लिया जायेगा।

### चोरी के बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कासिमाबाद।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को चोरी किए गए दो मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को महरौड़ चट्टी के पास स्थित मंदिर पर तालाब के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक कृष्णानंद यादव चेकिंग चला रहे थे तभी मुखबिर की सूचना मिली कि महरौड़ चट्टी पर स्थित मंदिर पर तालाब के पास दो बाइक चोर बाइक बेचने की फिराक में है। पुलिस मौके पर पहुंचकर संजय चौहान पुत्र रोशन चौहान ग्राम महुवारी और दूसरा सनी देवल चौहान पुत्र गौरीशंकर चौहान ग्राम महुवारी थाना कासिमाबाद होना बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृष्णानंद यादव कांस्टेबल गौरव यादव ,कांस्टेबल उमर खान शामिल रहे।

## जनसंपादकीय

# लोकतान्त्रिक दृष्टि से मीडिया का अध्ययन

**अनुज कुमार**

भारत में कई ऐसे संस्थान हैं जिनका अभी लोकतंत्रीकरण नहीं हो पाया है। लोकतंत्रीकरण से मेरा तात्पर्य हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व से है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति मीडिया संस्थानों की भी है जहां भारतीय विविधता का अभाव स्पष्ट रूप से नजर आता है। हिन्दी समाचार पत्रों में वर्चस्ववादी सोच के फलस्वरूप दलित समाज की समस्याओं पर चर्चा के लिए स्पेस नहीं मिल पाता है। हिन्दी पत्रकारिता दलित समाज के भीतर घटित होने वाली साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं दलित शिक्षा समस्याओं का संज्ञान तक नहीं लेती है। मीडिया सामाजिक मुद्दों के प्रति दायित्वहीन चुप्पी साधे रहती है, कमजोर समाज के प्रति उसकी उदासीनता देखते बनती है।

प्रो॰ श्यौराज सिंह बेचैन की सद्य प्रकाशित पुस्तक मीडिया में सामाजिक लोकतन्त्र की तलाश पांच सौ छियालीस पृष्ठों के विस्तृत कलेवर में समाहित चौबीस शोध-लेखों का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो कि उक्त विषय को केंद्र में रख कर चला है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक मीडियालोचक के रूप में सामने आता है। वैसे भी मीडिया उनकी रुचि का क्षेत्र है और पिछले चालीस वर्षों से मीडिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी पी-एच. डी. का विषय भी हिन्दी दलित पत्रकारिता पर पत्रकार अंबेडकर का प्रभाव था। यह शोध-प्रबंध लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड 1999 में दर्ज है। पुस्तक का पहला शोध-लेख मीडिया : सामाजिक सरोकारों की सहज अभिव्यक्ति विभिन्न समाचारों में प्रकाशित लेखों का तथ्यपरक विश्लेषण कर, लोकतान्त्रिक दृष्टि से अध्ययन करता है। रंग, नस्ल और जाति भेद : भारत में जातिभेद के लाभार्थी नामक लेख यह बताता है कि किस प्रकार वर्णवादी मानसिकता सामाजिक जिम्मेदारियों को तिलांजलि देकर अपनी जातीय प्रतिबद्धता निभाती है। ब्राह्मण के मुंह में जाति-सूचक और मायावती, मीडिया और मान्यवर नामक लेखों में सवर्णों की दृष्टि से दलित नेताओं के विषय में अखबारों में लिखे गए लेखों का तर्कसंगत दृष्टि से अध्ययन कर लेखक द्वारा कुछ जरूरी प्रश्नों को उठाया गया है। बलात्कार : स्त्री-विमर्श में अमानवीय पहलू ऐसा लेख है जिसमें आज का स्त्री विमर्श, मीडिया में दलित महिलाओं के लिए जगह, बलात्कार, मीडिया में मां, मीडिया में विवाह-विमर्श आदि पर विस्तार से कलम चलाई गई है।

ब्राह्मण के मुंह में जाति-सूचक और मायावती, मीडिया और मान्यवर नामक लेखों में सवर्णों की दृष्टि से दलित नेताओं के विषय में अखबारों में लिखे गए लेखों का तर्कसंगत दृष्टि से अध्ययन कर लेखक द्वारा कुछ जरूरी प्रश्नों को उठाया गया है।

इस प्रकार पुस्तक का हर लेख बहुत ही बारीकी से सवर्ण लेखकों और संपादकों की जातीय मानसिकता का पदार्फाश कर मीडिया के सच को सार्वजनिक करता है। साथ ही वर्ण और जाति आधारित, क्रूर भेदभाव वाली सवर्ण पत्रकारिता की व्यवस्था से पर्दा भी हटाता है। हिन्दी में मीडिया का दलित दृष्टि से इतनी गहन जानकारी और सूक्ष्मता से अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। यह पुस्तक मात्र विवरणात्मक सूचनाओं को संग्रहीत नहीं करती अपितु उनका विश्लेषणात्मक दृष्टि से मूल्यांकन भी करती है अतः यहाँ मात्र वर्णन नहीं है बल्कि एक गंभीर आलोचक का यथार्थवादी दृष्टि से किया गया मूल्यांकन भी मौजूद है।

हिन्दी के समाचार पत्रों की दुनिया में दलित समाज की उपस्थिति न के बराबर है साथ ही उन अखबारों में छपने वाले दलित विषयक लेखों या खबरों में यथार्थ की विश्वनीयता का अभाव भी स्पष्ट लक्षित होता है। अतः यह पुस्तक एक वैकल्पिक मीडिया की मांग करती है जिसकी उपयोगिता और आवश्यकता लेखक द्वारा किए गए मीडिया के जातीय चरित्र के पोस्टमार्टम से सिद्ध होती है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने मीडिया द्वारा घोषित और पोषित सच की बखिया उधेड़ कर उसका पोस्टमार्टम कर दिया है। आंखों से देखे गए और कानों से सुने गए ठोस विवरणों के जरिए ही सही पर गहरे और दीर्घकालिक सवालों से टकराने का कोई मौका लेखक ने नहीं छोड़ा है।

क्या मीडिया कभी राष्ट्रीय स्वरूप अख़्तियार कर पाएगी ? मीडिया में लोकतांत्रिक विविधता और सामाजिक लोकतंत्र की पक्षधरता प्रकट होगी ? या जाति ही पत्रकारिता की प्रमुखता बनी रहेगी ? भला सामाजिक सरोकारों की शून्यता में रह कर कोई संपादक कैसे न्याय संगत संपादन करेगा? , क्या मीडिया समाज के हित में अपना कर्तव्य ईमानदारी पूर्वक निभा रहे हैं ? मीडिया में दलित संबंधी खबरें किस रूप में आई हैं ? उनके क्या संदर्भ हैं ? मीडिया में उन्हें कितना और कहाँ स्थान मिला है ? विभिन्न संस्थाओं और विविध देशों, प्रदेशों और भाषाओं में किस रूप में दलित दाखिल हुआ है ? और उस की आवश्यकताओं को कितनी तवज्जों दी गई है ? ऐसे तमाम प्रश्न यह पुस्तक उठाती है। साथ ही राजनीति, खेल, साहित्य, मीडिया, कला, संस्कृति-शिक्षा आदि सभी क्षेत्रों में दलित प्रतिनिधित्व की मांग करती है।

प्रस्तुत पुस्तक के सहारे लेखक मीडिया में सामाजिक लोकतन्त्र की तलाश कर रहा है, किन्तु इस तलाश में उसके हाथों क्या लगा है ?, यह तो पाठक को पुस्तक के अध्ययन के उपरांत ही ज्ञात होगा। पुस्तक को पढ़ते समय आपको अपने पूर्वाग्रह छोड़ने होंगे, अन्यथा आप पुस्तक के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। यह पुस्तक किसी तरह का द्वेष पैदा नहीं करती है बल्कि मानवता और समाज की मजबूती की बात करती है। वह हर कड़ी को मजबूत करना चाहती है। कुल मिलाकर यह पुस्तक मीडिया-व्यवस्था परिवर्तन की मांग और लोकतान्त्रिक विचार-प्रक्रिया को आंदोलित करने का दम-खम रखती है।

**(शोधार्थी(पीएचडी) हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय फोन न- 7982232667)**

## लघुकथा: चिड़िया का कहना सुनो

**कल्पना मनोरमा**

'सदियों से चली आ रही परंपराओं में से एक सूखी पत्ती निकालकर फेंक सको और अपनी पसंद की हरी पत्तीनुमा जाग्रत परंपरा जोड़ सको तो आओ, बुनें घोंसला अपने लिए,' चिड़िया ने कहा।

'किसी को भी लग सकता है कि मनुष्य घोंसले में रहता है। लेकिन नहीं, वह अपने हाथ से बनाए घोंसले में नहीं, अपितु अपने विचारों से बने घोंसने में नितांत अकेला रहता है। उस घोंसले को बनाते हुए वह कितना विचलित या तटस्थ रहा, उसके बोलने-बताने और आचार-विचार प्रकट करने से दिखता है। ईंटों के मकान से निकलकर आदमी कहीं छिप भी सकता है लेकिन विचारों में प्रकट होकर, छिपना मुश्किल है,' चिड़िया आसमान की ओर देखकर बुदबुदाई।

'आओ, पुरानी घिस चुकी परंपराओं को पुनर्नवा कर नई परंपराएं गढ़ें,' चिड़िया का कहना डाल ने सुना। सुना पेड़, फूल, फल, आकाश, सूरज और मौसम ने। चिड़िया की करनी और कथनी में समानता थी लेकिन मनुष्य सदा जल्दी में दिखा।

# विद्रूपता के विरुद्ध 'आहतनाद '


## मूल्यांकन



**आशीष सिंह**

आप देखते हैं कि चारों तरफ कुहासा छाया हुआ है. तमाम चेहरों की भाव भंगिमा पढ़ने के लिए देर तक निहारते रहना पड़ता है. ऐसी एकटक स्थिति आपको दो राहे पर भी खड़ी कर सकती है? ज्यादा सम्भव है आपकी निगाहों से गुजरता कोई चेहरा आपकी एकटक देखती निगाहों में अपने किसी अजीज की स्मृति खोजती मिले . भला क्यों नहीं ? ऐसे ही कुहासे भर समय में, सुन्न होते रिश्तों की तपिश तलाशना ही तो मानवीय जरूरत है. हमारे समय में मौजूदा राजनीति गाँव से शहर तक जिस तरह अपने बघनखे पसारे मिलती है उसमें वे आंखें कहाँ हैं जो इन राजनीतिक कुहासों में छुपे चेहरों को टटोल सकें. ऊपर से नीचे तक आम जीवन की दैनन्दिनी को बदलती राजनीतिक - सामाजिक शक्तियों के बीच बदलते और बनते नये चेहरों को देखने की कोशिश में ही कोई कहानी या उपन्यास अपने होने को साबित करता है. अक्सर सुनने में आता है कि किस्सों की भाषा चाहे झूठी हो लेकिन उससे निकलने वाली आवाजें बिल्कुल सच्ची होती हैं. इसी में कोई कहानी या उपन्यास अपने कलेवर में उपस्थित सामाजिक सवाल हमसे साझा करता मिलता है. समकालीन सामाजिक यथार्थ को अपनी रचना का विषय बनाना दिखने में जितना सहज लगता है व्यवहार्यता उतना होता नहीं. घने कोहरे रखी कंदील में दिखती आंखों को पढ़ पाने जैसा जटिल उपक्रम है समकालीन सामाजिक यथार्थ को बिना किसी लाग लपेट के प्रस्तुत कर पाना. क्योंकि इसमें दिखती ताकतों के नुकीले पंजों की शिनाख्त किन्हीं रूपकों में ढालकर परोसती कला खूब सराही जाती है . वस्तु तथ्य को कलात्मक आवरण में लपेटकर उसकी तुर्शी कम करती कलात्मक कोशिश की तुलना में पूरी भाव भंगिमा के साथ उस वस्तु तथ्य को उभारती कलात्मक कृति का असर, रंग ही अलग होता है. मदन मोहन का नया उपन्यास 'आहतनाद' ऐसा ही है. समकालीन सामाजिक यथार्थ को प्रदेश, तहसील, और गांव को चिन्हांकित करती रचना है ' आहतनाद ' . . 'आहतनाद ' कथाकार मदन मोहन का दूसरा उपन्यास है. इससे पहले गोरखपुर के ही एक खास इलाके की सामाजिक चुनौतियों और संघर्षों को सामने लाता उनका उपन्यास 'जहाँ एक जंगल था ' था, प्रकाशित हो चुका है. उनकी विशेषता है कि वे विषयों की तलाश में बहुत दूर किन्हीं मनोवैज्ञानिक समस्याओं को तलाशने नहीं जाते बल्कि अपने आसपास के नग्न यथार्थ , दुरवस्था से जूझते मानव के सामाजिक मनोभाव को अपनी रचना का विषय बनाते हैं. यथार्थ की करीचों से झांकती उम्मीद की रोशनियों को बिनाअतिरेकी वर्णनात्मक कौशल के उनका कलाकार उसे दिखाता मिलता है. अंधेरे पर कुछ रोशनियों के धब्बे फेंकती यह रचनात्मक तरतीब ही उन्हें परिवतर्न कामी लेखकों की पांत में ला खड़ा करती है. वहाँ नायक सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि के बीच से आते हैं या सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि की ओर उन्मुख नजर आते हैं. अपनी तमाम कमियों कमजोरियों के बावजूद आत्मावलोकन करती निगाहों वाले.

'आहतनाद ' गोरखपुर के एक गाँव की कहानी है. 'महावनखोर ' से लगायत कैम्पियरगंज तहसील से उपजी स्थिति अपने लपेटे में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक विसंगति को सामने से उद्घाटित करती मिलती है. जाति, धर्म को राजनीति का मुखौटा बनाती राजनीतिक शक्तियों के हाथ बहुत नीचे स्तर तक अपराधियों के साथ कैसे जुड़े हैं यह उपन्यास सामने लाता है.' आहतनाद ' को लेखक ने युवाओं को समर्पित किया है. उपन्यास युवाओं की निगाह से प्रदेश व गाँव की राजनीति, समाज में पसरी ताकतों के असल इरादों की शिनाख्त करती दिखती है. दीपू तिवारी के पिता स्थानीय नेता हैं. वे प्रदेश के एक लोकप्रिय नेता 'भैय्या जी 'के प्रतिनिधि के तौर पर इलाके में लोगों की समस्याओं को सामने लाते हैं. जातिगत तौर पर उच्चवर्ग के होने के बावजूद वे दलितों और कमजोरों के साथ , उनकी लड़ाई में अगुवाई करते हैं. उन्हीं दलितों के बीच से उभरते नये लोग नेत्तृत्व कारी ताकत के अच्छे कार्यकर्ता हैं जो हर तरह से पार्टी की रीति नीति को नीचे तक पहुंचाने में लगे मिलते हैं.






मौजूदा राजनीति की दुरभिसन्धियों व 'नैतिकता' के आवरण के क ई चेहरे इस उपन्यास में पहचाने जा सकते हैं . कच्ची शराब की वजहसे मरने वाले गरीबों -दलितों की जिन्दगी का हिसाब -किताब करती स्थापित पार्टी है तो इन सबके पीछे खड़े चेहरे को बेनकाब करने के लिए आगे बढ़ती युवाओं की टोली है. जो इन नेताओं के वायदों, चासनी से लिपटे सम्वेदनशील वक्तव्यों में निहित अर्थों को पढ़ना जानती है. इसीलिए ये युवाओं की टोली पुलिस अफसरों, नौकरशाहों और नेताओं के लिए सम्मिलित तौर पर समस्या बनते मिलते हैं. युवाओं को समर्पित इस उपन्यास के शुरूआत में ही उपन्यासकार प्रसिद्ध कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविता 'देश कागज पर बना नक्शा नहीं होता ' की चन्द मानी खेज पंक्तियाँ उदधृत करता हुआ अपने व्यापक उद्देश्य को सामने रखता मिलता है. कानून, न्याय, संविधान की दुहाई देकर जनहितों का सौदा करने वाली शासक जमात के हाथ हर तरह से दूर दराज गांवों तक पसरते जा रहे हैं. उत्तरप्रदेश के तलहटी में बसे एक ग्रामीण जीवन की विसंगतिपूर्ण जीवन स्थिति , स्थानीय व केन्द्रीय राजनीति से जुड़े उसके तारों को यह पूरा उपन्यास बाखूबी हमारे सामने पेश करता है. साथ ही जातिगत बनते -बिगड़ते नये समीकरणों उनके राजनीतिक इस्तेमाल के तौर तरीकों की बानगी तो देखने को मिलती ही है.. जनता के प्रति जवाबदेही की भूमिका और पार्टी हित के कशमकश में खड़े शम्भू तिवारी की राजनीति है तो उन सबकी दुविधा जनक स्थितियों को साफ साफ समझते दीपक जैसे युवाओं के चेहरे हैं. जिन्हें अकारण सलाखों के पीछे ढकेल दिया जाता है, जिनकी उपस्थिति आदर्शवादी राजनीति का ढब अख्तियार किये नेतृत्व को भी असहज करती है.

उपन्यास युवा शक्तियों के ऐसे उभार को सामने लाता है जिसमें दलितों, गरीबों और मजदूरों की शामिल ताकत ताकतवर शक्तियों से भिड़ने, उनका पदार्फाश करने को उद्धत है. 'आहत 'जनों का आर्तनाद आक्रोश के रूप में सामने उभरता दिखता है. यही चीज उपन्यास की केन्द्रीय विषयवस्तु है बाकी परिधि पर छोटे छोटे वर्चस्व, लोकल राजनीति से ऊपर तक की राजनीति करने के लिए सारे छल छद्म अख्तियार करते चेहरे दिखते हैं. आवरण पृष्ठ पर दर्ज पंक्ति बिलकुल सही बात कह रही है कि इसके लेखक मदन मोहन ने यथार्थ को वैसा ही पेश किया है जैसा वह वास्तविक दुनिया में नंगी आंखों से दीखता है, हमें घूरता हुआ, ललकारता हुआ. '

'सेतु 'प्रकाशन से प्रकाशित मदन मोहन का उपन्यास 'आहतनाद' इसलिए भी पढ़ा जाना चाहिए कि जिस तरह से लोगों की समझ का अपहरण किया जा रहा है उसके पीछे खड़ी किन शक्तियों के हित सधते हैं उन्हें पहचाना जा सके. नयी उभरती रोशनी की सम्भावनाओं को तलाशा जा सके.

कृति का नाम - आहतनाद
लेखक -- मदनमोहन
प्रकाशन - सेतु प्रकाशन

**( लेखक युवा टिप्पणीकार हैं, संपर्क 87390 15727)**

## बदलते हुए मौसम का मिजाज

जब से भू मंडल नहीं रहा भौगोलिक/ चढ़ गया है भूमंडलीकरण का बुखार/ जब से गायब होना शुरू हुई उदारता/ फैला प्लेग की तरह/ उदारतावाद
जब से उजड़ गए गाँवों, कस्बों और शहरों के खुले/मैदानों के बाजार/ घर-घर में घुस गया नकाबपोश/बाजारवाद
यह अकारण नहीं कि तभी से प्रकृति ने भी/ताक पर रखकर अपने नियम-धरम/ बदल दिए हैं अपने आचार-विचार
अब यही देखिए कि पता ही नहीं लगता/ कि खुश या नाराज हैं ये बझल/ जो शेयर दलालों के उछाले गए/सेंसेक्स की तरह/ बरसे हैं मूसलाधार इस साल
जैसे कोई अकूत धनवान/ इस तरह मारे अपनी दौलत की मार/ कि भूखे भिखारियों को किसी एक दिन/जबरदस्ती ठूँस ठूँसकर तब तक खिलाए सारे पकवान/जब तक वे खा-खाकर मर न जाएं
जैसे कोई जल्लाद केवल अपने अभ्यास के लिए/बेवजह मातहतों पर तब तक बरसाए/कोड़े पर कोड़े लगातार/ जब तक स्वयं थक-हारकर सो न जाए
दूसरी तरफ देखिए यह दृश्य/ कि ऐसी बरसात में, नशे में झूमतीं,/ अपनी ही खुमारी में खड़ी हैं अविचलित
ऊँची-नीची पहाड़ियों/ स्थित-प्रज्ञों की तरह अपने ही दंभ में खड़े हैं/ ऊँचे-ऊँचे उठते मकान
और दुख से भी ज्यादा दुख में/ डूबी हुई है सारी की सारी निचली बस्तियाँ/ बह गए जिनके सारे छान-छप्पर-घर-बार
इन्हें ही मरना है, हवा से, पानी से, आग से/ बदलते हुए मौसम के मिजाज से/ कभी प्यास से, कभी डूबकर/कभी गैस से/ कभी आग से।

## भगवत रावत की कविताएँ



### अपने देश में

अपने देश में/ पानी जब नहीं बरसता तो नहीं बरसता/ आप चाहे जितना पसीना बहायें/ सूखे गले से चाहे जितना चीखें चिल्लाएँ
एक एक बून्द के लिए कितना भी तरस- तरस जाएँ/ पानी नहीं बरसता तो नहीं बरसता
लेकिन जब बरसता है तो बरसने के पहले ही/बाढ़ आ जाती है/ हर बरस हमारी ब्रह्मपुत्र ही सबसे पहले खबर देती है/ कि बरसात आ गई
जब तक हमें खबर होती है तब तक सैंकड़ों गाँव/ जलमग्न हो चुके होते हैं
जब मैं स्कूल में पढ़ता था, उन दिनों/ अखबार में छपी, बाढ़ग्रस्त इलाके का मुआयना करती/ किसी हेलिकोप्टर की तस्वीर से पता चलता था
अब इधर सुविधा हुई है/ अब हम घरों में कुर्सी पर बैठे-बैठे डूबते गाँवों के/ जीते- जागते दृश्य देखकर जान जाते हैं/ कि बरसात आ गई है
हम हर साल इसी तरह बरसात के/ आने का इंतजार करते हैं

# बाल साहित्य-शोध का मीमांसापरक अध्ययन

## आकलन

**डॉ.रेशमी पांडा मुखर्जी**

डॉ. सुरेंद्र विक्रम जी का सद्यः प्रकाशित ग्रंथ हिंदी बाल साहित्यः शोध का इतिहास बाल साहित्य के क्षेत्र में 1960 से अब तक बाल साहित्य के शोध, अन्वेषण, विश्लेषण को कम्पैक्ट रूप में प्रस्तुत करने का एक महत व सार्थक प्रयास है। एक महायज्ञ को सम्पन्न करने में वर्षों की तपस्या, साधना व श्रम का योग होता है। यह बृहद शोध इतिहास ग्रंथ भी डॉ. विक्रम के कई वर्षों की अटूट साधना तथा मनोयोग का सारगर्भित फल है। आपसे वातार्लाप के दौरान ज्ञात हुआ कि इस ग्रंथ-निर्माण में आपका श्रमसाध्य योगदान कितनी चुनौतियों को स्वीकारता व झेलता रहा। ग्रंथ की भूमिका में आपने लिखा है कि कोरानाकालीन लॉकडाउन के दौरान आपने इस ग्रंथ को पूर्ण व अंतिम रूप देने का निर्णय लिया था। यद्यपि सामग्री संचयन, शोध प्रबंधों के अन्वेषण तथा बाल साहित्य विधा में टटकी जानकारियों के प्रति आपकी ललक सदैव बनी रही।

उक्त ग्रंथ बाल साहित्य के शोध -इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। निस्संदेह शोध के क्षेत्र में अग्रसर प्रत्येक शोधार्थी ऑनलाइन में शोधगंगा को टटोलता है। शोध गंगा में उल्लेखित विषयों के अध्ययन-मनन के पश्चात वह अपने विषय को स्थिर करता है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि डॉ. विक्रम द्वारा निर्मित ह्यहिंदी बाल साहित्य शोध का इतिहासह्ण बाल साहित्य के क्षेत्र में किए गए शोध की शोध गंगा ही है। विशेषकर आपने अपने प्रयास से अन्य प्रादेशिक भाषाओं में बाल साहित्य में किए गए शोध को भी इस ग्रंथ में स्थान दिया है। डॉ. विक्रम साहित्यानुरागी हैं। वे बाल साहित्य को विमर्श के उच्चतम धरातल पर प्रतिष्ठित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही कारण है कि उन्होंने बांग्ला छत्तीसगढ़ी, मलयाली, मराठी, उर्दू, गढ़वाली भाषाओं में लिखे गए शोध प्रबंधों का भी तलस्पर्शी विश्लेषण करते हुए हिंदी शोधार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

यह ग्रंथ अपने आप में अनूठा है और इसके निमार्ता डॉ. विक्रम का दृष्टिकोण भी नवोन्मेष मनीषा से प्रभासित है। डॉ. विक्रम से मिलने वाले उनके मिलनसार स्वभाव से अनभिज्ञ नहीं है। बातचीत के दौरान आपके स्वर में गजब की उमंग और उछाह ध्वनित होती है। जैसे बच्चों में असीमित उत्साह और हुलस मिलता है। आपकी सोच तथा दृष्टि प्रतिपल कुछ नया खोजने, सृजन के नए आयाम तलाशने में जुटी हुई है। ठीक जैसे बच्चों में कुछ नया ढूंढने के प्रति ललक होती है। वे मिट्टी में किसी चमकीले पदार्थ को ढूंढने में घण्टों व्यय कर देते हैं क्योंकि उनका खोजी बालचित्त नवीनानुरागी होता है। डॉ. विक्रम में भी बाल साहित्य सृजन व शोध के प्रति नव प्रतिभाओं की खोज, नूतन साहित्य के अन्वेषण का आग्रह बना रहता है। जैसे बच्चे अपने खोजे हुए रंग-बिरंगे पत्थर, कांच, शीशे, राखी, सुगंधित इरेजर और पता नहीं क्या-क्या पिटारे में संजोते हैं। वह पिटारा उनका खजाना होता है जिसकी समृद्धि उनकी भाषा में उनकी अमीरी का द्योतक होती है। ठीक वैसे ही डॉ. विक्रम बाल साहित्य से संबंधित जब भी किसी महत्वपूर्ण शोध, ज्ञान, साहित्य से गुजरते हैं तो उसे अपनी मेधा के पिटारे में संजो लेते हैं। और वर्षों के अथक श्रम के बल पर उस ज्ञानवर्धक खजाने को एक सार्थक, उपयोगी ग्रंथ के रूप में प्रकाशित करते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि डॉ. विक्रम बाल साहित्य रचने तथा उसके शोध को संग्रहित करने में इतने सफल इसलिए हो पाए हैं क्योंकि उनमें बालसुलभ जिज्ञासा, नवीन वरण का आग्रह, खोजी दृष्टि, गंभीर ज्ञान के बावजूद एक भोला, मिलनसार, चपल, उत्साही, खुशमिजाज व्यक्तित्व निहीत है।

आलोच्य ग्रंथ का कवर एक महत संदेश के साथ उभरता है। एक बच्चा हाथ में ब्रुश लिए रंग के डिब्बे के साथ दिखाई दे रहा है। वह इस प्रकृति को अपने कल्पना-लोक में बसाकर रंगों का नया संसार रचेगा। उसके आस-पास पेड़-पौधे, हिरण, फूल, पक्षी चहल-पहल मचा रहे हैं। अर्थात प्रकृति और बच्चों के अनन्य संबंध का द्योतक यह कवर अपने संदेश में सार्थक व सफल है।

इस बृहदकाय ग्रंथ में 500 से अधिक पृष्ठों में लगभग 120 शोध प्रबंधों का सम्यक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक शोधार्थी के विश्वविद्यालय की जानकारी परिशिष्ट में संकलित है। साथ ही हिंदी बाल साहित्य में रचित महत्वपूर्ण शोधपरक पुस्तकों की दुर्लभ सूची भी परिशिष्ट में दी गई है। यह परिशिष्ट अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा क्योंकि वर्तमान व भविष्य के शोधार्थी इन शोध-प्रबंधों के शोधार्थियों तथा उनके विश्वविद्यालय की जानकारी पाते हैं। फलस्वरूप प्रयोजनानुसार वे उन विश्वविद्यालयों में जाकर आवश्यक कार्यवाही व अनुमति के पश्चात उन शोध प्रबंधों को पढ़ सकते हैं। उनके ज्ञान विस्तार के मार्ग में ये शोध प्रबंध अतुलनीय भूमिका निभाएंगे। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि डॉ. विक्रम का यह ग्रंथ बाल साहित्य के वर्तमान व भविष्य के शोधार्थियों तथा अद्यतन शोधार्थियों के बीच एक मजबूत पुल तथा विश्वसनीय कड़ी का कार्य सिद्ध कर रहा है।

आलोच्य ग्रंथ में बाल साहित्य की निम्नांकित विधाओं पर केंद्रित शोध संक्षेप प्रकाशित हैं-
नाटक, पत्र-पत्रिकाएं, कविता, कहानी, गीत आदि। इस शोध संक्षेप को डॉ. विक्रम ने नीर क्षीर विवेक का परिचय देते हुए प्रकाशित किया। आपने एक नियमित पैटर्न का अनुगमन करते हुए प्रत्येक प्रबंध के अध्याय-दर-अध्याय संक्षिप्त जानकारी देते हुए उस शोध का महत्व स्थापित किया। कुछ उदाहरणों पर गौर किया जा सकता है-


डॉ. प्रतिमा द्वारा प्रस्तुत शोध 'स्वातंत्र्योत्तर हिंदी बाल कविताः विश्लेषणात्मक अध्ययन' में आपने दिखाया है कि प्रथम अध्याय में बाल साहित्य क्या होता है। एक अच्छे बाल साहित्य की रचना के दौरान लेखक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस पर भी विस्तार से बात की गई है। डॉ. श्रीकांत मिश्र द्वारा 'रुहेलखंड परिक्षेत्र में स्वातंत्र्योत्तर बाल साहित्यः सृजनात्मक अध्ययन' शीर्षक शोध में डॉ. विक्रम ने दिखाया है कि प्रथम अध्याय में भारतीय व पाश्चात्य विद्वानों के अर्थ संबंधी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि मनोरंजन, ज्ञान, प्रेरणा तथा समसामयिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला साहित्य उच्च कोटि का बाल साहित्य कहा जा सकता है। द्वितीय अध्याय में बाल साहित्य के गौरवमयी अतीत पर प्रकाश डाला गया है। तृतीय अध्याय में बाल साहित्य की विविध विधाओं जैसे बाल कहानी, बाल कविता, बाल नाटक, बाल उपन्यास, बाल निबंध, बाल पत्रकारिता, चित्रकथा, चुटकुले, पहेलियां इत्यादि के उद्भव, विकास तथा वर्तमान स्थिति आदि के मूल्यांकन का प्रयास किया गया है। चतुर्थ अध्याय में रुहेलखंड क्षेत्र को दो भौगोलिक मंडलों में विभाजित कर बरेली मंडल तथा मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र का अध्ययन किया गया है। इस क्षेत्र में स्वतंत्रता-पूर्व व स्वातंत्र्योत्तर ब्रज, कन्नौजी, खड़ी बोली के बाल साहित्यकारों का आकलन प्रस्तुत किया गया है। पंचम अध्याय में बच्चों के लिए समर्पित बाल साहित्यकारों के व्यक्तित्व व कृतित्व की परख की गई है। षष्ठ अध्याय में रुहेलखंड परिक्षेत्र में सृजित बाल साहित्य का मनोविज्ञान, सामाजिकता, साहित्यिक महत्व की दृष्टि से विषय-विधान का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में इस परिक्षेत्र में लिखे गए बाल साहित्य के शिल्प की भाषा, रस, प्रतीक, बिंब आदि के संदर्भ में परीक्षण किया गया है। अष्टम अध्याय में हिंदी बाल साहित्य को रुहेलखंड के अवदान की चर्चा की गई है।




सार संक्षेप यह है कि करीबन 120 शोध प्रबंधों के संक्षेप रूप को इस ग्रंथ में संग्रहीत करते हुए डॉ. विक्रम ने प्रत्येक शोध प्रबंध के महत्व की गहराई से छान-बीन की है। पाठक व शोधार्थी आपके धैर्य व विचक्षण दृष्टि के निस्संदेह कायल हो जाएंगे जिसके बूते पर आपने इतने सारे शोध प्रबंधों का तलस्पर्शी अध्ययन करते हुए उसके मुख्य बिंदुओं को हाईलाइट किया। हम जानते हैं कि एक शोध प्रबंध कम से कम 250 से 400 पृष्ठों में सम्पन्न होता है। अर्थात प्रत्येक शोध प्रबंध अपने आप में एक सागर होता है क्योंकि शोधार्थी वर्षों के अन्वेषण को उसमें लिपिबद्ध करता हे। ऐसे में डॉ. विक्रम प्रत्येक सागर में एक मजे हुए गोताखोर की तरह उतरे और उसमें से कई चमकदार मुक्तास्वरूप मूल्यावान बिंदुओं को आगामी शोधार्थियो के लिए चुनकर ले आए। यह ग्रंथ केवल शोधार्थियों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उन बाल साहित्यकारों को भी सही दिशा देने में समर्थ है जो कई बार बाल मन व उनकी वृत्तियों को समझने में चूक जाते हैं। इस ग्रंथ का शैक्षणिक महत्व भी अक्षुण्ण है क्योंकि बाल साहित्य का एक बड़ा अंश पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित किया जाता है। ऐसे में विभिन्न शिक्षण बोर्डों की पाठ्य पुस्तक के निर्माण का जिम्मा सम्हाली चयन-समितियों के लिए भी यह पुस्तक कई नई व महत्वपूर्ण दिशाओं की कुंजी थमाएगी। यह ग्रंथ आने वाले समय में निश्चित रूप से बाल साहित्य में शोध तथा मौलिक लेखन के लिए प्रकाश-स्तंभ का कार्य सम्पन्न करेगा।

**(2-ए, उत्तरपल्ली,सोदपुर कोलकाता, मो-9433675671)**

## उषा राय की कविताएं



### 1. एवरेस्ट

आँखों में फटे आश्चर्य
के साथ जागती है
एक स्त्री
आँखें मलने का वक्त
बीत चुका है
नाच रही है मौत
अगर बच सकती हो तो बचो
रेल की पटरी पर
दर्द को दर किनार कर
बिखरे हुए टुकड़ों को
अगर जोड़ सकती हो तो जोड़ो
देह साबुत हो या न हो
घर हो या दुश्मनों की मांद
चोटिल हाथों से उठाओ
सपनों के पत्थर
अगर सजा सकती हो तो सजाओ
वैसे ही जैसे टिकी रहती हैं
हड्डियों की गोलाइयां
एक तनी हुई रीढ़ पर
अब उठ सकती हो तो उठो
वक्त और हालात पर
सही गलत पर
क्या रोना क्या रुकना
जिद क्रोध दुस्साहस को
भरपूर जगा सकती हो तो जगाओ
ठीक इसी वक्त
जुनून को आवाज दो
अपने भीतर की अरुणिमा को
एक चुम्मी दो और एवरेस्ट का पता पूछो।

### 2.डायन

सदा स्त्रीलिंग कुलटा-डायन
क्रूरता का गुबार नफरत का बवंडर
हाय रे पितृसत्ता औरतों को मारने के
तेरे कितने हथियार !
दुश्मन की पत्नी को बताकर डायन
तमाशा बना दिया मजा चखा दिया
ओझा को लालच दे पैसे देकर
निःसन्तान औरत का घर हड़प लिया।
कर ली शादियाँ अनेक तो
पहली को डायन बना दिया।
बाल काटना, कालिख पोतना
वस्त्र खींचना पीट-पीट के दिया मार
अपमान भी हुआ अपमानित
मानवता भी हुई शर्मसार
हाय रे पितृसत्ता औरतों को मारने के
तेरे कितने हथियार !

### 3. तेजाब

भाषा दर्द बरतती है कविता में धीरे-धीरे
उसने धारण किया है आदि कवि के दर्द को
तेजाब धरती आसमान के बीच देह पर
गिरता एक जलजला
जीतेजी शरीर का
पिघलना
फिर नश्तर चीरता है
जगह -जगह
और सर्जरी भी अपनी ही त्वचा ले-लेकर।
भाई की रोटी छीन बन जाता चंगेज खान
और हाथी मारकर वीरप्पन खूंखार
तो शेखी बघारते बुरे शौक को अंजाम देते
तेजाबी रुप में ढलते हैं कुछ युवा नामुराद
जाने कैसे हो जाते हैं वे नजरअन्दाज ।
पहले ये किसी के हथियार होते हैं
फिर उसको हथियार बना लेते हैं
मिलकर अपराध करो फिर हासिल करो।
पर कहाँ देखा है किसी स्त्री को खतम होते
कहाँ देखा है उसे खूबसूरती की भीख माँगते
निकल ही आती है गृहिणी, प्रोफेसर, मॉडल,
शिक्षक।
हैरत है किसी बिगड़ैल स्त्री ने भी
कभी किसी आदमी पर तेजाब नहीं डाला ।
यदि अच्छे होने की संभावनाएँ अभी बाकी हैं
तो
तेजाब संडास घरों में रहे और अपराधी जेलों
में।

### 4. दादी शूटर्स

वे उन्हें घूँघट में रखना चाहते थे
ये मछली की आँख देखना सीख गयीं
वे उन्हें बच्चे पैदा करने की मशीन समझते थे
ये सतरंगे सपनों को बाहों में भींचना सीख गयीं
वे दुप्पटे के रंग से अपनी लुगाई पहचानते थे
ये अंधेरों का उपयोग कर धमाल करना सीख गयीं
वे उन्हें कैद कर हजार पहरों में रखना चाहते थे
ये स्थिर हाथ फौलादी नसों से निशानेबाजी सीख गयीं
वे उन्हें अपमानित करने में कोई कसर नहीं रखते
ये अपने लिए तालियाँ बटोरना सीख गईं
वे उन्हें छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाते थे
ये सोने के मेडल होठों से चूम हवा में उड़ाने लगीं
वे उन्हें मिट्टी और गोबर में सानना चाहते थे
ये सफलता की खुशबू से गाँव महकाने लगीं
वे उनकी उम्र और खुशियाँ छीनने में लगे रहते थे
ये दादी की उम्र में टशन मारना सीख गयीं
वे मूछें ऐंठ फोटो खिंचाने के लिए बन्दूक रखते
ये दादी शूटर्स धांय- धांय गोली मारना सीख गयीं।

# मौनी अमावस्या पर सरोवरों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** माघ मेले के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने नदी सरोवरों में डुबकी लगायी। वहीं पवित्र सरोवर में देर रात से ही श्रद्धालुओं का रेला प्रसिद्ध पौहारी जी के स्थान पर उमड़ पड़ा। सुबह 4 बजे भोर से ही लोगों ने डुबकी लगानी शुरू कर दी।

श्रद्धालुओं ने पौहारी सरोवर में डुबकी लगाने के बाद विधि विधान से पूजन अर्चन कर पुण्यदान भी किया। ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं में आस्था भारी दिखी। लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखा। घाटों के अलावा पूरे पौहारी स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। आए हुए श्रद्धालुओं ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया। यह मेला सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक चलता है जो श्रद्धालु सरजू नदी से गंगा स्नान करने के बाद लौटते हैं वह लोग यहां पर आते हैं और दर्शन करने के बाद मेले का लुफ्त उठाते हैं। मान्यता है कि पौहारी जी के स्थान पर स्थित सरोवर में डुबकी लगाने से समूल पापों का नाश होता है। चर्म रोग संबंधित बीमारियां समाप्त हो जाती हैं।


स्नान के बाद पूजन-अर्चन करते जाते श्रद्धालु।


निःशुल्क शिविर में नाश्ता करते श्रद्धालु।

## श्रद्धालुओं को कराया निःशुल्क जलपान

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के अम्बारी रोड पर स्थित बैजनाथ पोखरा के पास विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से संगम स्नान करके आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सुबह से ही नगर पंचायत माहुल के नगर वासियों द्वारा निशुल्क जलपान की व्यवस्था किया गया जिसमें लगभग 10,000 से अधिक लोगों ने निःशुल्क नाश्ता किया। नाश्ते में खिचड़ी बिस्किट नमकीन हलवा चाय पानी आदि की व्यवस्था किया गया। नगर के प्रमुख व्यवसाइयों ने वितरण व्यवस्था में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा नेता आशु जयसवाल, अजय अग्रहरि, बबलू गौड़, ईश्वर मोदनवाल, रत्नेश सेठ, डॉ.सुरेश यादव, विजय सोनी, रामपत्र अग्रहरि, जितेंद्र मद्धेशिया, पप्पू सोनी, रामकरण गुप्ता, रमेश बिंद, श्रीराम मौर्या सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दबंग ने दी ग्राम विकास अधिकारी को जान मारने की धमकी

**आजमगढ़।** महराजगंज ब्लाक पर एक दबंग ने ग्राम विकास अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी ने उक्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। ग्राम विकास अधिकारी धमकी से डरा सहमा है जिससे अपने कार्य को करने में असमर्थ पा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राय ने कहा कि अगर दबंग के खिलाफ मुकदमा के साथ ही कार्यवाही नहीं हुई तो संगठन सड़क पर उतरने को बाध्य होगा। उन्होने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संतोष यादव शासकीय दायित्व निर्वहन हेतु शासन की मंशा के अनुसार ग्राम पंचायत नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम में प्रधानमंत्री आवास का सत्यापन किया था। बीते 18 जनवरी को साप्ताहिक बैठक की समाप्ति के उपरांत अनिल यादव पुत्र राजमन यादव निवासी नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम द्वारा विकास खंड परिसर में ग्राम विकास अधिकारी संतोष यादव को गाली देते हुए कहा कि मेरे ऊपर 6 मुकदमा चल रहा है, तुम्हारा हाथ पैर तोड़ देंगे, जान से मार दूंगा। धमकी से आक्रोशित एसोसिएशन के लोगों ने उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग की।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की फरियाद

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

समाधान दिवस पर कुल 150 मामले आये, जिसमें से 17 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 133 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 99, विकास के 16, पुलिस के 15 एवं अन्य के 20 मामले शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, सीएमओ डॉ.आईएन तिवारी, एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार पुष्कर आदि उपस्थित रहे।


सदर तहसील में फरियाद सुनते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

## संपूर्ण समाधान पर 16 प्रार्थना पत्र, 4 का हुआ निस्तारण

**लालगंज (आजमगढ़)।** एसडीएम लालगंज एसएन त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार को लालगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 16 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें से 4 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष बचे 12 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करते हुए इसके शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज कुमार रघुवंशी, तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पंकज शाही तथा विभिन्न विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के तीन आरोपियों को दस वर्ष की सजा

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर में दुष्कर्म के 3 आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्तों को 10 वर्ष की कारावास व 5 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। बीते 7 दिसम्बर 2000 को थाना मुबारकपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना मुबारकपुर पर शिकायत किया कि विपक्षी तैय्यब पुत्र मारूफ, अफरोज पुत्र मारूफ व मुफरान पुत्र मुल्तान निवासी लोहरा तकिया थाना मुबारकपुर द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया। जिसके सम्बन्ध में उपरोक्त तीनों अभियुक्तों के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया गया था। उक्त के क्रम में विशेष न्यायाधीश (एससी, एसटी एक्ट) आजमगढ़ द्वारा मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त तैय्यब पुत्र मारूफ, अफरोज पुत्र मारूफ, मुफरान पुत्र मुल्तान निवासी लोहरा तकिया थाना मुबारकपुर को दोषसिद्ध पाते हुए प्रत्येक को 10 वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# प्रसव के दौरान विवाहिता की मौत

## परिजनों का हंगामा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** रजनी 25 वर्ष पत्नी हरिश्चंद्र निवासी कपसेठा थाना देवगांव शनिवार को प्रसव पीड़ा के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाई गई। जहां प्रसव के दौरान उसकी मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रजनी पत्नी हरिश्चंद्र निवासी कपसेठा थाना देवगांव की करीब एक साल पहले जामुडीह थाना तरवां में शादी हुई थी। वह अपने मायके कपसेठा में ही इस समय रह रही थी। पहले बच्चे के जन्म के लिए प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार को सुबह लगभग 5 बजे उसके पिता सूर्यबली अपने साथ आशा लालमनी को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे जहां पर सवेरे लगभग 8 बजे प्रसव के दौरान रजनी की मौत हो गई। जन्म लेने वाली बच्ची को मां की मृत्यु के पश्चात आराध्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रजनी की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया जिससे अस्पताल में अफरातफरी फैल गई। पुलिस ने सूचना पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


फोटो-01-घटना की जानकारी लेती पुलिस।

# पोखरी की जमीन पर फर्जी ढंग से नाम दर्ज कराने के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जहानागंज ब्लाक के टेल्हूआ गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा।


तहसील में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

जहानागंज ब्लाक क्षेत्र के टेल्हूआ गांव के ग्रामीणों ने सदर तहसील में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को पत्रक सौंपा। जिला प्रशासन को सौंपे पत्रक में ग्रामीणों ने बताया कि गांव से सटे पोखरी की भूमि है जिसमें पुस्तैनी बारिश तथा घरों का गंदा पानी जाता है जिसमें जल निकासी के लिए दो पुल भी बनाये गये हैं। अभिलेख 1359 फसली 1356 फसली में अराजी न0 85 पोखरी के खाते में 200 कड़ी रकबा दर्ज है तथा मौके पर आज भी पोखरी है परन्तु गांव के ही कुद लोगों द्वारा फर्जी इन्द्राज के आधार पर वर्तमान खतौनी में नाम दर्ज करा लिए हैं। जिसके सम्बंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दिया गया था जिसमें सदर तहसील के कार्यालय के संख्या 15191220219540 सीसी पर मुख्यमंत्री को भ्रामक रिपोर्ट प्रेषित की गयी। जबकी हम सभी खतौनी की पक्की नकल साक्ष्य के रुप में सलग्न किये है जिसमें 200 कड़ी पोखरी दर्ज है जिसका आख्या रिपोर्ट में कही भी उल्लेख नहीं है यह विपक्षियों के प्रभाव में आकर छिपाया गया है। जिला प्रशासन को सौपे पत्रक के माध्यम से ग्रामीणों ने जांच कराकर खतौनी में 200 कड़ी पोखरी दर्ज करते हुए आख्या रिपोर्ट कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की मांग की।

## मरीजों में बांटा फल व मास्क

**आजमगढ़।** युवा वाहिनी सेवा संस्थान सिरवां के तत्वाधान में शनिवार को मंडलीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल व मास्क का वितरण किया गया। युवा वाहिनी सेवा संस्थान के संचालक महासचिव मनोकामना विमल ने जिला मंडलीय चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और मास्क वितरित कर अपनी सेवा भाव का परिचय दिया। मनोकामना विमल ने बताया कि युवा वाहिनी सेवा संस्थान द्वारा गरीब, असहाय और मजलूम व्यक्तियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है और समय-समय पर विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मंडलीय चिकित्सालय में मरीजों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान कराने पर मनोकामना विमल ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अनूप श्रीवास्तव, डॉ.राजनाथ, एक्स-रे इंचार्ज सत्य प्रकाश सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बासुदेव कुमार, राजेश विश्वकर्मा, बिंदर सरोज, रामसनेही यादव, सिरवा के क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश सरोज आदि मौजूद रहे।

# मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को नेहरू हाल के सभागार में विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 गोरखपुर फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए 84 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कर्मियों से कहा कि आप अपने मतदान केन्द्रों पर स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक है कि आप चुनाव संचालन से संबंधित प्रशिक्षण, चुनाव प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग के दिशा निदेशों से भली भॉति परिचित हों। उन्होने बताया कि विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2023 का निर्वाचन आगामी 30 जनवरी को 38 बूथों पर मतदान होना प्रस्तावित है।

सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण ई.कुलभूषण सिंह ने पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व के विषय में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि मतदान से एक दिन पहले पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल से निर्वाचन सामग्री लेते समय चेक लिस्ट से मिलान कर लें तथा यह भी जांच लें कि निर्वाचन सामग्री आपके ही बूथ की है। मतदान प्रारम्भ होने से पहले खाली मतपेटी मतदान अभिकताओं को दिखाना अनिवार्य है। मतदान संबंधी समस्त घोषणा निर्धारित प्रारूप पर अवश्य करें। श्री सिंह ने मतदान कर्मियों को चैलेन्ज वोट, टेण्डर वोट आदि के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति पर मतपत्र लेखा तैयार करके एक प्रति मतपेटी के साथ तथा एक-एक प्रति मतदान अभिकताओं को अवश्य दें। श्री सिंह ने मतदान समाप्ति पर निर्वाचन कागज पत्रों को सील बन्द करने के बारे में बताया। इसी के साथ ही सांविधिक तथा असांविधिक लिफाफों को निर्वाचन सामग्री सील करने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने भी निर्वाचन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में एनआईसी से संतोष राय, रवि पाठक, अभिषेक राय, अमित सिंह, निखिल तथा अंजनि मिश्रा उपस्थित रहे।


मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देते इं.कुलभूषण सिंह।

# सीपीएस के पास माडर्न और एडवांस एजुकेशन देने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध

**बोले अयाज अहमद खां**

**प्रधानाचार्या को बनाया गया है सिटी कोआर्डिनेटर**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में सभी पत्रकारों, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं वेव पोर्टल के साथियों का स्वागत एवं अभिनंन्दन हुआ। विद्यालय की तरफ से सभी पत्रकारों को सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल की तरफ से नव वर्ष 2023 की शुभकामनाएं दी गई।

विद्यालय के संस्थापक अयाज अहमद खॉ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल की स्थापना 1994 में हुई। सीबीएसई से कक्षा-12वीं तक मान्यता प्राप्त हमारा विद्यालय जिले के प्राइवेट सेक्टर का ऐसा पहला विद्यालय रहा है, जिसने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल प्राइवेट सेक्टर का एक मात्र विद्यालय रहा है जिसे सीबीएसई ने 2009 के बोर्ड परीक्षा का सेन्टर बनाया। समय-समय पर विद्यालय ने विभिन्न सरकारी प्रतियोगी, प्रवेश परीक्षाओं को भी कराया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अनेको बार पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी बोर्ड और सीटेट परीक्षाओं में निभाई है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा विद्यालय को आजमगढ़ के पॉच विद्यालयों को सुपरवाइज करने के लिए वर्ष 2016 में मेंटर बनाया गया। संस्थापक अयाज अहमद खान को वर्ष 2015 में रामनाईक पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा शिक्षाविद्व की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है।

विद्यालय एवं प्रधानाचार्या रेखा सिंह को बोर्ड द्वारा सीबीएसई सिटी कोआर्डिनेटर बनाया गया है। नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए विद्यालय जिले के सभी 66 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ कोआर्डिनेट करेगा। सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के पास माडर्न और एडवांस एजुकेशन देने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। विद्यालय हिन्दी, अग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, माडर्न एजुकेशन के साथ-साथ कम्प्यूटर, आर्ट, म्यूजिक एवं डांस कक्षाओं पर भी अपनी कक्षाओं को संचालित करता है। विद्यालय की लाइब्रेरी के पास विषयक किताबों के साथ-साथ अन्य किताबें, अखबार, मैगजीन, जर्नल भी उलब्ध कराये गये है। विद्यालय के पास रीडिंग रूम की भी व्यवस्था है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालय अपनी शिक्षा व्यवस्था में उचित बदलाव भी कर रहा है।

सीपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल के अन्य स्कूल, सीपीएस मुबारकपुर, फरिहा एंव नवीनतम भिवण्डी मुम्बई शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रसर है। संस्थापक श्री खां ने सभी जनपदवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शुभ चिन्तकों, अभिभावकगण एवं विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी।


कार्यक्रम को संबोधित करते संस्थापक अयाज अहमद खां।

# खंड स्नातक निर्वाचन हेतु भाजपा की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल अतरौलिया की बैठक स्थानीय डाक बंगले के सभागार में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करके किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय संचालन सुभाष निषाद ने किया।

बैठक के मुख्य अतिथि जयप्रकाश पांडेय अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक रहे। बैठक में गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रजीत तिवारी ने कहा कि आज केंद्र एवं प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश विकास के क्षेत्र में प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश से गुंडों एवं माफियाओं का सफाया होता जा रहा मुख्य अतिथि जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत कार्यकताओं की जीत होगी। इस जीत से कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा जो आने वाले निकाय चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा का कार्य करेगा।

बैठक में जितेंद्र सिंह गुड्डू, श्याम बिहारी चतुर्वेदी, विवेक कुमार जायसवाल, रमेश सिंह रामू, धर्मेंद्र निषाद राजू, जय प्रकाश जायसवाल, धीरज मिश्रा, ब्रह्मदेव सिंह, लालजी सिंह आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

## संक्षेप

### हजारों ने किया भण्डारे का प्रसाद ग्रहण



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के चड़ई गांव स्थित जयबजरंग अखाडा द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शनिवार को भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूणार्हुति में लोगो ने हिस्सा लिया। ज्ञान यज्ञ में यज्ञाधीश पं.प्रेमशंकर महराज रहे वहीं आचार्य प.दिवाकर तिवारी रहे। अंतिम दिन कथा वाचक विजय शास्त्री रहे। मत्रोच्चारण के बीच पूणार्हुति में लोगो ने हिस्सा लिया। मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्ति रस से सराबोर रहा। यज्ञ का प्रसाद भंडारा शनिवार को हुआ। दोपहर से शुरू प्रसाद वितरण देर रात तक चला। कार्यक्रम में रामनाथ यादव, रामपाल यादव, अमरजीत यादव, शंकर यादव, रामनयन मौजूद रहे।

### चोरी व लूट की घटना में शामिल दो गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना सिधारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी व लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। शुक्रवार को उपनिरीक्षक कमलनयन दूबे ने दो अभियुक्तो बदरे आलम उर्फ राजा पुत्र मो.हसनैन निवासी सठियांव थाना मुबारकपुर व दुर्गेश यादव उर्फ निरहू पुत्र गोरख यादव निवासी सुराई थाना मुबारकपुर को रेलवे स्टेशन मोड़ के करीब प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त बदरे आलम उर्फ राजा पुत्र मो.हसनैन के पास से एक अदद तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर व दूसरे अभियुक्त दुर्गेश यादव उर्फ निरहू पुत्र गोरख यादव निवासी सुराई थाना मुबारकपुर के पास से एक अदद लोहे की सरिया बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### अपराध पर नियंत्रण लगायें पीआरवी कर्मचारी



**आजमगढ़।** प्रभारी निरीक्षक यूपी 112, जनपद के दिशा-निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें यूपी 112 परियोजना जनपद आजमगढ़ के चार पहिया एवं दो पहिया पीआरवी कर्मचारियों को अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला एवं बाल सम्बन्धित अपराधों में एसओपी के अनुरूप कार्य करने के साथ ही पीआरवी परफारमेंस के सम्बन्ध में कालर एवं आम जनमानस के पास त्वरित रूप से पहुंच कर उनकी बातों को गम्भीरता से सुनते हुए उनके साथ आदर का भाव रखते हुए उनकी समस्याओं का यथा सम्भव अतिशीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उच्चाधिकारियों के आदेशों, निदेशी के अनुपालन हेतु निष्ठा पूर्वक क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 जितेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राम स्वरूप राय, उपनिरीक्षक लौजारी राम, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह व लगभग 140 पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### लूट की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सिधारी पुलिस ने लूटी गयी मोबाईल व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार करते हुए 2 बाल अपचारी को अभिरक्षा में ले लिया। बीते सात जनवरी को दिलीप कुमार भारती पुत्र लालमन निवासी चकडीह पोस्ट मतौलीपुर द्वारा आन लाईन ई-एफआईआर किया गया कि मिल्कीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भदुली पुल के पहले उसके भाई की मोबाइल को अज्ञात व्यक्ति छीन कर भाग गया। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस ने भदुली बाजार के पहले ओवर ब्रिज के पास मुकदमा उपरोक्त में लूटी गयी मोबाईल व घटना में प्रयुक्त की गयी मोटर साईकिल के साथ तीन, अभियुक्तों आशीष यादव पुत्र रमेश यादव निवासी हरिहरपुर थाना कन्धरापुर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। 2 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया।

### अवैध शराब के साथ एक धराया

**आजमगढ़।** थाना महराजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपमिश्रित शराब बनाने व रखने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। महराजगंज पुलिस ने राकेश यादव पुत्र पारसनाथ यादव निवासी मठिया मढ़ई धुसवा थाना रौनापार को गोपालपुर भट्ठे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से दो गैलन में 20-20 लीटर कुल 40 लीटर अमिश्रित शराब व एक किलो यूरिया, 500 ग्राम फिटकरी व शराब बनाने का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### अवैध गांजा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मादक पदार्थों, द्रव्यों की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना महराजगंज पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। महराजगंज थानाध्यक्ष कमलकान्त वर्मा शुक्रवार को हमराहियों के साथ अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान अभियुक्त रामप्रीत तिवारी पुत्र स्व.भगवती तिवारी निवासी देवनपुर थाना महराजगंज को एक किलो 500 ग्राम गांजा के साथ एमपीसी पब्लिक स्कूल बहद ग्राम देवनपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### एमएलसी चुनाव के लिए किया जनसंपर्क

**पटवध (आजमगढ़)।** जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरिवंश मिश्रा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए जनसंपर्क किया। बिलरियागंज मंडल अंतर्गत खंड स्नातक एमएलसी चुनाव का समय नजदीक आते ही पार्टी के कार्यकताओं ने अपना-अपना जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इस जनसंपर्क अभियान में बिलरियागंज मंडल के महामंत्री सूर्य प्रकाश मिश्र मंडल के दूसरे महामंत्री रुद्र प्रकाश राय विधानसभा के संयोजक दयाशंकर यादव मंडल के उपाध्यक्ष कृपाशंकर राय, संतोष पासवान, चंद्रकांत राय वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र राय उर्फ महंत राय एवं सरवन यादव मंडल के उपाध्यक्ष नरेंद्र राय इत्यादि भाजपाइयों ने समूह बनाकर संपर्क अभियान ग्राम सभा चांदपुर और मानपुर में चलाया। इस कार्यक्रम में हरखपुर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान प्रमोद चैहान ने विशेष रूप से सहभागिता की।

### विद्युत कैंप में हुई 79 हजार की वसूली

**लालगंज (आजमगढ़)।** उपखंड देवगांव के अंतर्गत आने वाले कपसेठा निहोरगंज में बिजली विभाग के ओर से एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 79 हजार की वसूली की गई और बिल जमा न करने वाले करीब एक दर्जन लोगों का कनेक्शन विच्छेदित कर दिया गया। जेई संजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित विद्युत विभाग के इस कैंप में लोगों ने पहुंचकर अपने बिल को जमा किया। इस दौरान 12 लोगों के बिल न जमा न करने पर उनके कनेक्शन को विच्छेदित कर दिया गया। इस मौके पर विभाग के राम बहादुर गुप्ता, सुनील कुमार, बिरजू, राम जन्म, अमित यादव, अशोक, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 18 की सापेक्ष दो का मौके पर हुआ निस्तारण

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील सभागार में एसडीएम संत रंजन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह व एसडीएम ने उपस्थित फरियादियों की समस्या को बारी-बारी ध्यानपूर्वक सुना और निराकरण किया। स्माधान दिवस पर कुल 18 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें मौके पर दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो सका। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित तहसील स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए सीआरओ श्री सिंह ने कहा कि फरियादियों की शिकायत को प्रमुखता से लेते हुए मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करें। इस कार्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी। इस मौके पर नवागत नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा, एसडीओ तुषार श्रीवास्तव, सीडीपीओ निरुपमा वर्मा, नगर पंचायत से अशोक दुबे सहित संबंधित विभाग के लोग उपस्थित रहे।

### चकरोड व नाले से कब्जा हटाने की मांग

**आजमगढ़।** सदर तहसील क्षेत्र के नैपूरा गांव के ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पत्रक सौपकर चकरोड व नाले से कब्जा हटवाने की मांग की। तहसील दिवस पर सौपे पत्रक के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लोगों को आने जाने के लिए सेक्टर चकरोड बना है लेकिन गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसे कब्जा कर लिया गया है जिससे लोगों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही नाली को भी कब्जा कर लिया गया है जिससे गांव के लोगों के नाबदान का पानी नहीं निकल पाता जिससे ग्रामीणों ने रोष है। ग्रामीणों ने पत्रक सौंपकर चकरोड खुलवाने व नाली का निर्माण कराने की मांग की।

# ट्रेन से कटकर युवा दम्पति की मौत



रेलवे लाइन पर मौजूद ग्रामीण

मीरजापुर । जिगना थाना क्षेत्र के तुलापुर रेलवे पटरी पर बघेरा कला निवासी दीपक बिंद पुत्र स्व. विंध्यवासिनी उम्र करीब 24 वर्ष ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। पति को बचाने के लिए पीछे से आ रही पत्नी हीरावती 22 वर्ष पति को बचाने के प्रयास के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है।

**दुखद**

### रूठे पति को मनाने में कटा पैर, टूट गया दम

बताया जाता है कि दीपक कुमार बिंद उर्फ.बिग्गड़ तीन भाइयों में सबसे बड़ा हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व वह सोलापुर से आया था। रात में पारिवारिक विवाद एवं लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ। इसी दौरान आवेश में दीपक आत्महत्या की बात कह कर रेलवे ट्रैक की ओर जाने लगा। उसकी पत्नी भी उसे पकड़ने के लिए पीछे से दौड़ी। ट्रेन आते ही दीपक छलांग लगा बैठा। बचाने में उसकी पत्नी भी ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसका पैर कट गया। लोगों ने सुबह उसे घायल देखा। पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को मंडलीय अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो चुकी थी। बीते वर्ष मई माह में दीपक का विवाह हुरुआ आमघाट में हुआ था। दंपत्ति को कोई संतान नहीं है। वारदात की सूचना मिलते ही आसपास के गांव में खबर आग की तरह फैल गई। काफी संख्या में ग्रामीण जुटे। मौके पर रेलवे के कर्मचारी एवं सूचना मिलते ही जिगना पुलिस के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की हुई मौत

**पुलिस को बिना सूचना दिए बगैर परिजनों ने किया दाह संस्कार**

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव के पास असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क किनारे गिर गया था। घायल को इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बंजारी कला गांव के अमहा मजरा निवासी हरिकेश 25 वर्ष अपने साथी बबलू 35 वर्ष के साथ पिपरा गांव निवासी भाई शिवराम के ससुराल लालजी के यहां गया था। शुक्रवार को देर शाम घर वापस आते समय हलिया देवरी मार्ग पर बैधा मोड़ के पास असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर गया। ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया ले आया गया, जहां से हरिकेश को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिसका अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। साथ में बैठा बबलू का इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए दाह संस्कार कर दिया।

# बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित बामी गांव के सामने शनिवार को रोड क्रॉस कर रहे व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक व व्यक्ति दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित बामी गांव के सामने तेंदुआ कलां निवासी स्व0 बुद्धिराम का 65 वर्षीय पुत्र लल्लू बहेलिया को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे लल्लू बहेलिया के साथ बाइक चालक रिंकू पुत्र महादेव उम्र 30 वर्ष निवासी रानीबारी थाना लालगंज घायल हो गए। मौके पर पहुंची लहंगपुर चौकी की पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया।

वहीं पर लल्लू बहेलिया के पुत्र रमेश ने बताया कि बाइक से पिता लल्लू बहेलिया को रोड के किनारे उतारकर पेट्रोल टंकी पर तेल लेने गया था कि मीरजापुर की तरफ से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे लल्लू बहेलिया और बाइक चालक रिंकू दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल अशोक यादव, बुफरान खां व पद्माकर सिंह ने दोनों घायलों को एंबुलेंस सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया।

### बोलेरो और ऑटो की टक्कर में आधा दर्जन महिला मजदूर घायल

**अदलहाट।** नरायनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत रसूलागंज गाँव के हाइवे रोड पर गीतांजलि हॉस्पिटल के पास तेज रफ़्तार में आती हुई अनियंत्रित बोलेरो ने तीन पहिया सवारी वाहन ऑटो में जोर की टक्कर मार दी। घटना में ऑटो में बैठी आधा दर्जन महिला घायल हो गई, जहां ऑटो की बॉडी भी छतिग्रस्त हो गई। ऑटो में दूर्गा देवी उम्र 50, मुन्नी देवी 40, रमावती उम्र 41, मालती देवी उम्र 52, अर्जुन उम्र 21 निवासी छोटा मीरजापुर और रसूलागंज इंडस्ट्रियल एरिया के विभिन्न फैक्टरियों में काम करने जा रहे थे। सुबह के करीब 8:30 बजे इंडस्ट्रियल एरिया जा रहीं आटो को अनियंत्रित बोलेरो आकर ऑटो में जोर दार टक्कर मार दी। जिसमें सभी सवार चोटिल हो गए।

# तालाब खुदाई के विवाद को लेकर एसडीएम ने की जांच

जनसंदेश न्यूज



ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम व सीओ

**चुनार।** दरगाह शरीफ मुहल्ले में आंग्ल कब्रिस्तान से सटे हुए बंजर भूमि पर तालाब की खुदाई विवाद के मामले में शनिवार को एसडीएम चुनार नीरज प्रसाद पटेल ने स्वयं मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। समुदाय के लोगों ने एसडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए मांग किया था कि जिस स्थान पर तालाब की खुदाई कराया जा रहा है। उस पर पूर्वजों के शव दफनाये गये हैं। तालाब का निर्माण कहीं अन्यत्र कराया जाय। जिस पर एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजकर काम को बंद करवा दिया था। शनिवार की सुबह दोनों पक्ष के लोग खुदाई स्थल पर फिर इकट्ठा होने लगे। जिसकी भनक प्रशासन को लगी और जानकारी पर तत्काल एसडीएम, तहसीलदार नुपुर सिंह, व सीओ मंजरी राव मौके पर पहुंचे और बारीकी से स्थलीय निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझाया और कहा कि जब तक मामले का पूर्णतया निस्तारण नही हो जाता तब तक तालाब की खुदाई नही होगी। एसडीएम ने बताया कि तहसीलदार के नेतृत्व में जांच टीम बनाई गयी है। हर पहलुओं पर जांच कर रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## उचक्कों ने वृद्ध महिला को पेंशन दिलाने के नाम पर किया अगवा

**सीखड़।** क्षेत्र के लरछुट गांव निवासी बलिराम बिंद अपने पत्नी चिरौंजी देवी के साथ गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास रहते है। शनिवार को एक बजे दिन में बाइक सवार दो उचक्कों ने घर पर पहुंचकर पेंशन दिलाने की बात करते हुए आधार कार्ड और पैसे की मांग की। जिस पर वृद्ध महिला चिरौंजी देवी ने आधार कार्ड लेकर निकली की उच्च को ने अपने बाइक पर बैठा कर चलने की बात कह कर महिला को बैठा कर निकल लिए। वृद्ध महिला को खानपुर कठेरवा मार्ग पर स्थित टयूबवेल के पास रोक कर महिला के हाथ से चांदी का दरकोचा, लक्षा आदि निकलवा कर ले लिए। वृद्ध महिला को उसी स्थान पर छोड़ कर उसके घर आकर पति बलिराम से कागज लेने की बात करते हुए बक्शे की ताला तोड़कर लगभग छह हजार रुपए लेकर चंपत हो गए। पीड़ित महिला के पति ने 112 व चुनार पुलिस को सूचना दिया, जहां पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# मधुशाला में पहुंची नीलगाय मची भगदड़ 6 लोग जख्मी

**हड़कंप**

**नगर की सड़कों पर उछल कूद मचाते मधुशाला में जा घुसी**

**मीरजापुर।** नगर में आबादी के बीच शनिवार को कटरा कोतवाली क्षेत्र के भटवा पोखरी स्थित देसी शराब की दुकान में नीलगाय घुसने से हड़कंप मच गया। मचे भगदड़ में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जाल लगाकर नीलगाय को अपने कब्जे में किया।

जिसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। करीब 2 घंटे लोग जंगली जानवर आने से हलकान रहें। नगर के अंदर बासलीगंज में नीलगाय देखा गया। जो घूमते हुए भटवा की पोखरी मोहल्ले में स्थित मधुशाला में घुस गई। उसे देख देशी शराब की दुकान पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गया। इस भगदड़ में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। किसी तरह लोगों ने शराब की दुकान के बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मधुशाला के अंदर घुसे नील गाय के उछल कूद से वहां रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुकान के दरवाजा को बंद कर लोगों ने वन विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंचे वन दरोगा पंच बहादुर सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जाल लगाकर नीलगाय को पकड़ा गया। वन दरोगा ने बताया कि इसे शहर के बाहर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाएगा। दुकान के सेल्समैन संजय सिंह ने बताया कि अचानक मधुशाला में घुसे जंगली जानवर के आने से माहौल ही बदल गया। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। आपस में लड़खड़ाकर गिरने से करीब आधा दर्जन लोग चोटहिल हुए हैं। जिन्हें मामूली चोटे आयी हैं। बताया जाता है कि गंगा नदी को पार कर नीलगाय शहर में आ गई। जिसे काबू में पाने के लिए वन विभाग को मशक्कत करना पड़ा।



नील गाय को पकड़ती टीम

# वायरल वीडियो का डीएम ने लिया संज्ञान

**निरीक्षण**

**उमरिया गौ आश्रय स्थल पहुंचकर अधिकारियों ने की जांच**

**अधिकारियों ने कहा गौशाला के नही है मृत हुई गाय**

जनसंदेश न्यूज



गौशाला में जांच करने पहुंचे अधिकारी

**हलिया।** क्षेत्र के उमरिया गांव स्थित गौ आश्रय स्थल के समीप खुले आसमान के नीचे मृत पड़े गोवंशों के शवों का वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार की रात अधिकारियों को उमरिया गौ आश्रय स्थल पर भेजकर मामले की जांच का निर्देश दिया था।

डीएम के निर्देश पर अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए शुक्रवार देर रात साढ़े नौ बजे के करीब उमरिया गौ आश्रय स्थल पहुंची। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजेश सिंह, तहसीलदार लालगंज शशांक शेखर राय, बीडीओ कुलदीप कुमार ब्लाक अधिकारियों कर्मचारियों संग उमरिया गौशाला पहुंचकर गौशाला के समीप खुले आसमान के नीचे पड़े गोवंशों के शवों को गढ्ढा खुदवाकर दफन करवाया। वहीं उमरिया गांव निवासी अवध नारायण शिव प्रसाद पाण्डेय व महेश पाल आदि ने बताया कि पशु आश्रय स्थल से बस्ती काफी दूर है। ऐसे में पशुपालक अपने मृत गोवंशों को गौ आश्रय स्थल पर फेंकने के लिए क्यों ले जाएंगे। वह इतनी संख्या किसी पशुपालक के पशुओं की हाल में मौत नही हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार देर रात अधिकारियों की टीम गौशाला के पास पहुंचकर मृत गोवंशों के शवों को गढ्ढे में दफन करवाने के बाद मामले को रफा-दफा करने में जुटी रही। ग्रामीणों ने लापरवाही के चलते गोवंशों की मौत होने पर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। बीडीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि मृत पड़े गोवंशों के शव गौशाला के नही हैं। मृत गोवंशों के कान में इयर टैग भी नही लगा था। उमरिया पशु आश्रय स्थल में वर्तमान में 299 गौवंश हैं। मृत गोवंश गौशाला के नही हैं। गौ आश्रय स्थल पर मौजूद गौवंशों की समुचित देखभाल हेतु संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया है।

## पुरुष व महिला नसबंदी के मामले में चिकित्साधिकारी को मिला सम्मान

**राजगढ़।** जनपद के राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पवन कुमार कश्यप के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश पर पुरुष एवं महिला नसबंदी शिविर आयोजित कर बड़े पैमाने पर स्वेच्छा से लोगों ने नशबंदी कराया। जिसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में तैनात चिकित्सक डाक्टर संतलाल को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं अपने दायित्वों को लेकर गंभीर रहते हुए शासन की मंशा पूरी करने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया। विंध्याचल मण्डल के तीनों जनपद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर संतलाल को महिला नसबंदी के मामले में प्रथम स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों के साथ साथ स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



जानकारी देते एसपी सिटी

**चील्ह।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन चील्ह थाना प्रभारी अजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक श्री कांत प्रजापति रहे। साथ मे क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, यातायत निरीक्षक संजय कुमार राय रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि हम सब को सड़क के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए, जो लोग सड़क के नियमो का पालन नही करते वे लोग दुर्घटना के शिकार होते है। चार पहिया वाहन चलाते समय चालक तथा गाड़ी में बैठ अन्य लोगो को सीट बेल्ट लगाकर हमेशा चलना चाहिए एवं गाड़ी को हमेशा कम स्पीड में चलाना चाहिए। दो पहिया वाहनों को भी इसी प्रकार हेलमेट लगाकर चलना चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चील्ह थाना प्रभारी को उनके किए गये कार्यो की सराहना भी की गई।

अमित दुबे लोकगीत गायक गीतों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत दूबे ने किया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ क्षेत्र के लोग मौजुद रहे।

# अमित के जज्बे को सलाम, बंजर जमीन पर कर रहे हैं खेती



केले की खेती



अमित चतुर्वेदी



बैंगन की खेती

दीपचन्द

**मीरजापुर।** जब दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो परिस्थितियां मायने नही रखती है। जिले में अमित चतुर्वेदी ने पहाड़ की बंजर भूमि को खेती योग्य बनाया है। एक तरफ जहां किसान बढ़ती महंगाई के साथ मौसम की मार की वजह से खेतों को बंजर छोड़ दे रहे है, वहीं दूसरी कुछ किसान बेकार बंजर पड़े जमीन को जैविक तरीके से खेती के लायक बनाकर पैदावार कर रहे है।

जिले के रहने वाले अमित

**उपलब्धि**

### जैविक तरीके से खेती करके बंजर व पथरीली रमीन पर पैदा कर रहे है सब्जिया

चतुर्वेदी ने पहाड़ पर बंजर पड़ी पथरीली जमीन को पहले केले का पेड़ लगाकर कृषि योग्य बनाया, उसके बाद उसी खेत से दलहन, तिलहन सहित सब्जियों की पैदावार कर रहे है। जिले के चुनार के रामबाग में स्थित सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने कुछ ऐसा किया है, जो ओर किसानों के लिये मिशाल है। कुछ कर गुजरने का जज्बा रखने वाले सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने संस्थान के परिसर में बंजर पथरीली जमीन जहां पर कभी कांटेदार झाड़ियां उगी रहती थी, जिनके नीचे खोदने पर पत्थर ही रहता था। उस जमीन पर जैविक तरीके से गाय का गोबर इत्यादि चीजों का प्रयोग करके कृषि योग्य बनाकर खेती कर रहे है।

### ऐसी जमीन पर जैविक खेती करें किसान

उपनिदेशक कृषि अशोक उपाध्याय ने बताया कि सुरभि शोध संस्थान परिसर में काफी बंजर जमीन पड़ी हुई थी, जहां उन जमीनों के नीचे पत्थर ज्यादा था। संस्था के प्रभारी को कृषि विभाग ने प्रोत्साहित किया, जहां संस्थान के प्रभारी द्वारा सबसे पहले बंजर जमीन पर केले के पौधें लगाए गए। आज स्थिति यह है कि वहां हर तरीके की सब्जियों की अच्छी पैदावार हो रही है। किसानों से अपील है कि बंजर व पथरीली जमीन पर खेती करने के लिए गोबर खाद का प्रयोग करें। इसके साथ ही पूरी खेती जैविक करें। इससे जमीन उपजाऊ होगी और पैदावार भी अधिक होगा।

### केले की खेती से की थी शुरूआत

सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने बताया कि पहाड़ पर बंजर पड़ी जमीन पर खेती करना दांत से पत्थर तोड़ने सामान है, लेकिन कड़ी मेहनत व प्रयास के बाद सफलता हासिल की है। पहाड़ की जमीन पर कुछ उगाना बहुत बड़ी चुनौती थी। सबसे पहले बंजर जमीन पर खेती करने के लिये केले के पौधे लगाए। केले का पौधे लगाने के बाद जमीन के नीचे मिट्टी बना, जहां अब सब्जी सहित अन्य दलहन व तिलहन की पैदावार हो रही है। इस खेती में रासायनिक खाद या केमिकल का प्रयोग नही किया गया है। केले की खेती करने के बाद बंजर जमीन उपजाऊ हो गई। कृषि योग्य जमीन बनने के बाद अब टमाटर, बैंगन, गोभी के साथ कई अन्य सब्जियां व फूलों की खेती करके पैदावार की जा रही है।

## कोटे की दुकान का चयन 31 जनवरी को

**जमालपुर।** क्षेत्र के रेरूपुर गांव में सरकारी राशन की दुकान चयन होने के प्रस्ताव को ग्रामीणों की अनियमितता के शिकायत पर उपजिलाधिकारी चुनार नीरज पटेल ने पूनम देवी के पक्ष में हुए प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। अस्वीकृत करने के बाद कोटे की दुकान के चयन के लिए नए सिरे से 31 जनवरी को पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया है।

## खान अधिकारी ने तीन ट्रकों का किया चालान

**हलिया।** थाना क्षेत्र के हलिया मनिगढ़ा मार्ग के गुर्गी गांव में शनिवार को मध्यप्रदेश की तरफ से ओवरलोड बालू लादकर मीरजापुर की तरफ जा रहे तीन बालू लदे ट्रकों का खान अधिकारी आशीष चौधरी वरिष्ठ मानचित्र अधिकारी चंद्रलोक कुशवाहा ने आनलाइन चालान किया। खान अधिकारी के औचक निरीक्षण से बिना कागजात ओवरलोड परिवहन कर रहे ट्रक चालकों में अफरातफरी का माहौल रहा।

## संक्षेप

### मैराथन रन फॉर जी 20 का हुआ आयोजन

**चुनार।** नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार को "मैराथन रन फार जी 20" का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया तत्पश्चात किला परेड ग्राउंड पर विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में सिया राम यादव, जितेंद्र यादव एवं शनि यादव एवं बालिका वर्ग में रचना, शिवानी सिंह एवं आराधना सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जलकल अभियंता सौरभ सिंह, मेजर गणेश प्रसाद सिंह, अधीक्षक शैलेश यादव, लेखाकार समशेर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को माल्यार्पण कर ट्राफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की मंजरी, पालिका कर्मी कृष्णानंद यादव, अश्वनी, संदीप अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पालिका कर्मी संतोष कुमार ने किया।

### शिक्षा है अनमोल रतन : रामशकल

**जमालपुर।** क्षेत्र के इण्टरमीडिएट कालेज मठना के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रामशकल ने द्वीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालयों के बच्चों और बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। शिक्षा अनमोल रतन है। बच्चों की पढाई पर अभिभावकों को विशेष ध्यान देना चाहिए। वशिष्ट अतिथि प्रबन्धक राजदीप महाविद्यालय कैलहट ई राज बहादुर सिंह ने कहा कि हमें बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देना चाहिए। शिक्षित बच्चियां दो परिवारों को शिक्षित करती हैं। प्रबन्धक जवाहर सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष गुलाब सिंह तथा संचालन संयुक्त रुप से पूजा चौबे और बाबूलाल सिंह ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा रविन्द्र नारायण सिंह, आलोक सिंह, रामजतन सिंह, मुकेश कुमार सिंह, कार्यवाहक प्रदेश महासचिव अपना दल एस डा आर के पटेल, विरेन्द्र बहादुर सिंह, धनन्जय सिंह, अमूल्य सिंह, अभिषेक पटेल, चन्द्र प्रकाश सिंह, नरसिंह चौहान, जोशी पटेल, बबुआ सिंह, भगवान दास प्रजापति, वरुण सिंह पटेल, मुकेश पटेल, मिनाक्षी सिह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा को लेकर तैयार की गई रणनीति

जमालपुर। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्थानीय बाजार मे बैठक कर 26 जनवरी को निकाले जाने वाले तिरंगा यात्रा की रणनीति तैयार की। बैठक में तय हुआ कि गणतंत्र दिवस पर सर्वप्रथम रानीबाग चौराहे पर ध्वजारोहण करने के बाद बाइक से अदलहाट बाजार होते हुए नारायनपुर बाजार के तिराहे पर लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद जमालपुर बाजार होते हुए ब्लाक मुख्यालय पर नेताजी सुबाष चंद्र बोस एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट्ट पर माल्यार्पण के बाद समाप्त होगी। इस दौरान गौरीशंकर सिंह, सुजीत सिंह, ऋषभ सिंह, राहुल दुबे, गंगेश्वर प्रसाद द्विवेदी, धीरज सिंह, आशुतोष, संतोष पटेल, नितेश सिंह, मनीष गोड़, रोहित, राजेश आदि मौजूद रहे।

### खंड विकास अधिकारी ने सचिव व पंचायत मित्र के साथ की बैठक

**हलिया।** शनिवार को खंड विकास अधिकारी ने सचिओ व पंचायत मित्रों की बैठक लेते हुए मनरेगा से अमृत सरोवर आधार कार्ड फिडिंग के लिए निर्देशित किया है। बीडीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि प्रत्येक गांव में मनरेगा योजना से दो अमृत सरोवर के कार्य तथा श्रमिकों का आधार कार्ड तत्काल फिडिंग कराया जाय, इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बक्शा नहीं जाएगा। अमावस्या की छुट्टी के बाद भी भारी मन से कर्मचारी मिटिंग में मौजूद रहे। इस मौके पर सचिव राजेन्द्र बिंद, सौरव यादव, दुर्गेश, बाल कृष्ण, आलोक राव, आलोक भारती, अरविंद, दिनेश, जमीर अली, विन्देश्वरी प्रसाद, सीता कुमारी आदि सहित सचिव व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### जंगली जानवर के हमले से बकरी की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित करजी गांव मे शुक्रवार की देर रात मड़हे मे बधी दुलारे बियार की एक बकरी की जंगली जानवर के हमले से मौत हो गयी। दुलारे बियार ने बताया कि रात मे भोजन करने के बाद अपनी चार बकरी मड़हे मे बांधकर घर में सो रहा था कि देर रात्रि जंगली जानवर खूंटे पर बधी एक बकरी को अपना शिकार बना लिया।

### बीआरसी बहुआर पर तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण संपन्न

**अहरौरा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बहुआर पर तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण संपन्न हुई। प्रशिक्षण में विकासखंड के सौ प्राथमिक विद्यालयों से आए अध्यापक अध्यापिकाओं ने बच्चों को पढ़ाने में सहायक बनने के लिए आकर्षण ढंग से बनाए टीएलएम बनाएं एवं उनका प्रस्तुतीकरण भी किया। बीआरसी पर आयोजित तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों को बताया गया कि अपने आसपास मौजूद कागज, पेंसिल, रबड़, कटर सहित अन्य सामग्री से किस ढंग से आकर्षक टीएलएम तैयार किया जा सकता है। जिसके माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1, 2 व 3 के बच्चों को पढ़ाने के लिए वह कारगर बन सके। इसके साथ ही गतिविधियों के माध्यम से किस तरह का बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति केंद्रित किया जाए इसके विषय में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं समापन खंड शिक्षा अधिकारी जमालपुर डॉक्टर अरूण कुमार सिंह ने किया। समापन अवसर पर अध्यापकों द्वारा अपने बनाएंगे टी एल एम की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन खंड शिक्षा अधिकारी एवं एसआरजी सरिता तिवारी ने किया। समापन समारोह में ए आर पी सौम्या श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समस्त नोडल संकुल शिक्षकों द्वारा दिया गया, जिसमें अरविंद कुमार त्रिपाठी, प्रभाकर सिंह, सुधीर कुमार सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र राज, विष्णु सिंह, सुरेश सिंह, स्वामी नित्यानंद सिंह, संतोष कुमार सिंह, नंदलाल सहित सभी नोडल संकूल शिक्षक उपस्थित रहे।

### मौनी अमावस्या के पर्व पर खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम सम्पन्न

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा ग्राम पंचायत स्थित शिव मंदिर परिसर में मौनी अमावस्या के अवसर पर शनिवार को मनकामेश्वर धाम सेवा समिति के तत्वावधान में गरीबों एवं असहायों के बीच खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान राकेश तिवारी, श्री पति तिवारी उर्फ भानु तिवारी, बाबा पटेल, मनीष तिवारी, भोला बेनबंश, बन्दे, मुन्दर सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### बोलेरो की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के जंगी रोड में बोलेरो की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि 55 वर्षीय अधेड़ अनूप जायसवाल निवासी इमरती थाना कटरा कोतवाली जोकि जंगली रोड के पास बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए मंडली अस्पताल ले जाया गया, जहां पर हालत गंभीर देखते हुए अन्यत्र रेफर कर दिया। वाराणसी जनपद में इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जहां परिजनों ने पुलिस को इस मामले में कोई कार्यवाई ना करने की बात कहते हुए शव का दाह संस्कार कर दिया।

### रेलवे स्टेशन पर हुई चेकिंग

**सैदपुर।** औड़िहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म सहित आने जाने वाली ट्रेन व यात्रियों की तलाशी ली गइ। आरपीएफ प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शनिवार को औड़िहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की तलाशी ली गई। प्लेट फार्म पर बने यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय सहित एफओबी, सकुर्लेटिंग एरिया आदि स्थानों पर अभियान के तहत चेकिंग की गई। यात्रा करने वाले सभी सवारियों पर नजर रखीं जा रहीं हैं। चेकिंग के दौरान कोई भी असंवैधानिक वस्तु नहीं पाई गई है। चेकिंग के दौरान आरपीएफ के अन्य स्टाप मौजूद रहे।

### 132 युवाओं को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में आकांक्षात्मक विकास खण्ड देवकली में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 410 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 132 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया।

### विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया गया। इस विशेष लोक अदालत में कुल 106 मामले निस्तारण हेतु नियत किये गये थे। जिनमें से कुल पांच मामले अन्तिम रूप से निस्तारित किये गये।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपंन्न

**जमानियां।** स्थानीय कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जीउत खरवार के आवास पर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाबू मान सिंह खरवार के पुण्यतिथि मनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, प्रदेश संरक्षक कुंदन खरवार, सत्य प्रकाश सिंह, सत्य प्रताप सिंह, मधुक मनोहर सिंह, सूरज सिंह, अनुराग सिंह, लक्ष्मण सिंह, विजेंद्र सिंह, राजू खरवार, सिंधु सिंह, सुधा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### कॉलेज संचालक छात्रवृत्ति की जमा करें हार्डकॉपी

**गाजीपुर।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 एवं उससे उपर की कक्षाओं के लिए योजनान्तर्गत सन्देहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र और संस्थाओं के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना है। आनलाईन आवेदन मे की गई त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक किया जाना अनिवार्य है। संस्था को अभिलेखों सहित 27 जनवरी तक सूचना देना निर्धारित किया गया है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक कर हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था जमा करें। संस्था अभिलेखों सहित विलम्बतम 30 जनवरी तक सूचना विभागीय कार्यालय में जमा करें।

# समाज व देश की खुशहाली शिक्षा के विकास से ही संभव: भूपेश चौबे

वार्षिकोत्सव

## एमवीएम स्कूल का मना वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

जनसंदेश न्यूज



मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल में स्वागत गान प्रस्तुत करते बच्चे


आभार ज्ञापित करते प्रबंधक रमाशंकर दूबे

**सोनभद्र।** मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल परासी पांडेय के वार्षिकोत्सव परिवर्तन-2023 के आयोजन में छात्र-छात्राओं ने लोक गीत, नृत्य, समूहगान और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर लोगों का मन मोह लिया।

वार्षिकोत्सव के शीर्षक यह प्रदर्शित होता है कि कोरोना काल में सब कुछ तहस-नहस होने के बाद फिर कैसे समाज में एक बदलाव सा हुआ। इसलिए इसका नाम परिवर्तन रखा गया। सुसज्जित परिसर में रंगमंच पर रंग-बिरंगी पोशाकों में सुसज्जित बच्चों द्वारा शानदार कार्यक्रम के आयोजन के उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि भाजपा से सदर विधायक भूपेश चौबे व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सदर विधायक ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति कभी भूख से नहीं मर सकता। समाज व देश की खुशहाली शिक्षा के विकास से ही संभव है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें निखरने दें। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है इसकी गरिमा को शिक्षक एवं ग्रामवासी दोनों बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय से पढ़कर ही कोई भी व्यक्ति शिक्षक, इंजीनियर, अच्छे राजनेता एवं उच्चाधिकारी बनते है। गुरूओं और माता-पिता का सम्मान करें तभी आप उच्चतम शिखर पर पहुंचेंगे।

### प्रबंधक ने अतिथियों का जताया आभार

**सोनभद्र।** मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में आए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल की नींव वर्ष 2005 में रावर्ट्सगंज में रखी गई थी। इसके बाद जमगाई में स्कूल की दूसरी शाखा खोला गया। वर्ष 2022 में विद्यालय का तीसरा मार्डन पब्लिक स्कूल परासी पांडेय में खोला गया है।


दीप प्रज्ज्जवलन कर वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ करते अतिथिगण

### इनकी रही मौजूदगी

**सोनभद्र।** मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, डा. गोपाल सिंह, डा.ओम प्रकाश त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, गोविंद यादव, संदीप चौरसिया, अनुप तिवारी, कृष्णमुरारी गुप्ता, माला चौबे, गोविंद यादव, नार सिंह त्रिपाठी, एसएन द्विवेदी, अशोक मौर्या, गुड़िया त्रिपाठी, संजय जायसवाल, बृजेश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य शालिनी श्रीवास्तव, सत्यदेव श्रीवास्तव, रिचा पांडेय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जेन वाइपर्स ने फाइनल में किया प्रवेश

**ओबरा।** स्थानीय अवर अभियंता मनोरंजन क्लब चार में चल रहे जेईपीएल सीजन-12 के 14 वें दिन शनिवार को पहले सेमी फाइनल मैच में टॉस जीतकर जेन वाइपर्स इं राजीव रंजन की कप्तानी में निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर विरोधी टीम को जीत के लिए 48 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में पिच स्मेसर्स की टीम इं सर्वेश यादव की कप्तानी में 8.3 ओवरों में 41 रनों पर ही सिमट कर रह गई। जेन वाइपर्स यह मैच 6 रनों से जीतकर फाइनल में पहुंच गई। प्लेयर आफ द मैच इं राजू पासवान रहे। दूसरे एलिमिनेटर मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेगा वारियर्स की टीम ने इं बबलू प्रजापति की कप्तानी में निर्धारित 10 ओवरों में 51 रन बनाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू डायमंड की टीम ने इं अभिनव सिंह की कप्तानी में अंतिम ओवर में मैच को 6 विकेट से जीत लिया। इं राम निवास द्वारा 25 रन बनाने पर प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### कैम्पस डे में दर्जनों अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**दुद्धी।** राजकीय आईटीआई में शनिवार को कैम्पस डे कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हीरो मोटर्स नोयडा, अयूर हर्बल मैन पॉवर सर्विसेज वाराणसी, पीपल ट्री ऑनलाइन मिजार्पुर, नवभारत फर्टिलाइजर्स वाराणसी, एलआईसी रेनुकूट, डिक्सन पैडकैड नोएडा की तरफ से अभ्यर्थियों का कैरियर काउंसिलिंग किया गया। इसमें सात कंपनी व 552 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के द्वारा रोजगार हेतु 94, हीरो मोटर्स एवं डिक्सन पैडकैड नोएडा में अप्रेंटिस हेतु 8 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें कंपनियों द्वारा 174 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिस यादव, गोपाल दास, कंपनी प्रतिनिधि, जिला सेवायोजन अधिकारी, आईटीआई के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### एडीएम से बैरियर हटवाने की मांग

**ओबरा।** मिल्लत नगर में लगाये गए बैरियर को हटवाने की मांग शनिवार को अपना दल एस युवा मंच प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया है। बताया कि इसे लेकर तहसील दिवस पर 40 मजदूरों के साथ बीते 22 दिसम्बर को अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था।अपर जिलाधिकारी द्वारा चार सदस्यों की कमेटी उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में बनाकर मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए जनसामान्य से वार्ता कर वस्तु स्थिति का आकलन किया गया। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी एसडीएम द्वारा आश्वासन ही दिया जा रहा है। वैरियर लग जाने से मजदूर महज 15 दिन ही काम कर पा रहे हैं। ऐसे में मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। बैरियर लगाने से एंबुलेंस अथवा फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सकती। मांग किया कि मजदूर व व्यापारी तथा रहवासी हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त बैरियर को हटाया जाए।

### समस्याओं के समाधान के लिए सीएम को भेजा पत्र

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर किसान संदेश अभियान के तहत प्रयागराज क्षेत्र के संगठन महासचिव एवं किसान संदेश अभियान के जिला प्रभारी श्रीकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले के किसान शनिवार को मुख्य डाकघर रावर्ट्सगंज में अपना-अपना पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित किए। पत्र में गन्ने के लाभकारी मूल्य, आवारा पशुओं से परेशानी के निवारण सम्बन्धित मांगें की गई हैं। पत्र भेजने वालों में रामसेवक पटेल, अभय पटेल, श्रीकान्त पाठक, पवन शुक्ला, भोला बाबा, भूषण, महेंद्र पटेल, रामलाल, उदय प्रकाश, अनिल पटेल, राम दर्शन सिंह, फूल सिंह, अवनीश दुबे, राधेश्याम, गुलाब मलिक समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

### जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि आज

**सोनभद्र।** सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि समाजवादी चिंतक एवं छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि 22 जनवरी को सुबह 11 से जिला पार्टी कार्यालय पर मनायी जाएगी। उन्होंने जिला पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन, विधानसभा पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी समेत कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की बात कही है।

### संदिग्ध हाल में युवक ने लगायी फांसी, मौत

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्हनगर में किराये के मकान में रह रहे युवक का शव शनिवार को उसके कमरे में फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया। मृतक की पहचान दीपक चतुर्वेदी पुत्र कृपाशंकर चौबे निवासी भिस्कुरी, मिर्जापुर के रूप में हुई। वह यहां किसी फाइनेंस कंपनी में कार्य करता था।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के डाला चढाई में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल लोगों को निजी अस्पताल भेजवाया। बाइक सवार 32 वर्षीय इम्तियाज निवासी पिपरी गांव रावर्ट्सगंज अपने घर से रेणुकूट जा रहा था कि डाला चढाई के एक लिंक मार्ग पर अचानक रोड पर आ गया। जिससे रावर्ट्सगंज की तरफ से जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सीधा टक्कर मार दिया। टक्कर होते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और दोनों घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दे दी।

### अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग में 45 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 19 जनवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमें कुल 45 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 19 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### ट्रक के धक्के से विद्युत पोल धराशायी, आपूर्ति ठप

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में शनिवार की मध्य रात्रि एक अनियंत्रित ट्रक ने विद्युत पोल में टक्कर मार दिया, जिसमें चार पोल टूट गए और दो एक दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ट्रक को चोपन थाना खड़ा करके आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। पोल टूटने की वजह से विद्युत पोल सहित तार सड़क के किनारे एक कार पर जाकर गिर गया। इस सन्दर्भ में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है, ट्रक को थाना परिसर में खड़ा करा लिया गया है।

## ग्रामीणों को संगीन धाराओं में फंसाने की धमकी दे रहे ठेकेदार

**दुद्धी।** एक तरफ जहां योगी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त करने की डंका पीट रही है वही दुद्धी तहसील इलाके में चल रहे बालू साईटो पर माफियाओं के धौस चरम पर है। अधिकारी यहां अप्रिय घटना होन की बाट जोह रहे हैं। बालू लदे ट्रकों के आवागमन से सड़के क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

मना करने पर ग्रामीणों को घर तक पहुँच कर धमकाया जा रहा है ठेकेदार के गुर्गों द्वारा कहा जा रहा है की ज्यादा उड़ो मत नही तो संगीन धाराओं में फंसा दिए जाओगे। भयभीत ग्रामीणों ने जाबर गांव के प्रधान प्रतिनधि के नेतृत्व में तहसील समाधान दिवस पहुच कर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा व क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा से न्याय की गुहार लगाई। दिए शिकायती पत्र में पिपराडीह व जाबर गांव के ग्रामीणों ने अधिकारियों को कहा कि वर्तमान में पिपराडीह साईट चल रही है। शासनादेश है कि रात्रि में बालू उठान ढुलान नही की जाएगी यानी सूर्यास्त से सूर्यदय तक खनन का कार्य पूर्णतः बन्द रहेगा लेकिन यहां खनन नियमों की सभी मनकों की धज्जियां उड़ा कर कनहर नदी से बालू का बेतरतीब खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। बताया कि हम ग्रामीणों को चलने के लिए जो ग्रामीण सड़क है व सिंगल रोड है इस पर पटरी भी नही है ऊपर से बालू लदे ओवरलोड बड़ी ट्रकों के आवागमन से मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है। इस सम्बंध में पिछले चार तहसील दिवस में निरंतर शिकायत पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई और नाही संज्ञान लिया गया बस इतना हुआ कि शिकायत के एक दो दिन बालू का परिवहन बन्द रहने के बाद पुनः यह कार्य तेज रफ्तार से चलने लगा। ग्रामीणों ने मांग किया कि उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए उचित कानूनी कार्यवाही अमल कर ग्रामीणों की सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मौके पर सुरेश प्रसाद, सुनील कुमार, अनुराग कुमार, दिव्य प्रकाश, कौशल , सुग्रीव आदि लोग मौजूद रहे।

### 81 ग्राम पंचायतों में कल होगा समाधान दिवस का आयोजन

**सोनभद्र।** डीएम ने बताया कि समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम समाधान दिवस का शुभारंभ जनपद के 81 ग्राम पंचायतों में 29 अगस्त से किया गया था। उक्त के क्रम में 23 जनवरी को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। समाधान दिवस में नामित समस्त पर्यवेक्षणीय अधिकारी उक्त रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवालय पर ग्राम समाधान दिवस का आयोजन अपनी देखरेख में कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ग्राम पंचायतों में प्राप्त शिकायतों को शिकायत रजिस्टर पर अंकित कराना सुनिश्चित करेंगे, जो शिकायत ग्राम पंचायत स्तर पर निस्तारण हेतु योग्य नहीं है उसको संबंधित ग्राम प्रधानों एवं संबंधित कर्मचारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से विकास खंड, तहसील व जनपदस्तर को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। समाधान दिवस पर कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई कितने शिकायतों का निस्तारण हुआ एवं पूर्व से कितनी शिकायतें थी, जिनका निस्तारण किया गया, इसकी सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## श्रमिक संघ कार्यालय का सीओओ ने किया उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज


फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन करते सीओओ एन नागेश

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर के हिंडाल्को कॉलोनी परिसर में बुधवार की देर शाम श्रमिक संगठन हिंडालको श्रमिक संघ के कार्यालय के जीर्णोद्धार के बाद अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कंपनी के सीओओ एन नागेश ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कंपनी में श्रमिकों का संगठन प्रबंधन और श्रमिकों के बीच की कड़ी होते हैं इसलिए श्रमिकों की समस्याएं संगठन के माध्यम से ही प्रबंधन तक पहुंचती हैं।

देवेंद्र शुक्ला ने कंपनी प्रबंधन को कार्यालय का जीर्णोद्धार कराने के लिए अधिकारियों का आभार प्रकट किया। यूनियन के अध्यक्ष अमरेश चंद्र शुक्ल ने हिंडालको के अधिकारियों का आभार प्रकट किया। कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वर्तमान मैनेजमेंट सदैव तत्पर रहता है। हमारे द्वारा दिए गए प्रस्ताव को हिंडालको प्रबंधन ने स्वीकार कर भवन का सुव्यवस्थित ढंग से जिम्मेदार करवाया। कारखाने के श्रमिक प्रबंधन के साथ कदम से कदम मिलाकर कंपनी के उत्तर उत्तर विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए हमेशा तैयार है। इस मौके पर एचआर हेड जसवीर सिंह, परणीत सिंह, संतोष सिंह, आरती सोनावडे, एनएन राय, सपन गुप्ता, अभिषेक परीदा, अमित सिंह, आरके सिंह, संजय कांती, सुभाष चन्द्र, रामजनम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर प्रधान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते प्रधान

**दुद्धी।** ग्राम प्रधान संघ के नेतृत्व में ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों प्रधान ग्राम पंचायत में बन रहे आवास, शौचालय सहित अन्य निर्माण के लिए प्रयुक्त बालू को सस्ते दामों में उपलब्ध कराने, कनहर नदी के कोरगी, पीपरडीह बालू साईड से परमिट के माध्यम से ट्रैक्टर के द्वारा बालू उपलब्ध कराने की मांग करते हुए शनिवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। प्रधान त्रिभुवन यादव, शिवकुमार, बृजेश कुमार, बुंदेल चौबे, निरंजन जायसवाल, निरंजन सोनी ने बताया कि वर्तमान समय में सबसे प्रमुख समस्या बालू की ही है।

सरकार के मंशा अनुरूप ग्रामीण अंचल में आवास बन रहे है, जिसमें आदिवासी का आवास बनाने के लिये काफी दबाव है। उक्त आवास के लिये जब भी कोई सम्पर्क करता है तब व्यवसायी स्पष्ट रूप से मना कर देते हैं कि लोकल ट्रैक्टर से हम बालू नहीं दे सकते। जबकि ट्रैक्टर कामर्शियल रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बालू लेने के लिये जाते हैं। ट्रक से बालू खरीदने की क्षमता आवास लाभार्थियों की नहीं है। इसलिए उनका सरकारी आवास बनना कठिन हो जाता है। कहा कि बालू को सस्ते दामों में कोरगी, पीपरडीह बालू साईड से परमिट के माध्यम से ट्रैक्टर के द्वारा उपलब्ध कराया जाए। इस मौके पर अभिनव प्रताप, अंजना देवी, सुभाष भारती, ममता देवी आदि उपस्थित रहे।

### नाली मरम्मत को सौंपा ज्ञापन

**डाला।** नगर पंचायत स्थित वार्ड सात के चूड़ीगली में स्थित नाली मरम्मत की समस्या को लेकर युवा मोर्चा निषाद पार्टी उपाध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने शनिवार की दोपहर नगर पंचायत कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। प्रकाश ने बताया कि नाली बहुत पुरानी और जर्जर हो गई है और कई जगह से टूट गई है। जिसके कारण जगह-जगह जल जमाव और कचरा जमा हो जा रहा है।

### चारों तहसीलों में संपन्न हुआ समाधान दिवस 19 मामले निस्तारित

**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्ट्सगंज में सीडीओ सौरभ गंगवार ने 69 शिकायतें सुनते हुए मौके पर सात मामले निस्तारित किये। बाकी प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इसी तरह तहसील ओबरा में अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे ने 25 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 6 मामले निस्तारित किये। बाकी प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं तहसील घोरावल में एसडीएम श्याम प्रताप सिंह ने 15 शिकायतें सुनते हुए मौके पर तीन मामले निस्तारित किये। वहीं तहसील दुद्धी में एसडीएम शैलेंद्र मिश्र ने 17 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 3 मामले निस्तारित किये। बाकी प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## अंधे व्यक्ति का केसीसी कर एक लाख नब्बे हजार रुपये की ठगी का आरोप

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी अंधे व्यक्ति का गांव के कुछ लोगों ने आंख का इलाज कराने के नाम पर लाखों रुपए केसीसी कर ठगी का आरोप लगाया है। वृद्ध रामनाथ ने मामले को लेकर पुलिस से शिकायत करधनवापसी एवं कार्यवाही की मांग किया है। थाना क्षेत्र के अधौरा गांव का निवासी वृद्ध रामनाथ पुत्र मक्खन का गांव के कुछ लोगों द्वारा आंख बनवाने में लगने वाले खर्च के नाम पर एक लाख नब्बे हजार का सात दिसंबर को केसीसी कराया। इसके बाद उसी दिन दलालों ने भी डेढ़ लाख रुपए खाते से निकाल लिए और पैसा भी बन्दरबांट कर लिया। तीस दिसम्बर को फिर से कागजात बनवाने के नाम पर वृद्ध को लेकर बैंक पहुंचे और पुनः 40 हजार निकाल लिया। दलाल जैसे ही बैंक से बाहर आते थे पैसा वृद्ध से ले लिया करते थे। पीड़ीत ने जब बैंक से जानकारी ली तो पता चला कि एक लाख नब्बे हजार रुपए का केसीसी ऋण हुआ है वृद्ध ने इसकी शिकायत कर न्याय की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, प्रकरण की जांच की जा रही है।

### पुलिस बल ने जंगलों में की काम्बिंग

**सोनभद्र।** जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से शनिवार को चोपन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रुदौली व बेलछ में, रायपुर पुलिस द्वारा ग्राम दर्मा एवं तेनुआ में, चौकी सुअरसोत द्वारा ग्राम तेनुडाही में तथा चौकी अमवार पुलिस द्वारा क्षेत्र के सुंदरी एवं नाचनटाण ग्राम में मयपीएसी सघन कॉम्बिंग की गयी।

### बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने घेरा विद्युत कार्यालय

**डाला।** आठ महीने से विद्युत कटौती की समस्या से जूझ रहे कोटा के ग्रामीणों ने शनिवार को विद्युत कार्यालय पर जेई का घेराव करके फीडर बदलने की मांग की। घेराव की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मौके पर पहुंच उच्च अधिकारियों से वार्ता करके विद्युत जल्द बहाल करने का आश्वासन देकर मामले को हल कराया। ग्रामीण आनंद, पंकज, संदीप भारती, विकास जायसवाल, आकाश, सत्यम ने बताया कि पिछले आठ महीने से हम लोगों की लाइट डाला कोटा फीडर से हटाकर ग्रामीण तेलगुड़वा फीडर में करा दिया गया है, जबकि कोटा की लाइट चार दशकों से डाला फीडर से मिलती है। फीडर बदलने के बाद केवल लाइट सात से आठ घंटे ही मिल पा रही है, जबकि कोटा के लोगों से शहरी लाइट का विद्युत बिल का पैसा वसूला जा रहा है और लाइट ग्रामीण स्तर की भी नही मिल पा रही है। मांग किया कि लाइट डाला- कोटा फीडर से दशकों से चलती आ रही है, जिसे बहाल करा दिया जाय। इस मौके पर शंकर दयाल, आयुस, निर्भय चौधरी, कुंजू, रवि, प्रभाकर, राजू, करमचंद जायसवाल, धर्मचंद, दीपक, अनुभव, श्यामलाल भारती, विश्वकर्मा, नन्हकु समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## राम राज्योत्सव का वन मंत्री ने किया शुभारंभ


हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर पार्थिव ज्योतिलिंगों का दर्शन करते वन मंत्री

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री राम राज्योत्सव पर द्वादश ज्योतिलिंगों का पार्थिव रुद्राभिषेक किया गया। राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने किया। वन मंत्री ने बताया कि सभी धर्मो के उत्पत्ति की तिथि नियत है, लेकिन सनातन धर्म की उत्पत्ति की तिथि नियत नहीं है।

कार्यक्रम के संयोजक स्वामी दिलीप दास ने बताया कि राम मंदिर निर्माण के लिए वर्ष 2018 अयोध्या में सवा करोड़ पार्थिव महारुद्राभिषेक कराया गया था, जिसके कारण राम जन्मभूमि का फैसला पक्ष में आया। उसके पश्चात वर्ष 2022 में जगत में कोरोना समन के लिए हाथीनाला हनुमान मंदिर में सवा लाख पार्थिव महारुद्राभिषेक किया तो भारत में फैली बिमारी दूर हुई और पूरे विश्व में राम राज्य की स्थापना हेतु यह राज्योत्सव अनवरत चलता रहेगा।

हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रधान महंत हरिनारायण दास ने बताया पंचमुखी हनुमान मंदिर पर बसंत पंचमी तक प्रत्येक दिन पार्थिव द्वादश ज्योतिलिंगों का दुग्ध, गंगाजल, कुशोदक, दूर्वोदग, ईच्छ दंड रस, शहद और जगत में फैली बीमारी को दूर करने के लिए नीम गिलोय के रस से महारुद्राभिषेक किया जाएगा।

### कल-कारखाने पर्यावरण को पहुंचा रहे क्षति

**रेणुकूट।** जनपद में वन क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को लेकर शनिवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय राय ने वन मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इसके समाधान की मांग की है। वन मंत्री को दिए ज्ञापन में उन्होंने लिखा कि प्रदेश के वन क्षेत्र में रह रहे आदिवासियों के साथ शोषण हो रहा है और साथ ही भारी उद्योगों से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि आदिवासी आज भी उपेक्षा का शिकार हो गया है और भारी उद्योगों द्वारा लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिससे यहां का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है, इसके बावजूद इसकी रोकथाम के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। वन क्षेत्र में वन भूमि पर काबिज लोगों को वनाधिकार का लाभ देने में हीलाहवाली बरती जा रही है, इस अधिनियम के तहत दावा किये गये लोगों के आवेदन खारिज कर दिए जा रहे हैं जिससे उनको सरकार द्वारा दी जा रही इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों द्वारा राख व मलबा का पूर्ण रूप से निस्तारण नहीं किया जा रहा है तमाम कंपनियों द्वारा राख का निस्तारण गोविंद बल्लभ पंत सागर में कर दिया जा रहा है जिससे बांध का केचमेंट एरिया कम होते जा रहा है और उसका पानी भी प्रदूषित हो जा रहा है। उन्होंने लिखा है कि वन विभाग के क्षेत्र में कूड़े का निस्तारण करने से वन क्षेत्र प्रदूषित होता है जिससे जंगल में रह रहे पशु पक्षी के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने निहाईपाथर, खाड़पाथर में वन क्षेत्र में पड़ रहे सड़क की समस्या के समाधान की भी मांग की है।

### वन मंत्री ने चित्रगुप्त मंदिर में किया पूजन

**रेणुकूट।** क्षेत्र के पिपरी नगर पंचायत में स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और यहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। शुक्रवार को जनपद के दौरे पर रेनूसागर पहुंचे प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना शनिवार की सुबह वाराणसी जाते समय पिपरी पहुंचे और चौराहे के समीप स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आराध्य देवता की पूजा अर्चना की। कहा कि हम सभी लोगों को अपने पर्यावरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम अधिक से अधिक पौधरोपण करें और पेड़ों की कटाई रोकने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कायस्थ बंधुओं से एकजुटता का आह्वान किया। इस दौरान नागेंद्र श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, हृदयेन्द्र लाल श्रीवास्तव, सुरेश चंद श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, शलज श्रीवास्तव, नंदलाल वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, मुकेश, संजय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या: स्नानार्थियों ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**माघ मेला**

### श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर बलुआ गंगा घाट, पूरे दिन चला स्नान-दान का सिलसिला

**चहनियां।** मौनी अमावस्या (माघ) मेला पर शनिवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गंगा घाट खचाखच भरा पड़ा था। लाखो श्रद्धालुओं ने पश्चिम वाहिनीं घाट पर पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान दान का सिलसिला भोर से शुरू होकर दिन भर चलता रहा। स्नानार्थियों की भीड़ के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। एसडीएम मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह मय फोर्स डटे रहे।

बाल्मीकि इंटर कालेज फील्ड से लेकर चहनियां तक मेले में दुकानों पर खरीदारी करने वालो की भीड़ लगी रही। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर अलसुबह से ही



बलुआ पश्चिम वाहिनीं घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

गंगा तट पर स्नानार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया। समूचा गंगा घाट, राम घाट सराय स्नानार्थियों से पट गया। लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से जगह नहीं बची। आस्थावानों ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर हर हर गंगे उद्घोष के साथ श्रद्धाभाव से डुबकी लगायी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर साधु संतों व भिक्षुओं को दान पुण्य किया। जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश के बाद स्नानार्थियों के सुरक्षा व सुविधा के व्यापक इंतजाम रहा। गंगा घाट के समीप रैन बसेरा, अस्थायी शौचालय व महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था।

भोर में स्नानार्थियों को घाट पर परेशानी न हो इसके लिए प्राथमिक विद्यालय, थाने से लेकर घाट तक जिला पंचायत विभाग ने लाइटिंग की व्यवस्था कर रखी थी। घाट पर बैरिकेडिंग के साथ ही पुलिस,



बलुआ बाल्मीकि फील्ड पर मेले में खरीदारी करते लोग।

एनडीआरएफ की टीम, जल पुलिस टीम, गोताखोर की टीम स्नान के दौरान नाव बोर्ड पर चक्रमण कर खतरे से आगाह करती रही। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में भारी मात्रा में फोर्स चहनियां से लेकर बलुआ घाट पर चक्रमण करती रही। खोया पाया केंद्र से दिन भर सूचनाओं व खोये लोगों को मिलाने का कार्य किया।

### गंगा आरती देखकर लोग हुए भावविभोर

**चहनियां।** बलुआ पश्चिम वाहिनीं घाट पर दिन भर स्नान के बाद शुक्रवार की देर शाम को मौनी अमावस्या की शुरूआत गंगा महाआरती के साथ शुरू हुई। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा बटुकों द्वारा करीब डेढ़ घण्टे चला महाआरती समिति के बटुकों द्वारा हुई। गंगा आरती देखने के लिए बटोर मेला के नाम से जाने वाला घाट पर शुक्रवार की शाम को पहुंचे शृद्धालुओ व रैन बसेरा में रुके हजारो लोगो ने मां गंगा की भव्य आरती देखी। वहीं बलुआ पश्चिम वाहिनीं के माघ मेले में वैसे तो चहनियां से लेकर बलुआ बाल्मीकि फील्ड में भीड़ रही किन्तु सर्वाधिक भीड़ फील्ड पर दिखने को मिला। मेला में पत्थर की ओखली, जाता, सील, लोढ़ा, मसूर आदि की खूब बिक्री हुई। वही गुड़हिया जलेबी, चाट, पकौड़ी, मिष्ठान, श्रृंगार आदि की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखी। बच्चों व लोगो ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया।

### बारिश-आंधी ने बिगाड़ा घाट की दशा,एक का पैर टूटा

**चहनियां।** भोर में आयी आंधी पानी ने घाट की दशा बिगाड़ दिया। लोग फिसलन के बीच स्नान किए। उसी में कैग अधिकारी सेंट्रल गवर्मेंट केजी त्रिपाठी का पैर टूट गया। जिसे गंगा सेवा समिति के सलाहकार राजेश साहनी व सुनील साहनी व अन्य अधिकारी को उठाकर मेडिकल कैम्प ले गये। घाट पर फिसलन को देखते हुए गंगा सेवा समिति के लोगों ने कीचड़ में पुआल व बालू डालकर बिछाया। वही आंधी पानी में खराब हुई बिजली को भी दुरुस्त कराया।

## बलुआ में डुबकी लगाकर मनोज सिंह डब्लू ने की जनकल्याण की कामना



पश्चिमवाहिनी बलुआ गंगा तट पर स्नान करते सपा नेता मनोज सिंह डब्लू

**चहनियां।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू मौनी अमावस्या पर पर्व पश्चिम वाहिनी बलुआ गंगा तट पहुंचे। इस दौरान मां गंगा में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन अर्जन किया। उन्होंने देश व जन कल्याण, सुख-समृद्धि व विकास के लिए मंगल कामना की। साथ ही दान कर पुण्य के भागी बने। कहा कि जन-जन के कल्याण से देश का कल्याण संभव है। हम सभी को अपनी संस्कृति व परंपरा को जीवंत रखना होगा, क्योंकि यही हमारे सशक्त व गौरवशाली इतिहास के जीवंत दस्तखत हैं।

## संक्षेप

### मौनी अमावस्या: गंगा स्नान करने आयी महिला की मौत



मृतक महिला। फाइल फोटो।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी-मटियरा बैरियर के पास गंगा स्नान करने आयी 60 वर्षीय वृद्ध महिला लीलावती यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महिला के पास से उसका फोटो मिला है। डा.अजय कुमार सिंह जब तक वृद्धा को हॉस्पिटल लाते उसकी मौत हो चुकी थी। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर उतड़ी समुदपुर की रहने वाली महिला लीलावती पत्नी प्रेम शंकर यादव मौनी अमावस्या पर स्नान करने आयी थी। कैथी में मटियरा बैरियर के पास अचानक गिर गयी। सूचना पर तत्काल पहुंचे डा.अजय कुमार सिंह ने चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए, किन्तु तब तक मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### माघ मेले में अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**चहनियां।** देवेश हॉस्पिटल धानापुर रोड चहनियां चंदौली में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें गंगा स्नान करने के पश्चात वापस घर को लौट रहे 235 श्रद्धालुओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निःशुल्क दवा व ठंडा से बचने के लिए श्रद्धालुओं में चाय का वितरण किया गया। डा.अवधेश कुमार शर्मा ने कहा कि गरीब व निचले तबका के लोगो का सेवा करना पूण्य का कार्य है देवेश हॉस्पिटल के द्वारा किया गया निःशुल्क शिविर सराहनीय है। डा.आशीष पाण्डेय ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि देवेश हॉस्पिटल के माध्यम से प्रत्येक वर्ष माघ माह में निस्वार्थ भाव से गरीबों की सेवा किया जाय। इस दौरान व डा.अंजू सिंह, डा. एजी पांडे माधुरी, तनू, शुभम व अम्बुज पाठक व गोलु तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य: डॉ. अश्वनी

**सकलडीहा।** बाबा शाह अब्दुल कादिर रहमतुल्लाह अलैहे के सलाना उर्स के उपलक्ष्य में आशुतोष पाली क्लिनिक की ओर से कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान 200 जरूरत मंद गरीबों को कंबल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डा. अश्वनी कुमार प्रतीक्षा हास्पीटल के निदेशक ने कहा कि सेवाभाव से किसी भी व्यक्ति का मदद करने से ईश्वर की पूजा के बराबर होता है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान राधा रमण सोनू सिंह यादव ने कहा कि हर जरूरतमंद की सेवा ही सच्ची सेवा है। इस मौके पर डा. सुनील दत्ता, डा. अशोक, समाजसेवी त्रिलोकी राम सहित अन्य मौजूद रहे।

### किशोरी के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**कंदवा।** काफी दिनों से लापता पुत्री की खोजबीन कर थक चुके पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराकर मदद की गुहार लगाई है। कंदवा पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई मे जुट गई है। कंदवा थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अरंगी गांव निवासी इद्रिश राय की पुत्री काजल 17 वर्ष कुछ दिनों पूर्व शाम को शौच के लिए कहकर घर से निकली लेकिन फिर घर वापस नहीं आयी। बताया कि पुत्री के वापस न लौटने से चिंतित पिता इद्रीश द्वारा काफी खोजबीन के बाद पुलिस मे गुमशुदगी दर्ज कराते हुए मदद की गुहार लगायी गयी है। बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी है।

### पुलिस ने नौगढ़ बाजार में किया पैदल गश्त

**नौगढ़।** पुलिस उपाधीक्षक चकिया रघुराज के नेतृत्व में शनिवार को सुरक्षा बल के जवानों ने कस्बा बाजार मे पैदल गश्त कर दुकानदारों व पटरी ब्यवसायियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस उपाधीक्षक ने चेताया कि सड़क व पटरी पर दुकान लगाना पूर्ततया प्रतिबंधित है, जिससे आवागमन करने में परेशानी होने के साथ ही वाहनों से जाम की स्थिति बन जाती है।जो कि दुर्घटना का सबब भी बन सकता है। कहा कि कोई भी दुकानदार पटरी पर दुकान लगाया तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पैदल गश्त में थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति सहित सुरक्षा बल के जवान शामिल रहे।

### नौगढ़ में प्रशासन की मौजूदगी में जोड़ी गई ध्वस्त की गई दीवार

**नौगढ़।** डीएम के निर्देश पर शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में रामलीला चबूतरा की जोडाई का कार्य देर रात तक जारी रहा। बताया जाता है कि गुरुवार को ग्राम प्रधान नीलम ओहरी का प्रश्रय पाकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डा.आनंद गुप्ता व अन्य ने मौजा नौगढ खास में आसीन प्राचीन रामलीला चबूतरा की दीवार को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया, जिसको लेकर गांव में काफी तनाव होकर भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी व ब्यापार मंडल अध्यक्ष सूरज केशरी के नेतृत्व में गांववासियों ने लगातार 6 घंटे तक बाजार त्रिमुहानी पर जेसीबी मशीन रोककर के धरना प्रदर्शन किया था। मौके पर विधायक कैलाश आचार्य जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार उर्फ सूड्डु सिंह व जिलास्तरीय अधिकारियों ने पहुंच कर आक्रोशित लोगो को समझा बुझाकर आक्रोश शांत कराया। इसके बाद जिला प्रशासन की पहल पर शनिवार को दीवार निर्माण कार्य जारी हुआ, जहां पर सुबह से देर रात तकरात्रि अधिकारी व सुरक्षा बल के जवान मुस्तैद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती, एसडीएम डा.अतुल गुप्ता, तहसीलदार सुरेश चन्द्र, पुलिस उपाधीक्षक चकिया रघुराज, कृष्ण मुरारी शर्मा, अतुल कुमार प्रजापति, हरिश्चन्द्र सरोज मौजूद रहे।

### पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने बांटा कंबल



**डीडीयू।।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, डीडीयू नगर अध्यक्ष अनीता पाण्डेय के साथ संस्था के सदस्यों ने पं दीन दयाल उपाध्याय नगर जीटी रोड स्थित मलिन बस्तियों में जाकर वहा रहने वाले गरीब मजदूर एवं जरूरतमंद लोगों से मुलाकात की। साथ ही 50 गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण गया। इस दौरान शनिवार को संस्था की अध्यक्ष अनीता पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि ठंड के मौसम में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से कई गरीब परिवार को लाभ मिला।

## चंदौली के पूर्व सांसद आनंद रत्न मौर्य का निधन, जनपद में शोक

**दुखद**

### 1991 से 98 तक लगातार तीन बार भाजपा से सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** संसदीय क्षेत्र चंदौली के पूर्व सांसद आनंद रत्न मौर्य शुक्रवार की देर रात उन्होंने गाजियाबाद स्थित एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। आनंद रत्न मौर्य की गिनती मृदुभाषी व विनम्र स्वभाव के नेताओं में होती थी जिसके फलस्वरूप वह चंदौली से लगातार तीन बार जीतने में सफल रहे थे।

आनंद रत्न मौर्य का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव, बनारस स्थित चिरईगांव लाया जा रहा है।

चंदौली में जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन



पूर्व सांसद आनंद रत्न मौर्य। फाइल फोटो।

अर्पित किया गया। विदित हो कि आनंद रत्न मौर्य ने चंदौली लोकसभा से कुल पांच बार सांसद का चुनाव लड़ा था। जिसमें 1991 से 98 तक लगातार तीन बार भाजपा से सांसद रहे। वहीं 1999 के लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन आनंद को सपा के जवाहर लाल जायसवाल से हार का सामना करना पड़ा था । जिसके कुछ समय बाद उन्होंने भाजपा का दामन छोड़ दिया था। वहीं पांचवी बार 2004 का लोकसभा चुनाव उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा था, लेकिन उन्हें बहुजन समाज पार्टी के कैलाश नाथ सिंह यादव ने हरा दिया।

जिसके उपरांत आनंद 2007 में एक बार फिर भाजपा में शामिल हुए और पार्टी के उत्थान के लिए कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इस दौरान उन्होंने 2015 से 2017 तक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर भी कार्य किया था। चंदौली में शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर विजय मौर्या, रामकेश सिंह, सियाराम चौहान, कैलाश यादव, जैनेन्द्र, प्रदीप, सुरेश मौर्या आदि शामिल रहे।

### धान खरीद न होने पर किसानों ने जताई नाराजगी

**चंदौली।** अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक शनिवार को मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। इसमें गोकुलपुर सहित कई केंद्रों को बंद किए जाने पर किसानों ने नाराजगी जताई। कहा कि तत्काल केंद्रों को खोला जाए, ताकि किसानों की धान की खरीद हो सके। इस दौरान किसान नेता सियाराम चौहान ने कहा कि गोकुलपुर सहकारी साधन समिति पर धान खरीद के लिए टोकन 6 जनवरी को लगा था, लेकिन 19 जनवरी तक धान खरीद नहीं किया गया। जिससे साफ जाहिर होता है कि सचिव द्वारा धान खरीद में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। धान खरीद की बात की जाती है तो सचिव की ओर से टालमटोल किया जाता हैं। यही नहीं जनपद के कई केंद्रों पर यह हाल है। किसानों के टोकन पर खरीदारी लायो रे लिखित व्यापारियों के सरदारी सीधे तौर पर सचिवों द्वारा की जा रही है। इसकी पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और तत्काल ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो किसान आंदोलन के लिए बात होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान कृष्णा राय, प्रभुनाथ, रामकृष्ण तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पोस्टकार्ड प्रतियोगिता में बालिकाओं ने किया प्रतिभाग



पोस्टकार्ड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती बालिकाएं।

**नियामताबाद।** सहभागी शिक्षण केंद्र व चौंपियन फॉर गर्ल्स एजुकेशन की तरफ से पोस्टकार्ड अभियान बालिका दिवस पर चलाया गया। सहभागी शिक्षण केंद्र द्वारा लिए गए नियमताबाद ब्लॉक के 10 गांव में बेहतर शिक्षा देने के लिए पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य के नाम से भेजे गए पोस्टकार्ड अभियान में भरछा, हिंदवारी, रंगोली, गौरी, ग्वास, सरने, धपरी, बरहुली गांव के 375 बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सहभागी शिक्षण केंद्र के जिला समन्वयक रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि विकासखंड नियामताबाद के 10 गांव की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेज कर बालिका दिवस धूमधाम से मनाया। बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना, बालिकाओं के जीवन को विकसित करना और महिलाओं की चुनौतियों के प्रति उन को जागरूक करना साथ ही साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाना है ताकि महिलाएं देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। इस अवसर पर बजरंगी मौर्य, सुधांशु मिश्रा, सबीना खातून, मयंक आदि लोग उपस्थित रहे।

## मजदूर का बेटा प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयनित



पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र को माला फूल पहनाकर स्वागत करते प्रधानाध्यापक और प्रधान।

**सकलडीहा।** पंखों से नही हौसले से उड़ान होता है। कुछ ऐसा ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार के कक्षा 6 का छात्र राजकुमार राय ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंडल में जीत हासिल किया है। उसका अगले माह लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षकों में हर्ष है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार के खेल शिक्षक अरुण कुमार रत्नाकर के प्रयास से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने लगातार शिक्षा के साथ खेल जगत में उपलब्धि हासिल किया है। नई बाजार महेसुआ निवासी अमरनाथ राय का पुत्र राजन कुमार राय कक्षा 6 का छात्र है। पिछले दिनों गाजीपुर में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का परचम लहराकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। उसका प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले से चयन होने पर शिक्षकों में हर्ष है। खेल शिक्षक अरूण रत्नाकर, प्रधानाध्यापक जमील अहमद, सहायक अध्यापक ज्योति भारद्वाज, मृत्युंजय, ग्राम प्रधान जितेन्द्र यादव ने छात्र को माला फूल पहनाकर स्वागत किया है। खंड विकास अधिकारी अवधेश राय ने बताया कि गांव में प्रतिभा का अंबार छिपा है। बस उस प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। छात्र को हर स्तर पर सहयोग और सम्मान किया जायेगा।

### अवैध शराब फैक्ट्री प्रकरण में मुख्य आरोपी अभी भी फरार

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जगदीश सराय में अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ मामले में मास्टरमाइंड राजेश सिंह व कारोबार में शामिल उसके दोनों बेटे अब भी फरार है। वहीं एसपी अंकुर अग्रवाल ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। साथ ही अवैध शराब के जरिये बनाई गई संपत्ति कुर्क किए जाने के निर्देश दिए। दरअसल मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक आरोपी को अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ अनुज सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी निशानदेही पर एक अन्य आरोपी सुनील केशरी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं कोर्ट ने भी इस अपराध को गंभीर मानते हुए दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। पुलिस की कार्रवाई के बाद से ही अवैध शराब के कारोबार को करने वाले मुख्य आरोपी राजेश सिंह, शिवकुमार सिंह, पतालु सिंह फरार है। हालांकि पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है। सूत्रों की माने इस प्रकरण पुलिसिया कार्यवाही को शिथिल करने का राजनीतिक प्रयास जारी है। हालांकि कोतवाल राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## दबंगों ने गोरारी में गरीबों के घर पर चलाया बुलडोजर

**चंदौली।** क्षेत्र के ग्राम गोरारी में बीते दिनों गांव के दबंगों द्वारा गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाकर घर को जमींदोज कर दिया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी को ग्रामीणों ने पत्र भी दिया। मगर इस पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित परिवार के साथ-साथ गांव वाले भयाक्रांत है। इस घटना को लेकर भारतीय किसान युनियन टिकैत का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष संतीश सिंह के अगुवाई में क्रमशः मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुवेर्दी, सदर अध्यक्ष कन्हैया, उपाध्यक्ष प्रभाकर मैर्या, चकिया तहसील अध्यक्ष रूपेंद्र प्रताप सिंह चौहान, बरहनी ब्लाक अध्यक्ष जीउत मैर्या, प्रचार मंत्री ओमबीर सिंह जाट पीड़ित गांव वालों के साथ पंचायत कर उनकी समस्याएं सुनी।

मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुवेर्दी ने कहा कि जिस तरह दबंगों ने गरीबों के घर बुलडोजर से तोड़ा और मड़ई में आग लगाई। यह घटना सबको सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या इस देश मे अफगानी शासन है। घरों को तोड़कर आग लगाया फिर गरीबों के घर का



गोरारी गांव में पीड़ित परिवार के साथ धरना देते भाकियू का प्रतिनिधिमंडल।

बहने वाले पानी को रोक दिया गया, जिससे बीते चार दिन से पचासों घरों के लोग मोटर पम्प से गली में इकट्ठे हुई पानी को निकाल रहे है। वहीं शासन-प्रशासन चुप है। गली को बंद किये गए रास्ते को खोलने के लिए प्रशासन द्वारा कोई प्रयास व पहल नहीं हो रहा है। प्रशासन के ढुलमुल रवैये को लेकर एक वर्ग दबंगो से भयभीत है। जिलाध्यक्ष संतीश सिंह चौहान ने कहा कि अगर जल्द ही उस रास्ते को नहीं खोला गया तो पूरी बस्ती जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ कूच कर, कलेक्ट्रेट कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठेगी। पीड़ित निर्मल चौहान और बिक्रमा चौहान ने कहा कि धमकियां मिल रही है। अगर प्रशासन ने कुछ नहीं किया तो हम गांव छोड़ने को मजबूर होंगे। पंचायत में सर्वसम्मति से ये फैसला लिया गया कि बंद रास्ते को तुरन्त खोला जाय, उस जमीन की राजस्व नापी करे। साथ ही दबंग को जेल भेजा जाए। सदर अध्यक्ष कन्हैया ने कहा कि अगर तीन दिनों के अंदर में जमीन की

## नाली निर्माण के लिए मुजफ्फरपुर में लामबंद हुए छात्र

**प्रदर्शन**

### कम्पोजिट विद्यालय मुजफ्फरपुर के सामने बह रहा नाबदान का गंदा पानी

**चकिया।** क्षेत्र के मुजफ्फरपुर में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन सड़क के ऊपर बह रहे नाबदान के गंदे पानी से होकर स्कूल जा रही हैं। कई बार गंदे पानी में गिर जाती है, जिससे उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। इसे लेकर नाराज छात्राओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया और डीएम ईशा दुहन से नाली निर्माण की मांग की। दरअसल मामला विकासखंड के मुजफ्फरपुर गांव के कम्पोजिट विद्यालय के सामने मुख्य मार्ग का है। जहां गांव के दक्षिणी छोर पर बसी माली और मौर्य बस्ती से निकलने वाला नाली का गंदा पानी खुले में सड़क पर बह रहा है।

मुजफ्फरपुर ग्राम सभा के कम्पोजिट विद्यालय में पंजीकृत 537 छात्र छात्राएं हैं। वर्तमान में ठंडी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर लगभग 350 से 400 बच्चे प्रतिदिन



मुजफ्फरपुर कम्पोजिट विद्यालय के बाहर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

पठन-पाठन के लिए विद्यालय आ रहे हैं। स्कूल के गेट के सामने मुख्य मार्ग किनारे स्थित नाली क्षतिग्रस्त हो जाने से माली बस्ती के पास से निकलने वाला नाबदान का गंदा पानी पिछले एक वर्ष से खुले में सड़क पर बह रहा है। गड्ढों में जमा गंदा पानी संक्रामक बीमारियों को न्योता दे रहा है। मुख्य मार्ग से होकर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं प्रतिदिन कभी गड्ढे में गिर कर चोटिल हो जाते हैं। बच्चों के अलावा आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र मोहन सिंह सहित ग्रामीण दिनेश पांडेय,अजय दूबे,भोला माली, रामकुमार गुप्ता, मनोज मौर्य, श्यामनरायण, पप्पू यादव, बब्बू सहित तमाम लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान को नाली निर्माण कराने के लिए मौखिक और लिखित तौर पर अवगत कराया, लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस बाबत खंड विकास अधिकारी रवींद्र प्रताप सिंह यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान को प्राथमिकता के आधार पर स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण कराने को लेकर आईडी जारी की गई थी। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा उसी आईडी पर नाली निर्माण का कार्य न कराकर अन्यत्र काम करा दिया गया। प्रधान के मनमाने रवैए को देखकर ग्राम सचिव को पत्राचार करते हुए ग्राम प्रधान के खाते को सीज करने की कार्रवाई करा दी गई है।

## अध्यक्ष बने मनोज, उपेंद्र को महामंत्री की जिम्मेदारी



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सुभाष नगर पार्क के पास शनिवार को गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने जनपद के पदाधिकारियों का मनोनयन किया। मनोनयन होने से उत्साहित उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय शिक्षक संघ के जनपद चंदौली की नई जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा की गई। नई जिला कार्यसमिति में मनोज कुमार पांडेय को अध्यक्ष, राम इच्छा सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपेंद्र बहादुर सिंह को जिला महामंत्री, सच्चिदानंद पांडेय को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष तथा ज्योति प्रकाश को जनपद का संयुक्त मंत्री बनाया गया है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि सभी विचारधारा का सम्मान करते हुए प्रदेश की नीतियों के अनुरूप शिक्षा, शिक्षक व संगठन की उन्नति की दिशा में निरंतर कार्य करना ही मेरी प्राथमिकता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम इच्छा सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त शिक्षकों की कोई भी समस्या मेरी समस्या है और उसका समाधान मेरा कर्तव्य है। शिक्षकों के हित, सम्मान व अधिकार हेतु पूर्णतः समर्पित हूं। जिला महामंत्री उपेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों की रक्षा हेतु वह कवच है जो वर्तमान में संगठन को और मजबूत व शिक्षक हित सर्वोपरि का उद्देश्य लेकर निरंतर अग्रसर है।

# स्पोर्ट्स

## कुश्ती महासंघ प्रमुख को इस्तीफा देने को क्यों नहीं कहा गया?, डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने पूछा

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को सवाल उठाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष को महिला पहलवानों द्वारा लगाये यौन उत्पीड़न के आरोपों के बावजूद इस्तीफा देने को क्यों नहीं कहा गया है? भारत के शीर्ष पहलवान डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले दो दिन से यहां जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं जिसमें ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट शामिल हैं। पहलवानों ने बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाया है। मालीवाल ने हिंदी में ट्वीट में पूछा, पहलवानों के धरने को 72 घंटे हो चुके हैं। अभी तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का इस्तीफा क्यों नहीं मांगा गया है? क्यों यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिये प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही?



# भारत VS न्यूजीलैंड 2023: रायपुर के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से पहले विकल्पों पर विचार करेगा भारत

### न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी

**रायपुर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शहर पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा है और ऐसे में 60 हजार से अधिक दर्शकों के स्टेडियम में आकर मेजबान टीम का हौसला बढ़ाने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले मैच में 131 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद 206 रन और बनाने में सफल रही थी जो भारत के लिए चिंता का सबब होगा। मेहमान टीम वापसी करते हुए जोरदार जीत दर्ज करने के करीब थी लेकिन मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शुभमन गिल ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दोहरा शतक जड़ा और अकेले दम पर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पिछले कुछ समय से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हार्दिक पंड्या से पारी के अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ रनों की उम्मीद होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने के बाद मध्य क्रम में जगह पाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन हैदराबाद में पहले वनडे में नाकाम रहने के बाद इस बार मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। कप्तान रोहित शर्मा अच्छी लय में लग रहे हैं और उन्हें अच्छी शुरुआत भी मिली है लेकिन वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। वह भी एक बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। हालांकि बड़ी चिंता गेंदबाजी विभाग में है। बुधवार को माइकल ब्रेसवेल ने अकेले दम पर न्यूजीलैंड को जीत के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने पहले वनडे में तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक की जगह शारदुल ठाकुर को मौका दिया था क्योंकि वह बल्लेबाजी में बेहतर विकल्प हैं। लेकिन प्रबंधन को जल्द ही फैसला करना होगा कि उसे एक ऐसा गेंदबाज चाहिए जो बल्लेबाजी कर पाए या ऐसा विशेषज्ञ गेंदबाज जो अपनी अतिरिक्त गति से विरोधी टीम को ध्वस्त कर सके और साथ ही बीच के ओवरों में भी विकेट हासिल कर सके। सिराज ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है। मोहम्मद शमी ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की है लेकिन ब्रेसवेल ने उनके खिलाफ आसानी से रन बटोरे। हार्दिक भी काफी महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर के लिए यह भुलाने वाला मुकाबला था जबकि कुलदीप यादव ने प्रभावी गेंदबाजी की। टीम के पास कुलदीप और युजवेंद्र चहल को एक साथ खिलाने का विकल्प भी है लेकिन अभी एक कलाई के स्पिनर और एक अंगुली के स्पिनर को खिलाने को तरजीह दी गई है। श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड का कभी हार नहीं मानने का जज्बा दिखा और इससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा। ऐसा नियमित रूप से नहीं होता कि सातवें नंबर पर खेलने उतरे ब्रेसवेल और आठवें नंबर पर उतरे मिशेल सेंटनर टीम को हार की कगार से वापसी कराएं। फिन एलेन ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाए। केन विलियमसन की गैरमौजूदगी में टीम को ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो एक छोर संभाले रखे। हेनरी शिपली, लॉकी फर्ग्युसन और ब्लेयर टिकनर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जोड़े थे और ये तीनों अपनी गेंदबाजी में अधिक सटीकता लाना चाहेंगे। यह देखना होगा कि स्पिनर ईश सोढ़ी इस करो या मरो के मुकाबले के लिए पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाते हैं या नहीं।



*टीम इस प्रकार हैं:-*

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शारदुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंड:** टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, डग ब्रेसवेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, और ब्लेयर टिकनर। समयः मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## IPL 2023 से पहले रिकी पोंटिंग ने रखी शर्त बोले- मैं चाहता हूं पंत डगआउट में मेरे पास बैठे



**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग चाहते हैं कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत सप्ताह के प्रति दिन डगआउट में उनके बगल में बैठें। पंत दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कार दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसके कारण वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। भारत के विकेटकीपर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत का अभी मुंबई में उपचार चल रहा है। पोंटिंग ने आईसीसी की समीक्षा में कहा, आप उस जैसे खिलाड़ी की जगह नहीं भर सकते हैं। उस तरह के खिलाड़ी आसानी से पैदा नहीं होते। हम उनकी जगह किसी विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम में रखने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि वह वास्तव में खेलने के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं है हम तब भी चाहेंगे कि वह टीम के साथ रहे। यदि वह यात्रा करने में सक्षम होता है और टीम के साथ रहता है तो मैं सप्ताह के प्रत्येक दिन डगआउट में उसके बगल में बैठना पसंद करूंगा। पोंटिंग ने कहा,ह्यह्य मैं निश्चित तौर पर यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि मार्च में शिविर की शुरुआत करने के लिए जब हम दिल्ली में मिलेंगे तो यदि वह टीम के साथ रहने में सक्षम होता है तो मैं चाहूंगा कि वह पूरे समय हमारे साथ बना रहे। भारत को फरवरी - मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना है। इसके बाद इन दोनों टीमों के बीच जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जा सकता है। पोंटिंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को पंत की कमी खलेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह विश्व में चोटी के छह या सात बल्लेबाजों में शामिल है। ऐसा ही है ना। पंत अभी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। पोंटिंग ने कहा,ह्यह्य जब उसने शुरुआत की तो हम सभी को लगा कि वह टेस्ट बल्लेबाज की तुलना में टी20 और एकदिवसीय में अच्छा बल्लेबाज साबित होगा लेकिन वास्तव में हुआ इसके उलट। उसका टेस्ट क्रिकेट का रिकॉर्ड शानदार है।

# रणजी ट्रॉफी: दिल्ली ने 42 साल बाद दर्ज की मुंबई पर ऐतिहासिक जीत

### दिल्ली ने एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हरा कर 42 साल का सूखा खत्म किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हराकर 42 साल का सूखा खत्म किया। मुंबई ने दिल्ली के सामने 95 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेजबान टीम ने चौथे दिन दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली ने इससे पहले 1980 में मुंबई को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मात दी थी। यह 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई के खिलाफ दिल्ली की कुल दूसरी जीत है।



इस ऐतिहासिक विजय की ओर कदम बढ़ाते हुए दिल्ली ने चौथे दिन की शुरुआत में ही मुंबई के आखिरी बल्लेबाज को आउट कर दिया। ऋतिक शौकीन ने 11वें नंबर के बल्लेबाज रॉयस्टन डियास को पगबाधा आउट किया जिसके बाद दिल्ली बल्लेबाजी करने उतरी। दिल्ली की पारी की शुरुआत करने आये अनुज रावत ने अपनी पहली तीन गेंदों पर ही दो चौके और एक छक्का जड़ा, हालांकि चौथी गेंद पर वह आउट हो गये। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये शौकीन ने भी दिल्ली की आक्रामकता कम नहीं होने दी और ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़ दिया। पहली पारी में 45 रन का महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऋतिक ने दूसरी पारी में 39 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 36 रन बनाते हुए सलामी बल्लेबाज वैभव शर्मा के साथ 69 रन की साझेदारी की। वैभव ने 49 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 36 रन का योगदान दिया। उनके आउट होने के बाद विकेट पर उतरे नितीश राणा ने छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलाई।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'तू झूठी मैं मक्कार' का 23 को रिलीज होगा ट्रेलर



**मुंबई।** तू झूठी मैं मक्कार ने रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की सिजलिंग केमिस्ट्री के साथ अपने अनोखे टाइटल की वजह से भी दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। जबकि फिल्म ने अपने रिफ्रेशिंग फील, वाइब्रेंट सीन्स और रोमांटिक-कॉम के वादे के साथ युवाओं से कनेक्ट कर लिया है, इसने सभी की प्रत्याशा को भी खूब बढ़ाया है और अब सब बेसब्री से फिल्म के ट्रेलर के रीलीज का इंतजार कर रहे है। लेकिन लगता है कि फैन्स का यह इंतजार खत्म होने वाला है क्योंकि फिल्म के एक सैसी और कवरफुल पोस्टर के साथ आज मेकर्स ने ट्रेलर के रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है 23 जनवरी है। फिल्म का यह नया पोस्टर फिल्म की दुनिया को जीवंत करता है, जो बहुत ही रंगीन, मजेदार और जीवन से भरपूर है। यह देखते हुए कि यह लव रंजन की फिल्म है, हम अंदाजा लगा सकते हैं कि फिल्म की कहानी घिसी-पिटी नही होगी। यहां तक कि आज के प्यार और रिश्ते भी कुछ भी हैं, लेकिन प्रेडिक्टेबल हैं। दर्शकों ने एक ट्रू ब्लू यूथ फिल्म के लिए कुछ समय तक इंतजार किया है और तू झूठी मैं मक्कार निश्चित रूप से इस पर खरी उतरने वाली है जो एक ऐसी दुनिया का वादा करती है जिससे आज के युवा खुद को जोड़ पाएंगे। ऐसे में अब हमें फिल्म के ट्रेलर के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा जो निश्चित रूप में रणबीर और श्रद्धा के किरदारों को दर्शाएगा।

### 'मरते दम तक' की विशेष स्क्रीनिंग के साथ मनाया जश्न



**मुंबई।** अमेजन ओरिजिनल रियलिटी डॉक्यू-सीरीज सिनेमा मरते दम तक दर्शकों को पर्दे के पीछे से 90 के दशक की हिंदी पल्प मूवीज की पहले कभी न देखी गई आकर्षक और अप्रमाणित दुनिया में ले जाती है- एक सुनहरा युग जिसने क्ल्ट फिनोमिना के लिए एक लॉयल फैन-बेस का दावा किया कि यह था। हाल में प्राइम वीडियो, वसन बाला और वाइस मीडिया ने फिल्म बिरादरी के दोस्तों और मीडिया के सदस्यों को लव फॉर सिनेमा का जश्न मनाने के लिए एक साथ लेकर आए और इस रियलिटी डॉक्यू-सीरीज की खास स्क्रीनिंग रखी। इस मौके पर सिनेमा मरते दम तक की टीम पूरे जोश में नजर आई और दर्शकों की तारीफ, तालियों और प्यार से अभिभूत दिखीं। इस विशेष स्क्रीनिंग में अर्पणा पुरोहित, हेड ऑफ इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो, वसन बाला, समीरा कंवर के साथ विनोद तलवार, शिवा रिंदानी और हरीश पटेल जैसे 90 के दशक के पल्प इंडस्ट्री के क्रिएटर्स और टैलेंट मौजूद थे। वहीं इंडस्ट्री से सिकंदर खेर, हुमा कुरैशी, आकांशा रंजन कपूर, राधिका मदान, आरती कदव, कनन गिल, सुमुखी सुरेश, साहिल शाह, कनीज सुरका, सुमैर शेख, रिताशा राठौर जैसे स्टार्स भी इस इवेंट का हिस्सा बनें। वाइस स्टूडियो प्रोडक्शन और शानदार फिल्म निर्माता, वसन बाला द्वारा निर्मित, छह-एपिसोड की यह रियलिटी डॉक्यू-सीरीज 90 के दशक के पल्प सिनेमा इंडस्ट्री की चकाचौंध और इंडिपेंडेंट इकोसिस्टम की पहली झलक है।

# रामलीला चबूतरा की दीवार तोड़ने के मामले केस दर्ज

**कार्रवाई**

**एसडीएम ने अशांति फैलाने के आरोप में चार को भेजा जेल**

**नौगढ़।** प्राचीन रामलीला चबूतरा की दीवार जेसीबी मशीन से तोड़े जाने के आरोप में ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमा दर्ज किया। अशांति फैलाने के जुर्म में उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने चार अभियुक्तों को भेजा जेल। बताया जाता है कि नौगढ़ कस्बा में बैंक आफ बड़ौदा के समीप आसीन प्राचीन रामलीला चबूतरा पर करीब 6 माह पूर्व बनाई गई पक्की दीवार को ग्राम पंचायत बाघीं की प्रधान नीलम ओहरी का प्रश्रय पाकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डा.आनंद कुमार गुप्ता व अन्य ने जेसीबी मशीन से गुरुवार को ढहवा दिया, जिसकी जानकारी होते ही गांववासियों का आक्रोश काफी बढ़ गया। जेसीबी मशीन को बाजार त्रिमुहानी पर खड़ा कराकर लगातार 6 घंटे तक प्रबल विरोध जारी रहा। मौके पर विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह उपजिलाधिकारी सदर ने मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को काफी समझा बुझाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। डीएम को मामले के बारे में जानकारी देकर जिला विकास अधिकारी ने बताया था कि क्षतिग्रस्त दीवार को जोड़वाये जाने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाही होगी। थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति ने बताया कि तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान नीलम ओहरी, दीपक गुप्ता, आनंद गुप्ता, राजेश गुप्ता, विशाल गुप्ता एवं ममता रानी के विरुद्ध धारा 147, 427 व 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर के अशांति फैलाने के आरोप मे 4 नामजद अभियुक्तो आनंद गुप्ता, विशाल गुप्ता, दीपक गुप्ता व राजेश गुप्ता के विरुद्ध धारा-151 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय उपजिलाधिकारी नौगढ़ में पेश किया गया। उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने बताया कि अशांति फैलाने के आरोप में पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किए गए ग्राम पंचायत बाघीं के रहनुमा 4 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

# एससी-एसटी मामले में पुलिस करे निष्पक्ष कार्रवाई

**चंदौली।** फर्जी तरीके से एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराए जाने के खिलाफ भाकपा(माले) जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चकिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजेश कुमार चैहान पुत्र रामनाथ चौहान, उदल चौहान पुत्र रामचंद्र चौहान निवासी ग्राम गलीमपुर को कुछ लोगों द्वारा गलत रिपोर्ट दर्ज करा कर एससी-एसटी के तहत मुकदमे में फंसाने की कोशिश किया जा रहा है जो कानून की भावना के खिलाफ है। इसकी पुलिस क्षेत्राधिकारी चकिया विवेचना कर रहे हैं किंतु उनके द्वारा राजेश कुमार चौहान व उदल चौहान के पक्ष को नहीं लिया जा रहा है जो गलत है। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने कहा कि अगर फर्जी तरीके से मुकदमे में फंसाया गया तो भाकपा माले आंदोलन तेज करेगी।



एससी एसटी के तहत फर्जी मुकदमे को लेकर एसपी से मुलाकात कर लौटता प्रतिनिधिमंडल।

# जागरूकता से ही सभ्य समाज का निर्माण : सुधांशु

**सकलडीहा।** गांव-गांव जनचैपाल लगाकर लोगों को सरकार की योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग सुविधा से वंचित है। उक्त विचार महेसुआ पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र और ग्रामीणों को नोडल अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने कही।

इस मौके पर सरकार की योजना और बच्चों को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जन चैपाल के नोडल अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र मौर्या ने कहा कि बगैर जन जागरूकता का समाज का विकास और उत्थान नही हो सकता है। जबकि शासन की ओर से गांव गांव जनचैपाल के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके बाद भी लोग सुविधा के लाभ से वंचित है। इससे पूर्व बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने सरकार की विभिन्न योजना के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीण और छात्रों को दिया गया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी रणजीत सिंह,सचिव संजय यादव, शशीकांत, अरूण कुमार, मिथिलेश, समर, प्रधान रामसूरत राजभर सहित अन्य मौजूद रहे।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय महेसुआ में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अधिकारी।

## अर्जेंटीना- फ्रांस ने खेला 5-5 से रोमांचक ड्रॉ

**राउरकेला।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के साथ 5-5 से ड्रॉ खेलकर पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल किया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर आयोजित मुकाबला जीतकर फ्रांस पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल कर सकता था। फ्रांस ने एटीन टाइनेवेज (10वां) के एक और विक्टर चार्लेट (35वां, 37वां, 48वां, 59वां) के चार गोलों की मदद से आखिरी मिनट तक 5-4 की बढ़त ले ली थी, लेकिन निकोलस डेला टोर ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। निकोलस ने इससे पहले 33वें और 41वें मिनट में भी दो गोल किये, जबकि निकोलस कीनन (दूसरा) और मार्टिन फरेरो (50वां मिनट) ने अर्जेंटीना के लिये एक-एक गोल किया। अर्जेंटीना ने तीन मुकाबलों में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि फ्रांस एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# बिहार खाद ले जाने के प्रयास में चार के खिलाफ एफआईआर

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे ने धरौली पुलिस चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह की सूचना पर बिहार सीमा पर पिकअप पर लगे 45 बोरी खाद को बिहार प्रांत में ले जाते समय पकड़ा। जिला कृषि अधिकारी तथा उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी के निरीक्षण में भारत यूरिया आईपीएल ब्राण्ड पिकअप सं0- बीआर 24 जीसी 1349 पर लदी मिली।

उक्त वाहन के खराब हो जाने पर दूसरे पिकअपयूपी 63 टी 0582 पर लाद कर बिहार सीमा में प्रवेश कर रही थी, जिसे अधिकारियों ने पकड़कर कब्जे में ले लिया। इसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने संजय फर्टिलाइजर जरखोर के संचालक संजय सिंह समेत तीन अन्य के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सैयदराजा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

**सख्ती**

**धरौली पुलिस चौकी की सूचना पर जिला कृषि अधिकारी ने की कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि वाहन संख्या बीआर 24 जीसी 1349 के साथ वाहन मालिक शानु कुमार पुत्र नन्द सिंह ग्राम-बेतरी पोस्ट-भभुआ, बिहार तथा उनके साथ राजेश कुमार पुत्र बिहारी बिन्द, ग्राम बेतरी भभुआ भी थे।



दूसरा वाहन के साथ वाहन मालिक महेन्द्र सिंह यादव पुत्र नथुनी सिंह पकड़े गए। शानु कुमार तथा राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि उन्होंने उर्वरक मेसर्स संजय फर्टिलाइजर जरखोर कला बबुरी से खरीदा था जो अपने उपयोग के लिए बिहार राज्य स्थित अपने गांव ले जा रहे थे, किन्तु उनके पास उर्वरक खरीद की कोई रसीद नहीं थी। इसे देखते हुए शानु कुमार, राजेश कुमार, महेन्द्र सिंह यादव एवं संजय फर्टिलाइजर, जरखोर बबुरी चंदौली के प्रोपराइटर संजय सिंह के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के सेक्शन के अन्तर्गत सैयदराजा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उर्वरकों की तस्करी एवं कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी असमाजिक तत्व ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही करायी जायेगी।

# स्कार्पियो के धक्के से वृद्ध दम्पति की मौत, मां-बेटी घायल

**दर्दनाक**

### रामनगर भगासा मार्ग पर कटघर गांव की घटना





**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के कटघर गांव के पास शनिवार सुबह अनियन्त्रित स्कार्पियो के धक्के से चार लोग घायल हो गये जिसमें अस्पताल में दो की मौत हो गई, जबकि दो को इलाज के बाद मौके पर पहुँचे परिजन घर लेकर चले गए। मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव से निकल कर यात्रा करने के लिए बस के इन्तजार में शनिवार को थाना क्षेत्र के नरवारी गांव निवासिनी माँ बेटी शकुन्तला 40 वर्ष व तारा 12 वर्ष और रिश्ते में आए सुइथाकला गाँव से सुल्तानपुर जिले के अखण्डनगर थाना क्षेत्र के सिरखिनपुर गांव निवासी वृद्ध दम्पती रामनयन 70 व अशरफी 65 कटघर गांव के पास सड़क के किनारे बैठे आग ताप रहे थे तभी भगासा की तरफ से आ रही अनियन्त्रित स्कार्पियो चारों को धक्का मारती हुई गड्ढे में पलट गई। फिलहाल आसपास के लोग दौड़ कर स्कार्पियो को गड्ढे से निकालकर उसके जद में आए चारों लोगों को उपचार हेतु शाहगंज भेजवाया जहां उपचार के दौरान वृद्ध दम्पती की मौत हो गई, जबकि हल्की फुल्की चोट की शिकार माँ बेटी को उपचार के बाद परिजन घर लेकर चले गए। इधर स्कार्पियो चालक मौत की खबर पाते ही मौका देख धीरे से खिसक लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कराते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विधिक कार्रवाई तहरीर और रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। स्कार्पियो गाड़ी थाना क्षेत्र के चौबाहा गांव के किसी व्यक्ति की बतायी जाती है।

### झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**खेतासराय।** क्षेत्र के मानीकलां ग्राम में 16 दिन पूर्व झुलसी महिला की शनिवार को सुबह जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मानीकलां गांव निवासी स्व. फारुख की पुत्री इशरत 30 पति की मौत के बाद अपने दो बच्चों को लेकर मायके में ही रह रही थी। पांच जनवरी को इशरत घर में झुलस गईं थी। परिजनों के अनुसार स्टोव पर खाना बनाते समय इसके फट जाने से इशरत बुरी तरह झुलस गई थी तथा ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा था। शनिवार को इशरत की अस्पताल में मौत हो गई।

## जीपीएस ट्रैकिंग से पकड़ी बिहार से चोरी हुई स्कार्पियो

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** लखमापुर गांव में शनिवार को पुलिस की मदद से जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए मिली लोकेशन के आधार पर बिहार से चोरी की गई स्कार्पियो पकड़ ली गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंचे पीछा कर रहे स्कार्पियो मालिक स्कार्पियो को लेकर वापस चले गए।जानकारी के अनुसार बिहार के कैमूर जिले से बीआर 24पी 2516 नंबर की एक सफेद स्कार्पियो चोरी हो गई थी। चोरी होने की जानकारी होने पर स्कार्पियो मालिक ने स्कार्पियो में लगे जीपीएस के जरिए ट्रैकिंग करते पीछा कर लिया। चोरों ने स्कार्पियो को आजमगढ़ जिले के मार्टीनगंज से गुरैनी रोड पर मोड़ लिया। जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए स्कार्पियो के नजदीक तक पहुंच चुके थे। चोरों को पीछा होने का आभास होने पर उसने स्कार्पियो को बरंगी मोड़ से जैगहां की तरफ मोड़ लिया। इस दौरान स्कार्पियो मालिक पुलिस से संपर्क करते रहे।



पुलिस को जानकारी हुई तो थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर लिया। खुद को पुलिस से बचने के लिए चोर लखमापुर गांव के पास स्कार्पियो खड़ी कर भाग लिए। कैमूर से पीछा कर रहे स्कार्पियो मालिक भी दूसरे वाहन से मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष के अनुसार स्कार्पियो मालिक ने कोई तहरीर नहीं दी है। स्कार्पियो मिल जाने पर वह स्कार्पियो लेकर चले गए।

## मैराथन रेस का आयोजन



जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** स्थानीय कस्बे में स्वच्छ विरासत अभियान के तहत मैराथन रन फॉर जी 20 का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मैराथन रन में एक महाविद्यालय तथा एक स्कूल के बच्चों की मैराथन रेस हुई।

कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज से मैराथन रेस शुरू हुई। यह लगभग दो किमी नाव घाट तक गयी। इस मिनी मैराथन रेस में पहले डॉ. शिवप्रसाद राजपति महाविद्यालय के 13 छात्रों ने हिस्सा लिया जिसमें मनीष चौहान प्रथम, अर्जुन चौहान द्वितीय तथा शशिकांत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरे दौर में रामलखन पब्लिक स्कूल के 20 छात्रों ने हिस्सा लिया।

**उत्साह**

### विजेताओं को किया गया पुरुस्कृत

अरुण राजभर प्रथम, रिजवान द्वितीय तथा अतुल कुमार प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व ईओ कुँवर गौरव सिंह, चौकी प्रभारी आशीष पांडेय ने मैराथन रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाद में इन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अमित यादव (डीपीएम) स्वच्छ भारत मिशन ने विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया। इस मौके पर राजमन, जौहर वहीद, शिशु तिवारी, रामसूरत, दिग्विजय विश्वकर्मा, ओमकार यादव आदि मौजूद रहे।

### महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष बनी वंदना

**जफराबाद।** क्षेत्र के बाकराबाद पंचायत भवन पर महिला संकुल स्तरीय संघ का गठन हुआ। जिसमें वंदना मौर्या संघ की अध्यक्ष चुनी गई। ब्लॉक प्रमुख वंशराज सिंह, एडीओ आइएसबी देवेंद्र सिंह व ब्लॉक मिशन प्रबन्धक मनीष श्रीवास्तव की मौजूदगी में इसका गठन हुआ। ब्लॉक मिशन प्रबन्धक मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि सीनियर सीआरपी टीम द्वारा छह ग्राम संगठन के माध्यम से इस संघ का गठन हुआ है। जिसमें वंदना मौर्या अध्यक्ष, प्रतीक्षा देवी सचिव, वन्दना कोषाध्यक्ष, निर्मला देवी उपाध्यक्ष, राधिका देवी उपसचिव चुनी गई। ये संगठन समाज में नारी उत्थान, समूह की बहनों को रोजगार उपलब्ध कराना। उनको समय-समय पर सरकारी सुविधाओं से अवगत कराना। इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन को बढ़ाया देने के लिए बनाया गया है। ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही है ये योजना महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उन्हें सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर रामआसरे मौर्या, प्रधान पोल्हन मौर्या, बृजेश कुमार मौर्य, अंजना, आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## गैर इरादतन हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय पुलिस बल के साथ क्षेत्र में मामूर होकर बीते बुधवार को ग्राम नरायनडीह में मिले अधजले शव के वांक्षित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।



गिरफ्तार वांछित अभियुक्त

पुलिस के अनुसार अनुपम यादव उर्फ डीएम पुत्र रामकुमार यादव निवासी नरायनडीह थाना मुगराबादशाहपुर 22 वर्ष की तलाश में था कि मुखबिर खास ने सूचना दिया कि वह इस समय अपने घर पर आया है। तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत पुलिस में लिया गया व अन्य विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। एसओ विवेक तिवारी ने बताया कि अभी के पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अनुपम यादव उर्फ डीएम ने बताया कि मृतक विनोद कुमार यादव उर्फ नन्हकू को उसके घर से मंगलवार को रात्रि के लगभग 9.30 बजे लेकर गया और दारु के ठेके से दारु खरीदा एवं फिर पेट्रोल पम्प पर जाकर अपनी गाड़ी में पेट्रोल भी भरवाया। तत्पश्चात अभियुक्त डीएम उर्फ अनुपम मृतक विनोद को अपने बगीचे में टीनशेड के पास ले गया एवं बाग के सामने स्थित लालता प्रसाद यादव के घर के पास रखे पुवाल को लेकर आये व वहीं पर बैठकर पुवाल जलाते हुए शराब पीने लगे। शराब पीते पीते मृतक विनोद यादव उर्फ नन्हकू लगभग बेहोश हो गये। तत्पश्चात आरोपी अनुपम यादव उर्फ डीएम ने नन्हकू उर्फ विनोद यादव को ठण्ड न लगे इसकी वजह से उसके ऊपर पुवाल डालकर पास में आग जलाकर अपने घर चला गया जिससे उसी आग से धीरे धीरे दारु के नशे में बेहोश पड़े विनोद यादव उर्फ नन्हकू जल गये और उनकी मृत्यु हो गयी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विवेक कुमार तिवारी थानाध्यक्ष हे.का. ओमप्रकाश मिश्रा, का. गया प्रसाद पटेल, का. अभिमन्यू यादव आदि रहे।

## मैराथन रेस को ईओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अभियान**

### नगर में स्वच्छता के प्रति दिलाई गई शपथ



मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते ईओ

**बदलापुर।** स्थानीय नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत स्वच्छ विरासत अभियान के तहत नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी द्वारा मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें डीपीएम अमित यादव, डीसी खुशबू यादव तथा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मैराथन दौड़ कार्यालय से इंदिरा चौक तक चला। इसके बाद प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इसके पूर्व में सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप, शूज आदि वितरित किया गया और सभी को स्वछता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई।

उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी सहित समाज सेवी संस्थाओं के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ विरासत अभियान अंतर्गत 14 जनवरी से 24 जनवरी तक पर्यटक और ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ धरोहर के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने जन-भागीदारी लाने, स्थानीय लोगों को स्वच्छता और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक करने स्वच्छता परमो धर्म के मूल सिद्धांत को निरंतरता देने हेतु है। डीपीएम ने बताया कि अभियान के अंतर्गत एसबीएम प्रोटोकॉल के अनुसार दो डस्टबिन (नीला और हरा) की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरे से वेस्ट टू हेल्थ/वंडर की गतिविधियां नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रवेश कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, विकास, गणेश, एतेशाम सफाई मित्र, सफाई नायक आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला संकुल स्तरीय संघ का हुआ गठन

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र के ग्राम पंचायत कदिरापुर गाँव में महिला संकुल स्तरीय संघ का गठन हुआ। ब्लॉक मिशन प्रबन्धक अवनीश चन्द्र की मौजूदगी में इसका गठन हुआ।

ब्लॉक मिशन प्रबन्धक अवनीश चन्द्र ने बताया कि ग्राम संगठन के माध्यम से इस संघ का गठन हुआ है। ये संगठन समाज में नारी उत्थान, समूह की बहनों को रोजगार उपलब्ध कराना, उनको समय समय पर सरकारी सुविधाओं से अवगत कराना, इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही है ये योजना महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उन्हें सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर उमेश मिश्रा मुन्ना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### दूर संचार विभाग के पूर्व महाप्रबंधक को पितृ शोक

**मुंगराबादशाहपुर।** दूर संचार विभाग के पूर्व महाप्रबंधक प्रेमचंद तिवारी के पिता सेवा निवृत्त शिक्षक बृजनाथ तिवारी की 93 वर्ष की अवस्था में गुरुवार की शाम धौरहरा गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा उनके आवास पर पहुंच कर उनका अंतिम दर्शन कर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनका अंतिम दर्शन कर लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक राम अक्षयबर पाण्डेय, राम निधि पाण्डेय, पूर्व ग्राम प्रधान शेर बहादुर सिंह, नागेन्द्र सिंह, मुरली धर पाण्डेय, पूर्व ग्राम प्रधान एवं प्रधान पति संतोष कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, पत्रकार नानक चंद त्रिपाठी, हरिशंकर तिवारी, श्रीकांत केशरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन कर अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज स्थित छतनाग घाट पर पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र प्रेम चंद तिवारी ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके छोटे बेटे सुरेश चंद्र तिवारी है।

## प्रार्थना पत्रों का पारदर्शिता से करें निस्तारण: डीएम

**केराकत।** तहसील सभागार में शनिवार को पूर्वान्ह जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थनापत्रों के पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण हेतु मातहतों को सख्त निर्देश दिया।

**आयोजन**

### पांच का निस्तारण, शेष फरियादी मायूस



वहीं जिलाधिकारी के सामने हो रही जनसुनवाई में ग्राम महुली की दिव्यांग महिला उषा देवी ने अपने मामले में लीपापोती का आरोप लगाकर परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी पर बरस पड़ी। मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी माज अख्तर को निर्देशित करके मामले की रिपोर्ट देने को कहा। वहीं बैठक में अपनी समस्याओं को लेकर आये 136 फरियादियों में राजस्व मामले से सम्बंधित पाँच फरियादियों के मामले का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। वहीं शेष फरियादी मायूस चेहरा लिए वापस चले गये। इस अवसर पर एडिशन एसपी डॉ. संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गोरखनाथ पटेल, उपजिलाधिकारी माज अख्तर, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, जिला विकास अधिकारी वृजभान सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला पंचायत अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी छोटेलाल तिवारी, कृष्ण मोहन यादव समेत तमाम विभागों के अधिकारी व लेखपाल व कानूनगो उपस्थित रहे।

### नारायनपुर गांव में 12वीं बार चोरी का प्रयास

**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर गांव में चोरों ने बीती रात 12वीं बार चोरी का असफल प्रयास किया। चोरों ने गांव में स्थित रघुवंश बालिका जूनियर हाइस्कूल की खिड़की तोड़कर भीतर घुसने का प्रयास किया लेकिन खिड़की के पास अलमारी होने के कारण चोर भीतर नहीं घुस पाए। सबेरे विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नम्रता सिंह जब विद्यालय पहुंची तब घटना का पता चला। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस और विभाग के ब्लाक अधिकारी को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मालूम हो कि गांव में पिछले एक साल में 11 बार चोरी हो चुकी है। अब 12वीं बार चोरी के प्रयास की घटना से स्थानीय नागरिकों में रोष है। हैरानी की बात यह है कि पिछली चोरियों का पदार्फाश करने के लिए सीओ गौरव शर्मा ने एक विशेष टीम गठित की है। टीम अभी ठीक से सक्रिय भी नहीं हो पाई कि 12वीं बार चोरों ने घटना के प्रयास को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली। अब पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीणों की नजर है।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित हो, सभी दें शत प्रतिशत योगदान :अन्नपूर्णा

**जौनपुर।** लोक सभा प्रवास योजना अंतर्गत लोकसभा प्रवास योजना की बैठक भाजपा जिला कार्यालय सीहीपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी वृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।



बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024 लोक सभा चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देश और प्रदेश की जनता के लिए जनहित में किए गए कार्यों के कारण लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिये आप लोग अपना शत प्रतिशत योगदान दे। जनता भाजपा सरकारों के कार्यों से संतुष्ट है आप लोग उनके बीच में जाकर सरकार द्वारा किये गये कार्यो को बतायें और लोकसभा स्तर पर संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों को पूरी ऊर्जा और लगन से करें। उन्होंने सभी सरकारी योजनाओं के संयोजक और प्रमुखों को दिए गए कार्यों को पूरा करने का आवाहन किया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये हुये कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुये कहा कि आप लोग अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाये और मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अपने अपने समाज में मिल बैठक अपने पार्टी की रीति और नीति से अवगत कराएं और अपने पार्टी से जोड़ने का प्रयास करे ताकि आने वाले चुनाव में जौनपुर लोकसभा में पार्टी की जबरदस्त जीत हो। कार्यक्रम को जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी और लोकसभा प्रभारी वृजेन्द्र राय ने भी सम्बोधित किया। उसके उपरान्त विधानसभा बदलापुर, खुटहन और शाहगंज के कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ई. अमित श्रीवास्तव ने किश्स। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, सुरेन्द्र सिंघानिया, राकेश वर्मा, विजय लक्ष्मी साहू, प्रमोद यादव, रागिनी सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, दिव्यांशु सिंह, अजय सरोज, मेराज हैदर, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, संजीव गुप्ता, ऋषिकेश श्रीवास्तव, निखिल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अंकित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें फारियादियों ने 69 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें मौके पर मात्र 12 का निस्तारण किया गया। शेष सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, नायब तहसीलदार संदीप कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार शैलेन्द्र सरोज समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व सभी विभागों के अधिकारी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को लाठी-डण्डों से पीटा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत चितांव गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने युवक को लाठी-डण्डों से मार पीटकर घायल कर दिया। उपरोक्त गांव में शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के ही राय साहब सिंह का लड़का रवि सिंह गांव के ही दुकान पर सामान लेने गया था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही धीरज तिवारी, आशीष तिवारी पुत्रगण खिचड़ू तिवारी व सनी पाण्डेय पुत्र सुरेश पाण्डेय लाठी-डण्डा व राड से उसको मारापीटा व गाली दिया। मारने-पीटने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया भेजवाया जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल युवक के पिता राय साहब सिंह की तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ धारा 323, 504, 308 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### शिवलिंग चुराने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत थाना लाइनबाजार प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी मय हमराह निरीक्षक जयप्रकाश यादव, उ.नि. गिरीश कुमार मिश्रा, का. सुधीर कुमार, का. आनन्द कुमार द्वारा गश्त के दौरान एक अभियुक्त गुलशन कुमार पुत्र गुलाब राम निवासी ग्राम फतेहसराय थाना बडेसर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक झोले में एक शिवलिंग तथा एक नाग छत्र तांबा का बरामद हुआ। अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 19/20 जनवरी की रात में एसबीआई सिविल लाइन के बगल के मन्दिर से शिवलिंग व नाग छत्र चोरी किया था। आज इसे बेचने के लिये जा रहा था कि पकड़ लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा सहित मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेजा गया।

### स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा लेंगे जूनियर हाईस्कूल अकबरपुर के छात्र



**सरकी।** केराकत तहसील क्षेत्र के अकबरपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा तीस लाख की राशि से एक अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, सोलर लाईट, कुर्सी, मेज के साथ स्मार्ट कक्ष दिया गया जिसका लोकार्पण शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया। क्षेत्र के अकबरपुर गांव में स्थित जूनियर हाई स्कूल पर स्मार्ट क्लास का लोकार्पण करने के बाद जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उपस्थित अतिथि, अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पावर ग्रिड कंपनी ने जो यह तोहफा दिया है बहुत सराहनीय है इससे यहां के बच्चों को लाभ मिलेगा और शिक्षक लाभ उठाकर बच्चों को शिक्षा दें। बच्चे पढ़ाई में मेहनत करके आगे बढ़े। वर्तमान में हमारे प्रधानमन्त्री कड़ी मेहनत में विश्वास रखते है उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। मुझे मेरे पिता जी ने बचपन में जिलाधिकारी से मिलवाया था उस समय हमने यह प्रण किया कि बड़े होकर जिलाधिकारी बनना है और आज में जिलाधिकारी बन गया। इस अवसर पर पावर ग्रिड के निदेशक कार्मिक डा. वीके सिंह, कार्यपालक निदेशक पावरग्रिड रविन्द्र नागपाल, बेसिक शिक्षाधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री सुशील सिंह, धीरज कश्यप, संतोष राजभर प्रधानाचार्य राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आटा चक्की का पत्थर टूटने से युवक की मौत

**पराऊगंज।** क्षेत्र के टेकुरीडीह बहोरगंज मे शनिवार को आटा चक्की का पत्थर टूटने से एक युवक की मौत हो गयी जबकि पास खड़े दूसरा युवक पत्थर के टुकड़े के छठकाव से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के टेकुरीडीह बहोरगंज निवासी संजय बिंद अपने निजी ट्रैक्टर एवं उसमें लगी आटा चक्की से पिसाई कर जीविकोपार्जन करता था। शनिवार की शाम पिसाई करते समय अचानक चक्की का पत्थर टूट गया जिसमें संजय एवं उनके जीजा संतलाल बिंद बुरी तरीके से घायल हो गए। चक्की के पास खड़े होने पर दोनों लोगों को पत्थर लगने पर गंभीर चोट आई। घटनाक्रम को सुनते ही मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए एवं पास के निजी साधन से चिकित्सकीय इलाज के लिए दोनों युवकों को डॉक्टर के पास ले गए जहां पर डॉक्टर ने घायल संतलाल बिंद को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के घटित होने से क्षेत्र के लोग स्तब्ध रह गए गांव मे मातम छा गया।

### स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**चंदवक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में होम बेस्ट केयर फॉर यंग चाइल्ड कार्यक्रम के तहत प्रथम बैच को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशा, आशा संगिनी, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच दिनों तक पांच बैचों में पंद्रह फरवरी तक चलेगा जिसमें 335 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रतिभागी मातृ व शिशु के देखभाल को प्रोत्साहित करेंगे जिससे बेहतर स्वास्थ्य रहे। प्रशिक्षण जिला स्तरीय ट्रेनर एके त्रिपाठी व अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी द्वारा दिया जा रहा है।

### सहकारी ग्राम विकास बैंक ने किया ऋण मेले का आयोजन



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड द्वारा ऋण मेले का आयोजन काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। मेले का उद्घाटन डायरेक्टर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने किया। सहकारी बैंक की योजनाओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों और पिछड़ी और अनुसूचित जातियों के लिए कम से कम दर पर ऋण उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जा रही है जिससे लोग विकसित एवं अच्छे रोजगार कर जीवन यापन कर सकें तथा सरकार का भी राजस्व बढ़ाएं। उन्होने बैंक के सभी फील्ड ऑफिसर और मैनेजर को नई योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने का निर्देश दिया ताकि सभी लोग सहकारी बैंक के माध्यम से सरकार की योजनाओं का अधिक लाभ उठाकर लाभान्वित हो सके। डायरेक्टर ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक से अधिक ऋण सहकारी बैंक के माध्यम से उपलब्ध करा रही है। मेले में आए सभी आगंतुकों का आभार वरिष्ठ प्रबंधक कौशल कुमार ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, तहसीलदार, शाखा प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चार बकरियां जिंदा जलीं

गभिरन। खुटहन थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव में शार्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग में चार बकरियां जिंदा जल गयी। पांचवीं बकरी गंभीर रूप से झुलस गई है जिसका उपचार चल रहा है। उक्त गांव निवासी दलित रूतपाल अपने छप्पर में पांच बकरियों को बांध रखा था। मड़हे के ऊपर से बिजली का तार गया हुआ है। शार्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गयी। लोगों के जुटने तक आग ने पूरे छप्पर को अपनी आगोश में ले लिया। भीतर बंधी बकरियों ने झुलस कर दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने तीन वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** लाइन बाजार व बक्शा थाने की पुलिस ने शनिवार को चेकिंग के दौरान तीन वाहन चोरों को धर दबोचा। इनके पास से चोरी की दो बाइक व एक बाइक का इंजन बरामद हुआ है। लाइन बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी, निरीक्षक (क्राइम) जय प्रकाश यादव व सिविल लाइन चौकी प्रभारी गिरीश मिश्रा पुलिस जवानों के साथ मड़ियाहू रोड पर सिटी स्टेशन के पास स्थित पारिवारिक ढाबा के सामने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार सवार दो संदिग्ध दिखे। रुकने का संकेत देने पर बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया। आरोपित वैदुल्ला उर्फ राजू निवासी शबानो रोड कस्बा फूलपुर जिला आजमगढ़ व संदीप कुमार निवासी जेठपुरा सरायख्वाजा मांगे जाने पर बाइक के कागजात दिखा नहीं सके। उनके पास से प्लास्टिक के बोरे में एक बाइक का इंजन भी मिला। सख्ती किए जाने पर स्वीकार किया कि बाइक व इंजन चोरी का है जिसे बेचने ले जा रहे थे। वैदुल्ला के विरुद्ध आजमगढ़ व जौनपुर में चार मुकदमे दर्ज हैं। उधर, थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह व उनके सहयोगियों ने वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर शंभूगंज के पास चेकिंग के दौरान विनीत यादव निवासी बसारतपुर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# दरवाजा तोड़ सामान लेकर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

**दबंगई**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में करने गया था चोरी**





जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय पर शुक्रवार शाम एक हौसला बुलंद चोर दरवाजा तोड़कर विद्यालय में चोरी करने का प्रयास कर रहा था कि ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय पर शुक्रवार शाम एक युवक ने पहुंचकर दरवाजा तोड़कर विद्यालय में रखे गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा और 20 किलो राशन लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों को इसकी भनक लग गयी और उसका पीछा किया पास जाकर देखा तो युवक विद्यालय के सामान को लेकर जा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर मौके से युवक को और विद्यालय के सामान को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान वरुण पाठक पुत्र जयप्रकाश पाठक निवासी अतरौरा के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त से मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# भारत की संस्कृति ही हमें एकता से जोड़ती है : इंद्रेश कुमार



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। इस सेमिनार का विषय एक सशक्त भारत की संकल्पना एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर आयोजित हुई हुए इस सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार अध्यक्ष राष्ट्रीय मुस्लिम मंच राष्ट्रीय सेवक संघ रहे तथा विशेष अतिथि शालिनी सिंह, एएमयू प्रोफेसर डॉ. रेहान अख्तर रहे। आए हुए अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने स्वागत व अभिनंदन किया।

सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों ने कालेज के हर विभाग के द्वारा लगाए गए प्रोजेक्ट का अवलोकन भी किया और प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की तारीफ भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार ने कहा कि आज का समय हम सब को एक साथ जीने और साथ चलने का है राष्ट्रीय एकता हम सब को एक नई ऊंचाई और शिखर तक ले जाने में एक भूमिका निभाती है। एक सशक्त भारत की संकल्पना व्यक्ति अपने जीवन में रखता है। इस संसार में धर्म से हटकर लोगों के दिलों में एक इंसानियत है जो हम सब को एक राष्ट्रीय एकता की तरफ आकर्षित करती है। हम सब अपनी मां के सम्मान के साथ भारत मां के सम्मान के साथ भारत को सशक्त बनाएं। विशिष्ट अतिथि शालिनी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको मिलकर भारत को सोने की चिड़िया बनाना है। प्रोफेसर रेहान अख्तर ने कहाकि समाज हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और उससे हम सब सशक्त जीवन जीते हैं। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा भारत की तहजीब संस्कृति आज हम सब को एक नई ऊंचाई तक ले जाती है हम सबको भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देती है। अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान द्वारा भेंट किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, डॉ. राजीव, श्री गुरु जी, समाजसेवी जितेंद्र यादव, डॉ. सुभाष सिंह, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. कमरुद्दीन अहमद, डॉ. जीवन यादव एवं मोहम्मद हसन ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय विक्रम सिंह ने किया।

## संक्षेप

### माउंट लिट्रा जी स्कूल की वार्षिक प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



**सिकरारा।** फतेहगंज स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल का चार दिवसीय तीसरे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा' का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण करने के साथ मशाल जलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मार्चपास्ट में सलामी लेने के बाद उन्होंने खेल के विभिन्न वर्गों में जीते खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण-पत्र वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते है। खिलाड़ी हार-जीत के परिणाम की परवाह न करके मेहनत और लगन के साथ प्रतिभाग करे। जिलाधिकारी ने कहाकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद भी आवश्यक है। विद्यालय के बच्चों द्वारा किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही निकलकर बच्चे देश दुनिया मे नाम रोशन करते है। माउंट लिट्रा जी स्कूल ऐसे कार्यक्रम करके खेलो इंडिया को बढ़ावा दे रहा है। विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह व विख्यात सिंह ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष व स्कूल के संरक्षक रमेश सिंह व प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। खो-खो के उद्घाटन मैच में मेजबान माउंट लिट्रा जी स्कूल के खिलाड़ियों ने सन जोसेफ कालेज को पराजित किया। जबकि सौ मीटर बाधा दौड़ में ग्रीन हाउस के खिलाड़ी ओम सिंह पहला, ब्लू हाउस के खिलाड़ी आदर्श सिंह को दूसरा व रेड हाउस के खिलाड़ी शिवांश जायसवाल को तीसरा स्थान मिला। बालको के दो सौ मीटर दौड़ में रेड हाउस के देवांश ने ग्रीन हाउस के धीरज सिंह को पीछे छोड़ते हुए बाजी अपने नाम की।

# जरूरतमंदों के लिए आयोजित किया गया खिचड़ी भोज

जनसंदेश न्यूज



**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र के इमामपुर गॉव स्थित राधा वल्लभ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ने मौनी अमावस्या के दिन जरूरत मंदों के लिए खिचड़ी भोज, अन्न व कंबल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया। संस्था की चेयरपर्सन शशी यादव ने सैंकड़ो लोगों को श्रद्धापूर्वक खिचड़ी भोज, नाश्ता व मुख मिष्ठान कराया। तदुपरांत, इस कंपकपाती भीषण ठंड से ठिठुरते 501 जरूरतमंदों के बीच गेंहू तथा कंबल वितरित कराया।

बतौर मुख्य अतिथि शशि यादव ने कहा गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंदों को दिए जाने वाले अन्न व वस्त्र दान से मानवता खुश होती है। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रोजमर्रा की चीजों के अभाव से गुजर रहे असहायों की सेवा के लिए समाज के प्रतिष्ठित लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। वाइस चैयरमैन अभिषेक कृष्णा ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी यह कार्यक्रम ठंड से परेशान जरुरतमंदों के लिए आयोजित किया गया था। संस्था की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे। उन्होंने सभी आगुन्तकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस मौके पर रजिस्ट्रार सौरभ यादव, ऑपरेशनल मैनेजर विशाल कृष्णा, चीफ ऑफ स्टाफ धीरेंद्र कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य फार्मेसी भानु प्रताप, अभिषेक सिंह, विजय बहादुर समेत सभी विभागों के एचओडी मौजूद रहे।

# केराकत में खुला देश का सातवां अनाज बैंक

**उपलब्धि**

**आरएसएस के अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार ने किया शुभारम्भ**

**केराकत।** कस्बे के सरायबीरू मोहल्ले में शनिवार को देश के 7वें अनाज बैंक का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि अनाज बैंक का उद्देश्य है कि कोई भूखा पेट न सोए। उन्होंने बताया कि इस बैंक में अनाज जमा होता है और अनाज बांटा जाता है। जो भी व्यक्ति अपना अनाज, अनाज बैंक में देगा उसे संतोष, दुआ और मोक्ष मिलेगा। उसके लिए स्वर्ग का दरवाजा खुल जायेगा। अनाज बैंक लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने वाला बैंक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने हिन्दू त्यौहारों, धर्म और लवजिहाद पर भी बोला। कहा कि हमारे त्यौहारों में बहुत बड़ा ज्ञान और विज्ञान छिपा है। उन्होंने कहा कि यदि दंगा मुक्त होना है तो सभी समुदायों को अपने अपने धर्म पर चलना होगा। दूसरे के धर्म की आलोचना करना बंद करना होगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्यार दो तरह का होता है। एक राधा कृष्ण जैसा दूसरा पति पत्नी का। यदि कोई प्यार के नाम पर लव जिहाद करे, अगले दिन टुकड़े टुकड़े कर दे तो यह बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य और संस्कृति में बड़ी ताकत होती है। संस्कार और सत्य की राह पर चलने मछली पालन करने वाले अब्दुल कलाम देश के राष्ट्रपति बन गए। स्टेशन पर चाय बेचने वाले मोदी प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने कहा कि गीता पर भरोसा करने वाले ऋषि सुनक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बन गए।



अनाज बैंक के शुभारम्भ मौके पर मंचासीन अतिथिगण

उन्होंने कहा कि यदि नेता जी होते तो सन 47 में देश का विभाजन नहीं होती। सरदार पटेल होते तो 12 लाख लोग नहीं मरते, 3 लाख 26 हजार कुर्बानियां जाया नहीं जाती। 2 हजार से अधिक पूजा स्थल नहीं टूटते। आरम्भ में मुख्य अतिथि ने संस्कृत, हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में नारे लगवाये। इसके पहले संघ के विषय विशेषज्ञ एवं विशाल भारत संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजीव गुरूजी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में बहुत आंदोलन चला लेकिन पेट भरो आंदोलन नहीं चला। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हिन्दू मुस्लिम से ऊपर उठकर वंचितों भूखों की मदद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि काशी में 26 सौ परिवार अनाज बैंक से जुड़े हैं जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम जुड़े हैं। कहा कि भूख और पीड़ा में जाति धर्म नहीं देखना चाहिए। पहले भेद नहीं था लेकिन आज समाज में कुछ लोग हैं जो भेद करने पर तुले हैं। उन्हें पहचानने की जरूरत है। उद्घाटन के मौके पर 23 बहनों को अनाज और अंगवस्त्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनाज बैंक जिला चेयरमैन नौशाद अहमद, बालक दास, पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, खालिद अहमद, विशाल भारत संस्थान के उप जिला चेयरमैन इसरार अहमद उपस्थित रहे। संचालन अर्चना भारत वंशी ने किया।

# खिलाड़ियों के आरोप से इत्तेफाक नहीं रखता : श्याम सिंह यादव



पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते सांसद श्याम सिंह यादव

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि मीडिया तो खिलाड़ियों का पक्ष लेती है। लेकिन जितना मैं बृज भूषण शरण सिंह को जानता हूँ उससे यह कह सकता हूँ कि खिलाड़ियों के आरोप से इत्तफाक नहीं करता। अब तो बृज भूषण शरण सिंह का कार्यकाल चन्द माह का बचा है और वह सीबीआई जांच की बात खुद कर रहे है ऐसे में खिलाड़ियों को सीबीआई जांच पर भरोसा करना चाहिए।

बृज भूषण शरण सिंह तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं संवैधानिक रूप से चौथी बार अध्यक्ष नहीं रह सकते ऐसे में इस तरह के मुद्दों को सियासी तूल देना उचित नहीं लगता है। श्री यादव ने शनिवार को अपने आवास पर मीडिया से रूबरू होते हुए उक्त बातें कही। अन्य खेलों की भी चर्चा करते हुए उन्होंने भारत सरकार के खेल मंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुए उन्हे खेल के प्रति बेहद उदासीन बताया और कहा कि खेल मंत्री की वजह से खेल के स्तर में गिरावट भी आ रही है।

इसी के साथ ही मीडिया के सवाल पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर बेबाक रूप से कहा कि यह किसी दल का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं जो भी लोग भारत को एक रखने के पक्षधर हो सभी को इसमें शामिल होना चाहिए। इसे राजनैतिक दल से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। दल से उपर उठकर एक भारत की कल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका देनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में सांसद ने अपना स्पष्ट बयान दिया कि

**बातचीत**

**पत्रकार वार्ता में बोले सांसद, कहा सीबीआई जांच पर करना चाहिए भरोसा**

एक पार्टी के लोग उन्हे पप्पू प्रचारित करते है लेकिन राहुल ने कहा उनके नेता बहस कर ले लेकिन वे लोग तैयार नहीं हुए क्यों, हमारे समझ से राहुल गांधी प्राईम मिनिस्ट्रीयल कन्डीडेट है। अभी हम बसपा के सिपाही हैं और आगे भी रहेंगे।

सांसद श्री यादव ने 2024 के लोक सभा चुनाव को लेकर किये गए सवाल पर कहा कि अभी जनता की सेवा का समय है जब चुनाव आयेगा तो उस पर बात होगी। जनपद की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि शहर के अन्दर सीवर प्लान्ट की खुदाई को लेकर आ रही समस्याओं का संज्ञान में लेते हुए बात आने पर सम्बन्धित को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। पत्र के सापेक्ष जांच कराये जाने का अश्वासन भी मिला है। जल्द ही जांच के बाद आख्या आने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा की जायेगी।

ओवर ब्रिज के मुद्दे पर स्पष्ट रूप से कहा कि हमने सेतु वन्धु योजना के तहत 7 ओवर ब्रिज की मांग किया था भारत सरकार के मंत्री गडकरी ने स्वीकृत प्रदान कर दिया था। मुंगराबादशाहपुर में कुछ बाधाओं के चलते विलंब संभव है शेष सभी प्रासेस में है नईगंज पर जल्द काम शुरू हो जायेगा। हम काम में विश्वास करते हुए काम कर रहे है। इस अवसर पर तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन कल



**भदोही।** नगर में आयोजित हो रहे भदोही चैंपियनशिप कार्यक्रम के आयोजक और मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार ने बताया कि 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 126 वी जयंती के विशेष अवसर पर भदोही के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसमे कराटे डांस और कवि सम्मेलन आदि तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमे भदोही के तमाम विधाओं में विशिष्ट व निपुण व्यक्तित्व का सम्मान भी किया जाएगा। जिसमे प्रदेश सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य आदि तमाम प्रतिनिधि और प्रतिभाशाली व्यक्तियों का आगमन होगा। इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति महिला शक्ति प्रदर्शन भी किया जाना है जो कई विद्यालयों की प्रशिक्षित छात्राएं जिनको हमारे टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया है उनका शक्ति प्रदर्शन भी होगा। इसमें तमाम दिग्गज और हजारों की संख्या में देश के लगभग राज्यो के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। डीएम सिंह गहरवार ने भदोही के सभी जन मानस की उपस्थिति हेतु आग्रह किया है।

### अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण का डीएम ने दिया निर्देश

**ज्ञानपुर।** विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज की सीमा विस्तार के सम्बन्ध में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक कलेक्टेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सहयुक्त नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उप्र वाराणसी द्वारा वर्तमान में समाहित 57 ग्रामों के अतिरिक्त विनियमित क्षेत्र सीमा विस्तार में कुल 51 ग्रामों को सम्मिलित करते हुए कुल 108 ग्रामों का संशोधित विनियमित क्षेत्र का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किए जाने हेतु बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर.गोपीगंज के मद से नपा परिषद गोपीगंज के विद्यालय के बाउंड्रीवाल का निर्माण, ईमली का पेड़, फासी स्मारक स्थल गोपीगंज, मीरजापुर रोड तिरहा, ज्ञानपुर तहसील रोड का निर्माण, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर से ग्रामीण क्षेत्रो में निर्माण हेतु नियत प्राधिकारी से मानचित्र पास कराने का प्रस्ताव पास करते हुए निर्देश दिया। डीएम ने विनियमित क्षेत्र व सभी नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जर्जर भवन दुकान स्वामियों को निर्धारित समय में ध्वस्तीकरण कराने का नोटिस जारी किया जाए। अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र द्वारा बताया गया कि 31 भू.स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। जिसपर जल्द ही कठोर कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने सभी लम्बित मानचित्र का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। डीएम ने जनपद में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर नियत प्राधिकारी द्वारा अविलंब कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण व वैधानिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

### दर्जनों अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम अश्वनी पांडेय ने तहसील क्षेत्र के गोपीगंज और जंगीगंज अल्ट्रासाउंड संचालित अस्पतालों का निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान निजी अस्पताल संचालको में हड़कम्प मचा रहा। औचक निरीक्षण में जेपी हॉस्पिटल, जननी हॉस्पिटल सहित दर्जनों हॉस्पिटल में कमियां पाई गई, जिसकी सूचना एसडीएम द्वारा डीएम को दे दी गई है। एसडीएम के रिपोर्ट के आधार पर अस्पतालों पर अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### प्रशासन ने कुष्ठ रोगियों को कंबल ओढ़ाकर किया सेवा कार्य

**भदोही।** शीतलहरी व कडाके की ठण्ड के मध्य डीएम के निर्देश के क्रम में तहसील भदोही एसडीएम व तहसीलदार द्वारा पिपरिस कुष्ट आश्रम में विकलांगो, वृद्धजनों व असहाय लोगों में कम्बल वितरित किया गया। डीएम ने बताया कि ठंड के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न चौराहों व महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है तथा सभी नगरीय निकायों में स्थाई/ अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। जनपद के अन्य तहसीलों में भी वृद्धजनों, गरीबों व असहाय लोगों को कंबल एवं गर्म वस्त्र का वितरण कर उनकी सेवा किया जा रहा है।

# मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** स्थानीय रामपुर गंगा घाट पवित्र स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बने और दान पुण्य किए।

स्नान पर्व को लेकर रामपुर गंगा घाट से लेकर गोपीगंज नगर तक जहां स्नान आढ़तियों की भीड़ रही वहीं क्षेत्र के सेमराध नाथ, चतुमुर्खी घाट, बिहरोजपुर घाट, गुलौरी घाट पर भी स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ी रही। इससे स्नान पर्व के अवसर पर भगवान शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन भी किया गया। हर हर महादेव हर हर गंगे की गूंज गूंजती रही। मौनी अमावस्या के पर्व पर सेमराधनाथ घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा में पुष्प की डुबकी लगाई। स्नान के बाद कुएं में विराजमान भगवान शिव को पुष्पा भांग धतूरा मिष्ठान नारियल भेंट कर सुख समृद्धि की कामना की। गंगा घाट से लेकर मंदिर तक उद्घोष के नारे लगते रहे। सुबह धूप निकलते ही क्षेत्र की श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर उमड़ती रही। गंगा स्नान के बाद महिलाएं पीपल के वृक्ष में दीप प्रज्वलित कर पुरोहित व भिखारियों को धन, वस्त्र, अन्न दान किया।



रामपुर गंगा घाट पर स्नार्थियों की भीड़

स्नान के बाद महिलाएं पीपल के वृक्ष में दीप प्रज्वलित कर पुरोहित व भिखारियों को धन, वस्त्र, अन्न दान किया। घाट पर पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रही।

### महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल

**ज्ञानपुर।** महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल हो गयी है। पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिसकर्मियों को बधाई दी है। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से महिला एवं बाल अपराध से सम्बंधित शिकायतों के त्वरितए समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए सख्त निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में जनपदीय पुलिस द्वारा महिला एवं बाल अपराध से सम्बन्धित अभियोगों के समयबद्ध निस्तारण में प्रदेश में पहले नम्बर की जानकारी प्राप्त हुआ एवं अन्य जनपदों को जनपद भदोही से महिला एवं बाल अपराधों से सम्बन्धित अभियोगों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से प्रदेशों की रैंकिग जारी की जिसमें उत्तर प्रदेश को 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रदेश में जनपद भदोही के प्रथम रैंकिग होने पर कर्मचारीगणों को बधाई दी गई। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से महिला एवं बाल अपराध के शिकायतों पर त्वरित समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# श्री राम जानकी मंदिर सुंदरवन कटेवना में गौशाला का डीएम ने किया लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज

**शुभारंभ**

**विधि विधान से पूजन करते हुए गौ माता को टीका, वस्त्र,गुड खिलाकर गौ संरक्षण पर दिया बल**



भदोही। द्वादश ज्योतिर्लिंग श्री राम जानकी मंदिर सुंदरवन कटेवना में नवनिर्मित गौशाला का जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शनिवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर मां राजलक्ष्मी मंदा ने जिलाधिकारी को द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं श्री राम जानकी मंदिर साइट का विजिट कराते हुए अपने धर्मार्थ व सेवार्थ कार्यों की जानकारी दी। डीएम ने विधि विधान से पूजन करते हुए गौ माता को टीका, वस्त्र ओढ़ाते हुए गुड व खिलाया। मां राजलक्ष्मी मंदा ने बताया कि निराश्रित बेसहारा छुट्टा छोड़े गए लगभग 40 गायों का उनके बृहद गौ संरक्षण केंद्र पर सेवा किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गौशाला में मवेशियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं है। ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाया जा रहा है। भूसा ,चारा, पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा समस्त गोवंश स्वस्थ अवस्था में है। जिलाधिकारी ने गौसंरक्षण के उनके कार्यों की सराहना किया तथा गोवंश के संरक्षण, स्वास्थ्य, चारा पानी इत्यादि पर बल दिया। इस अवसर पर गुरुजी मदन कुमार व औराई उपजिलाधिकारी लालबाबू दुबे सहित अन्य अधिकारी व श्रद्धालुगण, जनमानस उपस्थित रहे।

### राज्यस्तरीय क्रिकेट में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मछलीशहर को 43 रनों से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में शुक्रवार की रात हुई बरसात की वजह से शनिवार को एक ही मैच खेला जा सका। बारिश की वजह से पिच नम होने की वजह से मैच में शुक्रवार का दिन गेदबाजो के नाम रहा। दोनों टीमो के बल्लेबाज रनों के लिए तरस गये। आजाद स्पोर्ट्स क्लब मेढ़ी के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवरों के मैच में 13 वें ओवर में 75 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें धीरज यादव ने 38 रनों की नाबाद पारी खेली, दुर्गाचरन शुक्ला ने 12 रनों का योगदान किया। मछलीशहर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकुर यादव ने तीन विकेट झटके, राहुल शर्मा व अभिनव को एक एक विकेट मिला।जवाब में खेलने उतरी मछलीशहर की टीम की शुरूआत अच्छी नही रही, मात्र दस रन जोड़ने में ही मछलीशहर के तीन महत्वपूर्ण विकेट गिर गए।आजाद स्पोर्ट्स क्लब के चुस्त क्षेत्रक्षण व शानदार गेंदबाजी की वजह से मछलीशहर की पूरी टीम 12वें ओवर में 31 रन बनाकर आल आउट हो गयी।

# जन मानस की शिकायतों का निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**आयोजन**

**99 मामलों में सिर्फ 16 मामले का मौके पर निस्तारण**



तहसील औराई में फरियादियो की समस्याएं सुनते विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी.

**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उप जिलाधिकारी लाल बाबू दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसील भदोही में जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एव तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी( वि/रा) शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुन कर निस्तारण किया। तीनो तहसीलो में कुल 99 मामलें सामने आये जिसमे 16 मामलो का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष मामलें को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील औराई में कुल 38 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से मंडलायुक्त द्वारा 04 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 34 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी.ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



राघवेंद्र केसरी

# तपस्या की तपिश ने बनाया राजा को कोहिनूर

## मुफ्त की शिक्षा देकर कइयों का किया सपना साकार, नेट और जेआरएफ में कराया उत्तीर्ण

**वाराणसी।** कहा गया है जो व्यक्ति किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अर्जुन की निगाह रखता है वही सफलता की उंचाईयों तक पहुंचता है। जी हां संपूर्णनंद संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य राजा पाठक का जीवन भी कुछ ऐसा ही है। जो अपनी तपस्या की तपिश से समाज में कोहिनूर बनकर उभरें।







बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले राजा की शिक्षा दीक्षा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से संपन्न हुई। राजा के सर से बचपन में ही पिता का साया उठ गया। उस समय उनकी उम्र मात्र चार वर्ष ही थी। चार भाई और दो बहनों में राजा सबसे छोटे थे। पिता रामचंद्र पाठक पेशे से किसान थे। जिनके जाने के बाद मां कलावती देवी अपने छह बच्चों के पालन पोषण में जुट गईं। आर्थिक तंगी से जुझ रहा परिवार मुश्किलों से भोजन का इंतजाम ही कर पाता था। घर की स्थिति को देखते हुए सन 2004 में राजा बनारस के एक संस्कृत पाठशाला में शिक्षा के लिए चले आएं। जिसके बाद उन्होंने मन में कुछ बनने का ठाना और हाई स्कूल और इंटर पास करने के बाद बीएचयू में दाखिला लिया। फिर पीछे पलट कर नहीं देखा। राजा ने संस्कृत विषय से शास्त्री और आचार्य की उपाधि लेने के साथ 2013 में जेआरएफ उत्तिर्ण करने के बाद कंप्यूटर साइंस से पीएचडी पूरी की। इस दौरान उन्होंने खुद पर बिते दौर का संज्ञान लिया और गरीब बच्चों के सपनों को पूरा करने की राह पर निकल पड़े। राजा ने सन 2014 में नेट और जेआरएफ की तैयारी के लिए छात्रों को मुफ्त शिक्षा देनी शुरू की। जिसकी पहली कक्षा महामना की बगिया में स्थित विश्वनाथ मंदिर से की। जिसका दायरा बढ़ता चला गया। राजा ने शिक्षा को और भी जरुरतमंदों तक पहुंचाने के लिए कोविड काल में ऑनलाइन कक्षाओं की भी शुरूआत की। बता दें कि राजा की शिक्षा प्राप्त कर अबतक लगभग 900 छात्रों ने नेट और जेआरएफ की परीक्षा उत्तिर्ण की है। उन्हें भारत सरकार की ओर से डेलिगेट के रूप में साउथ कोरिया भी भेजा जा चुका है। यही नहीं राजा ने सन 2015 में यूनिवर्सिटी टॉप किया और पीएम के बुलावे पर गणतंत्र दिवस में प्रधानमंत्री के गेस्ट के तौर पर प्रधानमंत्री बॉक्स से गणतंत्र परेड का अवलोकन किया।

### इग्नू के छात्रों को ऑनलाइन देते हैं शिक्षा

डॉ. राजा पाठक इग्नू के एकेडमिक काउंसिल के तौर पर 250 बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा भी देते हैं। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूनिवर्सिटी असिस्टेंट डीन के पद पर भी उन्हें जिम्मेदारी दी गई है।

### युवाओं के लिए बन गए मिसाल

राजा युवाओं के लिए कए मिशाल के तौर पर उभरे और आज संपूर्णानंद जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय में आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। यही नहीं आज भी मुफ्त शिक्षा के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करते रहते हैं।

### एक साथ 50 से अधिक छात्र हुए थे उत्तीर्ण

जेआरएफ अचिवर्स की शिक्षा पाकर 2019 (जून) की नेट जेआरएफ परीक्षा में एकतरफा 50 से अधिक छात्रों ने बाजी मारी। बच्चों की इस बड़ी सफलता पर सभी के घर वाले और करीबी काफी उत्साहित थे।

### मां ने आखरी गहना बेच कर भरी थी फीस

पिता की मृत्यु के बाद राजा की मां ने उनके और उनके भाई बहनों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। राजा बताते हैं कि बीएचयू में स्नातक की फीस के लिए मां ने अपनी आखरी बचे गहने नाक की नथिया भी बेच दी थी। वह दिन मेरे लिए काफी कष्ट भरा था।

### स्कूल में किताब न रहने पर होती थी पिटाई

मां ने किताब का खर्च बचाने के लिए बड़े भाई और मेरा एक ही कक्षा में नाम लिखा दिया था। जिससे एक दिन भाई तो एक दिन मैं किताबें लेकर स्कूल जाते थे। शिक्षक किताब न रहने पर एक दिन मुझे तो एक दिन भाई की पिटाई भी कर देते थे।

### जेआरएफ अचीवर्स के नाम से देते हैं मुफ्त शिक्षा

राजा ने 2014 में जेआरएफ और नेट की तैयारी के लिए गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा देना शुरू किया। सेंटर पर छात्रों की संख्या ज्यादा होने से ऑनलाइन फार्म और मेरिट के आधार पर प्रवेश की व्यवस्था कर एक बैच में 250 छात्रों का प्रवेश लिया जाने लगा।

### यूरोप के कई देशों का कर चुके भ्रमण


राजा 2019 में युरोप के कई देशों का भ्रमण कर चुके हैं। जिसमें जर्मनी के हाइडिल वर्ग यूनिवर्सिटी में शोध के लिए भी जा चुके हैं। इसके अलावा स्वीडरजरलैंड, पेरिस इटली आदि देशों में भी शैक्षणिक भ्रमण किया है। इनको भारत सरकार की ओर से डलिगेट के तौर पर साउथ कोरिया भी भेजा जा चुका है।

# भारतीय कुश्ती पर लगा बड़ा ग्रहण तुरंत हो समाधान






लालजी पहलवान




मनोहर पहलवान



रामसेवक यादव



रामकिशुन पहलवान



खंझाटी पहलवान



वेदप्रकाश यादव



गजानन यादव

रामदुलार यादव

**चांदमारी।** भारत के योद्धाओं को देश की आन-बान-शान के लिए कड़ी मेहनत कर देश-विदेश से मेडल जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर रहे हैं। जब हाथों में मेडल लेकर तिरंगा लहराते हुए विदेशों में भारतीय राष्ट्रगान बजता है तो हर भारतीय का रोम-रोम हर्षित हो जाता है। वो कितनी परेशानियों-कठिनाइयों से मेडल जीतते है। इसकी कहानी खिलाड़ियों के आंखों से निकलते खुशियों के विजयी आंसू सब कुछ बयां कर देते हैं। ऐसे देश के कर्णधारों को खुद के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। देश का मान-सम्मान बढ़ाते-बढ़ाते अपने सम्मान को सरेआम नीलाम करना पड़ा, इसको लेकर काशी के पहलवानों में काफी रोष है। पहलवानों ने कहा कि भारतीय कुश्ती पर यह बड़ा ग्रहण है। इसका जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए।

काशी के पहलवान इस घटना को भारतीय कुश्ती संघ पर बहुत बड़ा ग्रहण मान रहे है। काशी के सांसद होने के नाते प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप कर तुरंत भारत के स्टार योद्धाओं को न्याय दिलाने मांग कर रहे है। काशी के पहलवानों का कहना है कि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष कोई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ही हो। हरहुआ विकास खंड के तेवर गांव निवासी हिंद केशरी, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट, यूपी केशरी, भारत कुमार आदि कुश्तियां जीत चुके लालजी पहलवान खिलाड़ियों के अपमान से काफी व्यथित है। वे कहते हैं कि जो पहलवान जो का सम्मान बढ़ता है, उसके सम्मान से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। सीबीआई से जांच करानी चाहिए। दोषी पाए जाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेट लतीफी नही तुरंत एक्शन लिया जाना चाहिए तभी कुश्ती की जीत होगी। चोलापुर विकास खंड के पंडापुर निवासी यूपी केशरी मनोहर महलवान इस घटना को भारतीय कुश्ती पर बहुत बड़ा ग्रहण मानते हैं। कहा कि देश के स्टार खिलाड़ियों को इस तरह से धरना देना पड़ रहा है। कुछ नहीं बहुत बड़ी गड़बड़ी है, क्योंकि छोटी-छोटी बातों को खिलाड़ी नजर अंदाज कर देते हैं। जल्द से जल्द इसका समाधान होना चाहिए अन्यथा भारतीय कुश्ती की हार होगी। प्रधानमंत्री खुद हस्तक्षेप कर न्यायिक जांच कराए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाय। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव ने कहा कि जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण के खिलाफ धरना देने वाले सब देश की आन-बान-शान है। ओलंपिक विजेता है। ओलंपिक में पदक कितनी मेहनत के बाद मिलता है। वो पीड़ा पहलवान शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकते। स्टार पहलवानों के धरने पर बैठना बहुत पीड़ा देता है। पहलवानों को न्याय मिलना चाहिए। उनकी शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष होने के नाते मैं काशी के पहलवानों की ओर से जंतर-मंतर पर धरना देने वाले भारत के सुर वीर पहलवानों का समर्थन करता हूं।

अटेसुआ निवासी यूपी केशरी रामकिशन पहलवान ने 'जाकी न फाटी पांव बेवायी सो का जाने पीर पराई' कहावत बताते हुए कहते है कि जिनके ऊपर आरोप लगा है, वो दर्द कोई क्या जानेंगे। कुश्ती संघ का अध्यक्ष पहलवान ही होना चाहिए, जो पहलवानों की दर्द को समझ सके। खंझाटी पहलवान ने कहा कि महिला पहलवानों ने जो गंभीर आरोप लगाए है। उसकी निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे दोबारा ऐसी घटना सुनाई न दे। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के जिला उपाध्यक्ष गजानन यादव कहते है कि इस घटना से पहलवानों में रोष व्याप्त है। देश की कर्णधार बेटियों का शोषण निंदनीय है। देश की बेटियों को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए पूरा संगठन धरना में शामिल सभी पहलवानों के साथ है। अंतर्राष्ट्रीय कोच वेदप्रकाश यादव ने कहा कि पहलवानों का गंभीर आरोप है। कमेटी बनाई गई है। दोषी लोगों को सजा दी जानी चाहिए।



छाया: शंकर चतुर्वेदी

### हिंदू धर्मशास्त्रों में मां सरस्वती की महिमा अनंत

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म के अनुसार हिंदू धर्मशास्त्रों में मां सरस्वती की महिमा अनंत है। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार 26 जनवरी को वसंत पंचमी मनायी जायेगी। बुद्धि, ज्ञान-विज्ञान व विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की इस दिन हर घरों व विद्यालयों में पूजा अर्चना की जायेगी। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि वसंत पंचमी के रूप में मनायी जाती है।इसे श्रीपंचमी के नाम से भी जाना जाता है। माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 25 जनवरी बुधवार को दिन में 12.35 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 26 जनवरी गुरुवार को प्रात: 10.29 मिनट तक रहेगी। भगवती सरस्वती को विद्या, बुद्धि व ज्ञान विज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी मान्यता है। विद्वत व विद्यार्थी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हर्षोल्लास व उमंग के साथ करते हैं। ज्ञान व विज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके हम अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होते हैं। इससे बौद्धिक व आध्यात्मिक दोनों ज्ञान की वृद्धि होती है। इस दिन पीत परिधान धारण करके मां सरस्वती की पूजा व आराधना फलदायी होती है। वसंत पंचमी के दिन धार्मिक मांगलिक आयोजन किये जाते हैं। इस दिन नव प्रतिष्ठान का शुभारंभ भी किया जाता है। इस दिन वैवाहिक लग्न के साथ हळी सोलह संस्कार भी संपादित होते है। इस दिन व्रत व उपवास रख कर पीत परिधान धारण करके मां सरस्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्हें पीली मिठाइयां व पीले फूल व ऋतु फल अर्पित करना चाहिए। उनकी महिमा में विविध स्त्रोत का पाठ करना भी लाभकारी होता है।



# आया वसंत आया...

## मौसम में घुला वसंती रंग

### छह ऋतुओं में ऋतुराज वसंत है सबसे सर्वोपरि

### वसंत पंचमी के दिन होलिका की होगी स्थापना

### खेतों में लहरा रहे सरसों के फूल

राधेश्याम कमल

आया वसंत आया, मौसम में घुल गये हैं वसंत का रंग। खेतों में चहुंओर पीली-पीला सरसों लहलहा रही है। मौसम में भी धीरे-धीरे बदलाव होता जा रहा है। वैसे तो छह ऋतुएं होती है इनमें शरद ऋतु, हेमंत ऋतु, शिशिर ऋतु, वसंत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु व वर्षा है लेकिन इन छह ऋतुओं में वसंत ऋतु सबसे सर्वोपरि है। यही वजह है कि वसंत ऋतु को ऋतुराज वसंत की संज्ञा दी गई है। इसकी खासियत यह है कि इस ऋतु में गर्म धूप व कंपकपाती ठंड नहीं होती है। लोगों में समसरता आ जाती है। चारों तरफ हर्षोल्लास व उमंग का माहौल हो जाता है। वसंत पंचमी के दिन ही होलिका की स्थापना भी होती है। वसंत पंचमी के दिन वाग्देवी की पूजा अर्चना करने का भी विधान है। पुराणों के मुताबिक इसी दिन वाग्देवी का प्राकट्य हुआ था। पुराणों के अनुसार वसंत पंचमी पर पीत रंग का काफी महत्व है। इसके पीछे वजह यह है कि वसंत के आगमन के साथ ही खेतों में सरसों के फूलों के साथ ही अन्य भी पीले रंग के पुष्पों की भरमार हो जाती है। कहते हैं कि पीत रंग समृद्धि व ऊर्जा का प्रतीक स्वरूप माना जाता है। पीत रंग हमें संतुलन व पूर्णता की ओर अग्रसर करता है। यही वजह है कि इस दिन सभी लोग पीत रंग के परिधान को धारण करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक सृष्टि की रचना के वक्त जब पृथ्वी मौन थी। पृथ्वी पर कहीं भी किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं थी। इस सूनसान को देख कर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु व महेश आश्चर्यचकित होकर एक-दूसरे को देखने लगे। त्रिदेव सृष्टि की इस रचना को देख कर खुश नहीं थे।त्रिदेव को ऐसा आभास हो रहा था कि इसमें कहीं न कहीं से कोई कमी रह गई है। इस पर ब्रह्मा ने भगवान शिव व भगवान विष्णु से अनुमति लेकर अपने कंमडल से अंजुलि में जल लेकर मंत्रोच्चारण करके उसे पृथ्वी पर छिड़क दिया। ब्रह्मा के ऐसा करते ही पृथ्वी पर हलचल होने लगा और उस स्थान पर एक शक्ति का प्रार्दुभाव हुआ। वहां एक शक्ति स्वरुपा मां भगवती के रूप में देवी का प्राकट्य हुआ। देवी के एक हाथ में वीणा व दूसरे हाथ में आशीर्वाद की मुद्रा में थीं।



उनके दूसरे हाथों में माला व पुस्तक भी थी। देवी भगवती को देख कर त्रिदेव ने उनको नमन किया। इसके साथ ही सभी ने उनसे वीणा वादन करने का आग्रह किया। त्रिदेवों के प्रार्थना व आग्रह के पश्चात मां भगवती ने वीणा वादन शुरु कर दिया जिससे समस्त लोकों में वीणा वादन की गूंज सुनायी पड़ने लगी। इसके चलते सभी भाव विह्वल हो गये। ऐसा आभास होने लगा कि सभी लोकों में हर्षोल्लास व उमंग का वातावरण हो गया। उस समय त्रिदेव ने मां भगवती को शारदा, सरस्वती व वाग्देवी, संगीत की देवी आदि नाम दिया। मां सरस्वती का यह नाम त्रिदेव का दिया गया है।